कोटा, बुधवार

19 फरवरी, 2020

मूल्य : 1 रुपए

पृष्ठ : 12

वर्ष : 7 अंक : 88

मिशन पत्रकारिता का प्रहरी

महानगर टाइम्स

www.mahanagartimes.com

जयपुर, कोटा, दौसा एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

महानगर टाइम्स
की प्रति प्राप्त करने के लिए इन नंबरों पर संपर्क करें।
मो. 9672984081
8107288197
(सुबह 10 से शाम 5 बजे)

अग्निकांड में घायल ने एसएमएस में दम तोड़ा 3 } टाटा की कारों पर 2 लाख तक का डिस्काउंट 8 } कबीर सिंह जैसा किरदार निभाना चाहते हैं वरुण धवन 11 }

होली से पहले तोहफा केंद्रीय कर्मचारियों को मिली बड़ी सौगात, सरकार ने पेंशन स्कीम को लेकर किया बड़ा ऐलान

एनपीएस से जुड़े सरकारी कर्मचारियों को 'पुरानी पेंशन स्कीम' में शामिल होने की छूट

महानगर संवाददाता

नई दिल्ली। सरकारी कर्मचारियों से जुड़ी पेंशन स्कीम को लेकर सरकार ने बड़ा फैसला लिया है. नए फैसले के तहत, सरकार ने नेशनल पेंशन प्राणली (एनपीएस) से जुड़े हैं सरकारी कर्मचारियों को 'पुरानी पेंशन स्कीम' में शामिल होने की छूट दी है. अगर आसान शब्दों में कहें तो केंद्रीय कर्मचारी जिन्होंने 1 जनवरी 2004 या उससे पहले सरकारी नौकरी शुरू की है. अब वो पुरानी पेंशन योजना का फायदा भी उठा सकते हैं, भले ही उनका अप्वाइंटमेंट इस तारीख के बाद हुआ हो. ऐसे कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना लाभ दिया जाएगा. दरअसल पुरानी पेंशन ओपीएस वह पेंशन योजना थी जिसमें पेंशन अंतिम ड्रॉन सैलरी के आधार पर बनती थी. ओपीएस में महंगाई दर बढ़ने के साथ (महंगाई भत्ता) भी बढ़ जाता था. जब सरकार नया वेतन आयोग लागू करती है तो भी इससे पेंशन में बढ़ोतरी होती है. आपको बता दें कि केंद्र में को पहली जनवरी 2004 से लागू किया गया था. इसके बाद नई पेंशन योजना आई. हालांकि सरकारी कर्मचारी इससे संतुष्ट नहीं हैं. वे पुरानी पेंशन योजना को अच्छा मानते हैं. सरकारी सेवा में रिक्रूटमेंट का रिजल्ट अगर 1 जनवरी 2004 से पहले डिक्लेयर हो चुका है लेकिन अप्वाइंटमेंट या ज्वाइनिंग पुलिस वेरिफिकेशन, मेडिकल एक्जाम के कारण लेट हुई तो इसके लिए कर्मचारी जिम्मेदार नहीं है. यह एडमिनिस्ट्रेशन की खामी है. इसलिए ऐसे कर्मचारियों को ह्ठ्ठद्व ह्लद्बद्वद्व ऑप्शन दिया जा रहा है. वे पेंशन विभाग को इस बारे में लिखें और पुरानी पेंशन का बेनिफिट लें. इसके लिए सरकार ने 31 मई 2020 तक का वक्त दिया है. पुरानी पेंशन एनपीएस से ज्यादा फायदेमंद है क्योंकि उसमें बेनिफिट ज्यादा हैं. इसमें पेंशनर के साथ उसका परिवार भी सुरक्षित रहता है. छूटे कर्मचारियों को अगर ह्वक्र का बेनिफिट मिलता है तो इससे उनका रिटायमेंट सिक्योर हो जाएगा. सरकारी आदेश में कहा गया है कि ह्वक्र के लिए एलिजिबल होने के बाद इन कर्मचारियों का ह्वक्र खाता बंद कर दिया जाएगा।



एनपीएस क्या है

1 जनवरी 2004 से नई पेंशन योजना लागू की है. वहीं कई राज्?यों में पहली अप्रैल 2004 से ह्वक्र लागू हुआ. खास बात यह है कि ह्वक्र में नए कर्मचारियों को रिटायरमेंट के समय पुराने कर्मचारियों की तरह पेंशन और पारिवारिक पेंशन के बेनिफिट नहीं मिलेंगे. इस योजना में नए कर्मचारियों से वेतन और महंगाई भत्ते का लिया जाता है. जबकि सरकार 14 प्रतिशत करती है।

रिटायमेंट पर मिलेंगा योजना से ज्यादा लाभ

सरकार ने सभी विभागों से इस आदेश को लागू करने को कहा है. केन्द्र सरकार ने 1 जनवरी 2004 में नई पेंशन योजना लागू की. इसके तहत नई पेंशन योजना के फंड के लिए अलग से खाते खुलवाए गए और फंड के निवेश के लिए फंड मैनेजर भी नियुक्त किए गए थे. अगर पेंशन फंड का शेयर बाजार, बॉन्ड में निवेश का रिटर्न अच्छा रहा तो ह्वक्र और पेंशन की पुरानी स्कीम की तुलना में नए कर्मचारियों को रिटायरमेंट पर अच्छा रिटर्न भी मिल सकता है.

न्यूज ब्रीफ

त्रस्त

70 स्तंभकारों के साथ बंद कमरे में संघ की 'बेहद गोपनीय' बैठक

महानगर संवाददाता

नई दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने अपने संगठन से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने के लिए मंगलवार को देशभर के 70 स्तंभकारों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। यह बैठक नई दिल्ली के छतरपुर में एक बंद कमरे में हुई। इस बैठक में संघ प्रमुख मोहन भागवत भी मौजूद थे। मंगलवार को हुई इस बैठक में देशभर से आए विभिन्न भाषाओं के 70 स्तंभकारों ने हिस्सा लिया। जानकारी के अनुसार, यह बैठक 'बेहद गोपनीय' थी।

दुनिया के सबसे अमीर शख्स है जेफ

बेजोस जलवायु परिवर्तन पर खर्च करेंगे 71 हजार करोड़ रुपये

विशेष संवाददाता

नई दिल्ली। दुनिया के सबसे अमीर शख्स और दिग्गज आईटी कंपनी अमेजन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जेफ बेजोस ने जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए करीब 71 हजार 419 करोड़ रुपये यानी 10 बिलियन डॉलर दान करने का एलान किया है। यह रकम उनकी कुल संपत्ति का 7.7 फीसदी है। जेफ बेजोस की संपत्ति करीब नौ लाख 28 हजार 444 करोड़ रुपये यानी 130 बिलियन डॉलर है। सोमवार को जेफ बेजोस ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर बताया।



अस्पताल से जारी किया वीडियो

अमर सिंह ने ट्वीट्र पर बच्चन परिवार से माफी मांगी

महानगर संवाददाता

नई दिल्ली। राज्यसभा सांसद अमर सिंह ने बच्चन परिवार और अमिताभ बच्चन से माफी मांगी है। उनका कहना है कि जिंदगी के इस मोड़ पर जब मैं जिंदगी और मौत से लड़ रहा हूं तब मुझे अपने बयान को लेकर पछतावा है। वीडियो जारी करते हुए सिंह ने कहा कि इतनी तल्खी के बावजूद यदि अमिताभ बच्चन उन्हें जन्मदिवस पर, उनके पिता की पुण्यतिथि पर मैसेज करते हैं मुझे अपने बयान पर खेद प्रकट कर देना चाहिए।



भीषण सड़क हादसा

6 की मौत और 20 लोग घायल

विशेष संवाददाता

कानपुर। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर सोमवार की देर रात एक सड़क हादसा हो गया. हादसे में तेज रफ्तार बस और कार में टक्कर हो गई, जिसमें करीब 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं 20 लोग घायल हो गए. हालांकि मौके पर पुलिस ने पहुंचकर राहत अभियान चलाया और बस में फंसे यात्रियों को किसी तरह निकाला. हादसा कानपुर के बिल्हौर स्थित मकनपुर कस्बे में रात 12:45 बजे हुआ. दिल्ली से बिहार जा रही बस के चालक को झपकी आ गई।

आश्चर्यजनक

लोगों के बैंक खातों में यहां अचानक आए हजारों रुपए, एटीएम के बाहर लगी भीड़

विशेष संवाददाता

कोलकता। पश्चिम बंगाल के वर्धमान में एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने सभी को चौंका दिया। यहां लोगों के बैंक खातों में अचानक हजारों रुपए जमा हो गए। लोगों को जब इसकी जानकारी लगी तो पैसे निकालने के लिए एटीएम के बाहर लोगों की भीड़ लग गई। बैंककर्मी भी इस बात से अंजान हैं कि आखिर खाताधारकों के बैंक अकाउंट में पैसे किसके द्वारा ट्रांसफर किए गए।

आतंकवाद पर पाकिस्तान को करारा झटका

एफएटीएफ ने ग्रे-लिस्ट में ही रखने की सिफारिश

विशेष संवाददाता

नई दिल्ली। आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को करारा झटका लगा है। एफएटीएफ के सब-ग्रुप ने आतंकवाद की वित्तीय मदद रोकने में विफल रहने पर पाकिस्तान को च्ये लिस्ट्ज में बने रहने देने की सिफारिश की है। हालांकि, आखिरी फैसला शुक्रवार को किया जाएगा। पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट में ही रखने को लेकर किया गया निर्णय एफएटीएफ के इंटरनेशनल को-ऑपरेशन रिव्यू ग्रुप (आईसीआरजी) की बैठक में लिया गया। पीटीआई सूत्रों ने बताया कि आईसीआरजी बैठक में एफएटीएफ के सब ग्रुप ने पाक को च्ये सूचीज्ञ में ही रखने को कहा है। शुक्रवार को जब एफएटीएफ में यह मुद्दा आएगा, तब इसपर अंतिम फैसला लिया जाएगा। बता दें कि एफएटीएफ की यह बैठक तब हो रही है, जब हाल ही में पाकिस्तान की एक कोर्ट ने मुंबई हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद को आंतकवाद के दो मामलों में 11 साल की सजा सुनाई है। माना जा रहा है कि यह फैसला एफएटीएफ और पश्चिमी देशों को खुश करने को लेकर आया है, ताकि पाक को ग्रे सूची से बाहर निकाला जा सके। भारत यह कहता रहा है कि पाकिस्तान लश्कर-ए-तैयबा (ख्रङ्ग), जैश-ए-मोहम्मद (छ्वद्गरू) और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे आतंकी समूहों को नियमित सहायता देता है, जिसका प्रमुख लक्ष्य भारत में हमला करना

एफएटीएफ की बैठक पेरिस में होगी

वहीं, फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने पाकिस्तान से धनशोधन और आतंक वित्तपोषण के दोषियों को कठघरे में लाने के लिए कानूनों को और कसने की मांग की है। आतंकवादियों को आर्थिक मदद रोकने की दिशा में काम करने वाली संस्था एफएटीएफ की बैठक पेरिस में 16 फरवरी से शुरू हुई और यह 21 फरवरी तक चलेगी।

सुप्रीम कोर्ट

कस्टडी की लड़ाई में हमेशा बच्चों का नुकसान होता है, वे भारी कीमत चुकाते हैं: सुप्रीम कोर्ट

विशेष संवाददाता

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि संरक्षण की लड़ाई में हमेशा ही बच्चों को नुकसान होता है और वे इसकी भारी कीमत चुकाते हैं। कोर्ट ने कहा कि बच्चे इस दौरान अपने माता-पिता के प्यार और स्नेह से वंचित रहते हैं जबकि इसमें उनकी कोई गलती नहीं होती है। सुप्रीम कोर्ट ने बच्चों के अधिकारों का सम्मान करने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि वे अपने माता-पिता दोनों के प्यार और स्नेह के हकदार होते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि तलाक से माता-पिता की उनके प्रति जिम्मेदारी खत्म नहीं हो जाती है। जस्टिस ए. एम. खानविलकर और जस्टिस अजय रस्तोगी की बेंच ने कहा कि संरक्षण के मामले पर फैसला करते समय अदालतों को बच्चे के सर्वश्रेष्ठ हित को ध्यान में रखना चाहिए क्योंकि संरक्षण की लड़ाई में वही पीड़ति है। बेंच ने कहा कि अगर मध्यस्थता की प्रक्रिया के माध्यम से वैवाहिक विवाद नहीं सुलझता है तो अदालतों को इसे जितना जल्दी हो सके सुलझाने की कोशिश करनी चाहिए क्योंकि इसमें लगने वाले हर दिन के लिए बच्चा बड़ी कीमत चुका रहा होता है। बेंच ने लंबे समय से वैवाहिक विवाद में उलझे एक दंपती के मामले में अपने फैसले में यह टिप्पणियां कीं।



बच्चे की भलाई ही पहला और सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा होता है

सुप्रीम कोर्ट ने बच्चे के संरक्षण के मामले का फैसला करते हुए कहा , बच्चे की भलाई ही पहला और सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा होता है और यदि बच्चे की भलाई के लिए जरूरी हो तो तकनीकी आपत्तियां इसके आड़े नहीं आ सकतीं ज्र बेंच ने कहा, च्हालांकि, बच्चे की भलाई के बारे में फैसला करते समय माता-पिता में से किसी एक के दृष्टिकोण को ध्यान में नहीं रखना चाहिए। अदालतों को बच्चे के सर्वश्रेष्ठ हित को सबसे ऊपर रखते हुए संरक्षण के मामले में फैसला करना चाहिए क्योंकि संरक्षण की इस लड़ाई में पीड़ति वही है।

विहिप नेता युवराज सिंह हत्याकांड

देशभर में फरारी काटने के बाद मास्टरमाइंड उदयपुर से गिरफ्तार

महानगर संवाददाता

उदयपुर। मध्य प्रदेश के चर्चित वीएचपी नेता युवराज सिंह हत्याकांड में मंगलवार को उदयपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली. उदयपुर में पुलिस ने मंदसौर में हुए इस हत्याकांड के मास्टरमाइंड दीपक तंवर को गिरफ्तार करते हुए इस मामले में ब?ा खुलासा किया है. दीपक तंवर पर मध्यप्रदेश में दस हजार रुपए का इनाम भी घोषित था. मंदसौर में 9 अक्टूबर को युवराज सिंह की हत्या हुई थी और हत्या का मुख्य आरोपी लंबे समय से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था. देश के विभिन्न शहरों में फरारी काटने के दौरान वह एक-दो बार उदयपुर भी रहा. उदयपुर पुलिस को पहले भी भनक लगी लेकिन उसे पकड़ने में सफलता हाथ नहीं लगी. बीती रात आरोपी दीपक तंवर उदयपुर से मध्यप्रदेश जाने की फिराक था लेकिन इसकी खबर पुलिस लगी और बस स्टेण्ड पर ही पुलिस ने उसे धर दबोच लिया. पुलिस ने दीपक के पास से एक अवैध बंदूक और दो जिंदा कारतुस भी बरामद किए हैं. मंदसौर में आरोपी दीपक तंवर केबल का व्यवसाय करता था और पहले भी उस पर कई मुकदमे दर्ज हैं. वीएचपी के नेता रहे युवराज सिंह भी केबल के व्यवसाय से जुड़े थे और इसी के चलते यह दुश्मनी पिछले लंबे समय से चली आ रही थी. दीपक तंवर ने इस घटनाक्रम के दौरान पुलिस को गुमराह करने की पूरी कोशिश की।



यूपी, बिहार में बारिश के आसार

विशेष संवाददाता

नई दिल्ली ।अब तक ठंड और बारिश की मार झेल रहे देश के ज्यादातर हिस्सों में पिछले एक हफ्ते में मौसम ने करवट बदली है। पिछले हफ्ते में बारिश ने उत्तर पूर्वी राज्य अरुणाचल व उत्तराखंड की तरफ ही गतिविधियां दिखाई वहीं देश के अन्य राज्यों में मौसम शुष्क बना रहा। लेकिन इस हफ्ते ऐसा नहीं होने वाला है। देश के उत्तर और दक्षिण दोनों में दो तरह के अलग मौसम का नजारा दिखाई देगा वहीं मध्य भारत में भी हालात कुछ ऐसे ही रहने वाले हैं। इस हफ्ते जहां उत्तर भारत में अच्छी बारिश



देखने को मिल सकती है वहीं दक्षिण भारत में गर्मी अपने तेवर दिखाने वाली है। मौसम की भविष्यवाणी करने वाली निजी एजेंसी स्कायमेट वेदर के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पाकिस्तान और उससे सटे जम्मू और कश्मीर पर बना हुआ है। ऐसा ही एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र उप हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम पर दिखाई दे रहा है। दूसरी ओर पश्चिमी मध्य प्रदेश पर बना विपरीत चक्रवात आगे बीते हुए दक्षिणी राजस्थान के करीब पहुंच गया है। इस वजह से अगले 24 घंटों में जम्मू-

कुछ शहरो में पारा 40 के पार

चक्रवाती सर्कुलेशन का निर्माण उत्तर-पश्चिमी राज्यों पर होगा

एजेंसी के अनुसार वेस्टर्न डिस्टर्बंस 20 फरवरी से पश्चिमी हिमालयी इलाकों पर असर डालेगा और इस वजह से एक चक्रवाती सर्कुलेशन का निर्माण उत्तर-पश्चिमी राज्यों पर होगा। इसके आगे बढ़ने के कारण अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से आने वाली हवाएं बादलों को निर्माण कारण तूफानी बारिश होने की आशंका जताई जा रही है। 21 फरवरी से पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार में कुछ जगहों पर बारिश होगी वहीं 22 फरवरी को यह आगे पूर्व की तरफ बढ़ते हुए बिहार और झारखंड को भी भिगो सकती है। वहीं 24 फरवरी तक इन तीन राज्यों में जगह-जगह पर हल्की बारिश के

272 एसोसिएट प्रोफेसर्स को मिलेगी सीएएस का लाभ

महानगर संवाददाता

जयपुर। राजस्थान यूनिवर्सिटी में लंबे समय से पदोन्नति की आस लगाए बैठे करीब 272 एसोसिएट प्रोफेसर्स को राज्य सरकार ने पदोन्नति का तोहफा दे दिया है। उच्च शिक्षा मंत्री भंवर सिंह भाटी ने वर्षों से लंबित पड़ी पदोन्नति प्रक्रिया को पूरी करने संबंधी अनुमति देते हुए कहा है कि विवि. की ओर से अब जल्द ही प्रक्रिया पूरी करनी होगी। उन्होंने कहा कि आगामी करीब एक माह के भीतर सीएएस के तहत पदोन्नति प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। पदोन्नति प्रक्रिया को हरी झंडी देते हुए मंत्री भाटी ने कहा कि पिछले कुछ सालों से राजस्थान विश्वविद्यालय देश की टॉप यूनिवर्सिटी की रैंकिंग की दौड़ से लगातार बाहर होता जा रहा था। हालात ये बन गए थे कि यदि सीएएस योजना का लाभ ना दिया जाता तो विवि. में इस साल के अंत में करीब छह प्रोफेसर्स ही होते। ऐसे में यूनिवर्सिटी की शिक्षण व्यवस्था भी प्रभावित हो सकती थी। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि अब उन्हें जल्द पदोन्नति मिल जाएगी और सभी को यूनिवर्सिटी को फिर से रैंकिंग में लाने के प्रयास करने चाहिए।

ट्रंप के दौरे से पहले बंदरगाह से सेटेलाइट फोन मिला

महानगर संवाददाता

अहमदाबाद। गुजरात में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दौरे के पहले ही सेटेलाइट फोन मिलने से हड़कंप मच गया है। सुरक्षा एजेंसियों ने राज्य के कांडला बंदरगाह के पास लावारिस अवस्था में सेटेलाइट फोन बरामद किया है। फिलहाल, इस संबंध में गुजरात पुलिस और गुजरात एटीएस की टीम जांच कर रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, यह सेटेलाइट फोन कांडला बंदरगाह के पास टापू से मिला है। इस सेटेलाइट फोन से हाईक्वालिटी ऑडियो जा सकता है।

बंधी मामला परिवहन विभाग में घूसखोरी के खुलासे पर गहलोत का बड़ा बयान

पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन अकेले मेरे कहने से नहीं होता: गहलोत

महानगर संवाददाता

जयपुर। शहर में परिवहन विभाग में मासिक बंधी को लेकर हो रहे भ्रष्टाचार के खुलासे के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का मंगलवार को एक बयान सामने आया है। सीएम गहलोत ने कहा कि हम बार-बार कहते हैं कि प्रशासन संवेदनशील, पारदर्शी और जवाबदेह होना चाहिए। लेकिन वो मेरे अकेले के कहने से नहीं होता है। इसके लिए हमारे मंत्रिमंडल के साथी, सभी विधायक, ब्यूरोक्रेसी के लोग सबको मिलकर ये संकल्प लेना होगा कि जिस जनता ने हमें यहां बड़े पदों पर बैठाया है। उन सबकी ड्यूटी है कि जनता की सुनवाई हो। चाहे वो ब्यूरोक्रेसी हो या जननेता। सरकार की भावना है कि संवेदनशील, पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन की भावना हो।

पूर्व मुख्यमंत्री जयनारायण व्यास की जयंती पर पीसीसी पहुंचे थे सीएम गहलोत: दरअसल, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रहे जयनारायण व्यास की जयंती पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी, मुख्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम रखा गया था। जहां सीएम गहलोत व अन्य वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं ने जयनारायण व्यास को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि



दी। इसके बाद गहलोत बाहर आए।

जहां मीडियाकर्मी द्वारा सवाल पूछा गया कि यदि कहीं गड़बड़ियां और अनियमितता कहीं होती है तो सरकार जीरो टॉलरेंस करती है। ऐसे में सरकार ने पारदर्शी, संवेदनशील और जवाबदेही को लेकर किस तरह मैसेज दिया है। तब सीएम गहलोत ने तमाम मंत्रीमंडल, विधायक और ब्यूरोक्रेसी के सामूहिक संकल्प के जरिए इस तरह की सरकार और प्रशासन देने की बात कही। इसके बाद मुख्यमंत्री के इस बयान को एसीबी कार्रवाई के बाद जोड़कर देखा जा रहा है।

जो कर्मचारी अधिकारी कर्मचारी कोताही बरतेगा, सरकार की उस पर नजर रहेगी: मुख्यमंत्री गहलोत ने यह भी कहा कि हम चाहेंगे कि जनता की सुनवाई सर्वोपरि हो और जो कर्मचारी-अधिकारी उसमें कोताही बरतेगा, सरकार की नज़र उस पर रहेगी। सुनवाई करना बहुत आवश्यक है। किसी का काम होगा या किसी का काम नहीं होगा। लेकिन प्रशासन सुनवाई नहीं करेगा तो फैसला कैसे कर सकता है। इसलिए हम चाहते हैं कि सरकार की जो योजनाएं हैं, वो जनता तक पहुंचे। सर्विस डिलिवरी अच्छी हो। इसमें हम लोग लगे हुए हैं। गत रविवार को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने दलालों के जरिये वाहन मालिकों को डरा-धमकाकर परिवहन विभाग के अफसरों द्वारा मासिक बंधी लेने का बड़ा खुलासा किया था।

बहुचर्चित मां बेटी हत्याकांड प्रकरण

पॉक्सो कोर्ट ने दो आरोपियों को सुनाई फांसी की सजा

महानगर संवाददाता

कोटा। जिले के बहुचर्चित मां बेटी के दोहरे हत्याकांड प्रकरण में आज पॉक्सो क्रम संख्या 4 ने सजा सुनाते हुए मुख्य आरोपी मस्तराम मीणा और उसके साथी लोकेश मीणा को फांसी की सजा सुनाई है, साथ ही आरोपियों पर 80 हजार रूपये जुर्माना भी लगाया है. 31 जनवरी साल 2019 को आरोपी मस्तराम मीणा ने अपने दोस्त के साथ मिलकर कोटा के स्टेशन इलाके में ज्वैलर्स के यहां ज्वैलरी और नकदी सहित 1 करो? की लूट की. लूटपाट के दौरान आरोपियों ने बेटी के साथ दुष्कर्म किया और फिर मां बेटी दोनों की नृशंस हत्या कर दी।


हत्याकांड के पांच दिन बाद 4 फरवरी को आरोपी मस्तराम और उसके दोस्त लोकेश मीणा को उसके गांव बूंदी के जिले तिरथ से पक?ा था. आरोपी मस्तराम मीणा ज्वैलर्स के यहां नौकर था. नौकरी छोडने के कुछ महिनों बाद उसे इस वारदात को अंजाम दिया था।

योगी सरकार ने किया यूपी के इतिहास का सबसे बड़ा बजट पेश

बजट में 10 हजार 967 करोड 87 लाख की नई योजनाएं शामिल

महानगर संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने वित्तीय वर्ष 2020-21 का बजट पेश कर दिया है। सरकार ने 5 लाख 12 हजार 860 करोड़ 72 लाख रुपये का बजट पेश किया है। पिछले वित्तीय वर्ष 2019-20 के मुकाबले यह बजट 33 हजार 159 करोड़ रुपये ज्यादा है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने यूपी के इतिहास का सबसे बड़ा बजट पेश किया है। बजट में 10 हजार 967 करोड 87 लाख की नई योजनाएं शामिल की गई हैं। बजट पेश करते हुये वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने योगी सरकार के पिछले कार्यकाल के दौरान किये गये विकास कार्यों की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने अपनी सरकार की प्राथमिकताओं का भी जिक्र किया। विकास के प्रति योगी सरकार की प्रतिबद्धता का जिक्र करते हुए सुरेश खन्ना ने ये पंक्तियां पढ़ीं, गैर परों से उड़ सकते हैं, हद से हद की दीवारों तक, अंबर तक तो वही उड़ेंगे, जिनके अपने पर होंगे।



धार्मिक स्थलों पर फोकस

अयोध्या में उच्च स्तरीय पर्यटक अवस्थापना सुविधाओं के विकास के लिए 85 करोड़ की व्यवस्था की गई है। साथ ही अयोध्या एयरपोर्ट के लिये 500 करोड़ दिये जायेंगे। जबकि तुलसी स्मारक भवन के लिए 10 करोड़ की व्यवस्था हुई है। इसके अलावा वाराणसी में संस्कृति केंद्र की स्थापना के लिए 180 करोड़ दिये गये हैं। वहीं, पर्यटन इकाई के प्रोत्साहन के लिए 50 करोड़ की व्यवस्था है। गोरखपुर के रामगढ़ ताल में वाटर स्पोर्ट्स के लिए 25 करोड़ रुपये की व्यवस्था है। जबकि काशी विश्वनाथ मंदिर के लिए 200 करोड़ रुपये दिये जायेंगे।

यूपी में होगा देश का सबसे लंबा गंगा एक्सप्रेस वे

यूपी में देश का सबसे लंबे गंगा एक्सप्रेस वे का निर्माण कराया जाएगा। सुरेश खन्ना ने कहा कि मेरठ से प्रयागराज तक इस एक्सप्रेस वे का निर्माण कराया जाएगा।

स्वच्छ भारत मिशन के लिए 5791 करोड़ रुपये

स्वच्छ भारत मिशन के लिए 5791 करोड़ रुपये। आगरा मेट्रो के लिए 286 करोड़ रुपये। कानपुर मेट्रो के लिए 358 करोड़ रुपये। वाराणसी, प्रयागराज, लखनऊ और आगरा इलेक्ट्रिक बसें चलेंगी।

महिला सुरक्षा पर ध्यान


सुरेश खन्ना ने कहा कि काम करने वाली महिलाओं को रात के 10 बजे से सुबह 6 बजे तक घर पहुंचाने के लिए 112 नंबर पर सिर्फ कॉल करना पड़ता है। पुलिस इसके बाद उन्हें उनके घर पहुंचाएगी।

हड़ताल करने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई शुरू, पटना सिटी के दो शिक्षक बर्खास्त



महानगर संवाददाता

पटना। बिहार में मैट्रिक की परीक्षा चल रही है। इसी दौरान नियोजित शिक्षकों ने हड़ताल कर दिया है। सरकार ने शिक्षकों की हड़ताल को अवैध घोषित करते हुए सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी थी। अब हड़ताली शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई है। मंगलवार को पटना सिटी के दो शिक्षकों को बर्खास्त कर दिया गया। डीईओ ज्योति कुमार ने शिक्षक मनोज कुमार और मुस्तफा आजाद की बर्खास्तगी का पत्र जारी किया। दोनों पर मैट्रिक परीक्षा के दौरान वीक्षण कार्य नहीं करने का आरोप है। शिक्षक संघर्ष समिति के नेता मार्कण्डेय पाठक ने इसे सरकार की तुगलकी कार्रवाई बताया है। उन्होंने पत्र वापस लेने की



मांग की है। इसके साथ ही चेतावनी दी है कि अगर डीईओ अपना पत्र वापस नहीं लेते हैं तो शिक्षक उग्र आंदोलन करेंगे। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव ने नियोजित शिक्षकों की हड़ताल को अवैध घोषित करते हुए सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी थी। उन्होंने आदेश दिया था कि मैट्रिक परीक्षा संचालन, वीक्षण और मूल्यांकन में व्यवधान उत्पन्न करने वाले शिक्षकों को बर्खास्त कर वर्तमान नियोजन प्रक्रिया से ही इन रिक्तियों पर नए शिक्षकों की नियुक्त की जाए।

सुपरटेक कालोनी के तीन फ्लैटों के तोले तोड़े

महानगर संवाददाता

पाकबड़ा (मुरादाबाद)। नया मुरादाबाद स्थित सुपरटेक अपार्टमेंट में चोरों ने दिन दहाड़े तीन फ्लैटों के ताले तोड़कर नकदी समेत लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। गजब यह रहा कि जिस समय चोर एक फ्लैट को खंगाल रहे थे, उसकी मालकिन आ गईं और उन्होंने चोरों को देखकर शोर भी मचाया पर चोर भाग निकले। हंगामा होने पर पता चला कि बाकी मकानों के भी ताले टूटे हैं। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंच गई और मौका मुआयना किया। रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दे दी गई है। नया मुरादाबाद की सुपरटेक कालोनी के डी ब्लाक स्थित फ्लैट नंबर 706 में रहने वाली मधु जैसल दोपहर एक बजे खरीदारी करने मुरादाबाद गई थीं। चोरों ने इनके फ्लैट के ताले तोड़ दिए और यहां से सोने चांदी के जेवर व अन्य सामान चोरी कर लिया। इसके बराबर में एफ सीआई में तैनात मनोज कुमार का फ्लैट नंबर 705 है। चोरों ने इनके फ्लैट का भी ताला तोड़ दिया। चोर 704 फ्लैट के ताले तोड़कर अंदर घुस गए और महंगे सामान की तलाश शुरू की। इसी दौरान फ्लैट की मालकिन सरिता तोमर आ गई। फ्लैट में घुसे चोर सरिता को देखकर वहां से भागने लगे और सरिता ने भी शोर मचा दिया। बावजूद इसके चोर सीढ़ियों से उतरकर भाग निकले। महिला ने अपने फ्लैट का दरवाजा बंद करने के बाद फोन से अपने पति को इसकी जानकारी दी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। दिन दहाड़े चोरी की इस घटना से अपार्टमेंट में हड़कंप मच गया। चोरी की इस घटना से लोगों में पुलिस और सुपरटेक सोसाइटी के खिलाफ आक्रोश है। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मौके मुआयना किया। पाकबड़ा थाना प्रभारी ने बताया कि केस दर्ज किया जा रहा है।

विदेशी शिपिंग कंपनियों की मनमानी पर लगेगी रोक

महानगर संवाददाता

मुरादाबाद। विदेशी शिपिंग कंपनियों की मनमानी पर रोक लगाने के लिए चेयरमैन कस्टम एंड इंडायरेक्ट टैक्स डा. जॉन जोसेफ ने चीफ कमिश्नर और सभी कस्टम कमिश्नरों को पत्र जारी किया है। विदेशी शिपिंग कंपनियों के साथ बैठक करके शिपिंग चार्ज के लिए एक रोस्टर तैयार करने की कोशिश होगी। फिलहाल एक कंटेनर के लिए निर्यातकों को 72 हजार रुपये देने पड़ते हैं। अकेले मुरादाबाद से सालभर में करीब 60 हजार कंटेनर जाते हैं। ईपीसीएच के पूर्व चेयरमैन सतपाल ने बताया कि उन्होंने यह मुद्दा रेवेन्यू सेक्रेटरी के सामने उठाया था कि विदेशी कंपनियों का शिपिंग चार्ज ज्यादा है। इसे 10 से 15 हजार तक कम करने के लिए कोशिश करनी चाहिए। विदेशी शिपिंग कंपनियां मनमानी से चार्ज बढ़ाती हैं। इस पर रोक लगाते हुए कोई रेगुलेटरी अथॉरिटी गठित की जानी चाहिए जो शिपिंग चार्ज तय कराए। सोमवार को इंडायरेक्ट टैक्स एंड कस्टम के चेयरमैन डा. जॉन जोसेफ ने इस बाबत एक पत्र चीफ कमिश्नर कस्टम और देश के सभी कस्टम कमिश्नर को जारी किया है। इसमें कहा गया है कि चीफ कमिश्नर और अन्य कस्टम कमिश्नर विदेशी शिपिंग कंपनियों के साथ इस बारे में वार्ता करेंगे। शिपिंग चार्ज कम करने के लिए इनसे बात होगी। इसके साथ ही एक रेगुलेटरी अथारिटी के गठन पर चर्चा होगी ताकि भविष्य में विदेशी शिपिंग कंपनियां अपनी मनमर्जी से शिपिंग चार्ज नहीं बढ़ा सकें।

अमरोहा जेल के लिए जमीन फाइनल : डीआईजी

महानगर संवाददाता

मुरादाबाद। डीआईजी जेल मुख्यालय लव कुमार मुरादाबाद पहुंचे और उन्होंने जिला कारागार का निरीक्षण किया। वह करीब दो घंटे तक कारागार रहे। इस दौरान उन्होंने जेल का कोना कोना खंगाला। इस दौरान उन्होंने बंदियों की समस्याएं भी सुनीं। इसके बाद उन्होंने बताया कि जेल में 652 बंदियों को रखने की क्षमता है। जबकि वर्तमान 3092 बंदी हैं। मुरादाबाद के अलावा संभल और अमरोहा के बंदी भी इसी जेल में रखे गए हैं। उन्होंने बताया कि अमरोहा में जेल के लिए जमीन फाइनल हो गई है। जल्द ही जमीन की खरीद की जाएगी। सोमवार सुबह उन्होंने अमरोहा में जेल के लिए प्रस्तावित जमीन देखी। उनका कहना है कि जमीन लगभग फाइनल हो गई है। शासन और मुख्यालय को रिपोर्ट सौंपी जाएगी। अमरोहा में जेल निर्माण होने से मुरादाबाद की जेल में बंदियों की संख्या कम हो जाएगी। मुरादाबाद में भी नई जेल के लिए मूंढापांडे के सिरसखेड़ा में जमीन खरीदी गई है। जल्द ही जेल निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि खाने की गुणवत्ता में सुधार के निर्देश दिए गए हैं।

साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिए जाएं। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के 26 जेलों में रेडियो जेल की स्थापना की गई है। रेडियो जेल में केवल गाने ही नहीं, समाचार भी सुनाए जाते हैं। इसके अलावा बंदियों की अनुरोध पर गाने भी सुनाए जाते हैं।

नीतीश अब गोडसे वालों के साथ, गांधी-गोडसे एक साथ नहीं चल सकते : प्रशांत किशोर

महानगर संवाददाता

पटना। राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने मंगलवार को अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर प्लान का ऐलान कर दिया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रशांत किशोर के निशाने पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रहे और उनके भारतीय जनता पार्टी के साथ गठबंधन पर सवाल खड़े किए। इस दौरान पीके ने कहा कि आज नीतीश कुमार उनके साथ हैं जो नाथूराम गोडसे की विचारधारा को मानते हैं, लेकिन गांधी और गोडसे एक साथ नहीं चल सकते हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रशांत किशोर ने कहा, 'मेरा और नीतीश जी का संबंध राजनीतिक नहीं रहा, वो मुझे अपना बेटा मानते थे। लेकिन आज नीतीश जी उनके साथ हैं जो नाथूराम गोडसे की विचारधारा को मानते हैं। सच्चाई ये है कि महात्मा गांधी और नाथूराम गोडसे एक साथ नहीं चल सकते हैं'।

प्रशांत किशोर ने कहा कि नीतीश कुमार के लिए सवाल है कि आप गांधी और गोडसे को एक साथ लेकर कैसे चल सकते हैं। उनके लिए सवाल ये भी है कि वो कबतक किसी का पिछलग्गू बनकर कुर्सी पर बने रहना चाहते हैं। पीके ने कहा कि नीतीश कुमार और बीजेपी का संबंध नया नहीं है, लेकिन आज की बीजेपी और पहले की बीजेपी में ज़मीन-आसमान का अंतर है।

बिहार में विकास लेकिन स्थिति अब भी 2005 जैसी



जनता दल (यू) में उपाध्यक्ष की भूमिका निभा चुके प्रशांत किशोर ने मंगलवार को एक नई लकीर खींचने का ऐलान किया। पीके ने नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा कि वो पंद्रह साल की सत्ता का दावा करते हैं लेकिन क्या बिहार में तरक्की हुई, विशेष दर्जा मिला? पीके ने कहा कि बिहार में विकास हुआ है, मैं इस बात को मानता हूं। लेकिन विकास के 20 बड़े मानकों में आज भी बिहार की स्थिति 2005 जैसी है। इसी साल होने वाले बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले प्रशांत किशोर का इस तरह पूरी तरह से अलग हो जाने का ऐलान कर देना नई हलचल पैदा कर सकता है। आपको बता दें कि पिछले कुछ समय में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने कई ऐसे बयान दिए हैं, जो विवादित रहे हैं। फिर चाहे साध्वी प्रज्ञा के द्वारा नाथूराम गोडसे को देशभक्त बताना हो या फिर हाल ही में दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान की गई बयानबाजी हो।

मैं किसी का एजेंट नहीं हूं

प्रशांत ने कहा कि मैं क्या हूं और क्या बनूंगा यह नीतीश कुमार के कहने से तय नहीं होगा। यह मेरे कर्मों से तय होगा। मैंने नरेंद्र मोदी के साथ काम किया है। यह सब जानते हैं। मैं किसी का एजेंट नहीं हूं। मुझे किसी के सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं है। प्रशांत ने कहा कि नीतीश कुमार से मेरा संबंध पिता-पुत्र की तरह रहा है। उनके साथ मेरा संबंध राजनीति से अलग परिवार जैसा है। मैं 2014 में सबसे पहले नीतीश कुमार से मिला था। पार्टी में शामिल करने या इससे पहले भी उन्होंने मुझे बेटे की तरह स्नेह दिया।

मेरठ में जमातियों पर हमला, सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश

महानगर संवाददाता

मेरठ। मेरठ में सरधना के ईकड़ी-पाथौली मार्ग पर सोमवार शाम 32 जमातियों पर शरारती तत्वों ने हमला बोल लिया। जिसमें तीन जमातियों



को गंभीर चोट आई हैं। गुस्साए जमातियों ने सड़क पर जाम लगाकर हंगामा किया। मामले के सांप्रदायिक रूप लेने से पहले ही पुलिस पहुंच गई और स्थिति को संभाल लिया। जमातियों पर हमला कर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की गई। हमले की जानकारी लगते ही ईकड़ी गांव के सैकड़ों लोग लाठी- डंडे लेकर बाहर आ गए थे। इससे पहले माहौल गर्माता देख पुलिस ने गांव को छावनी में तब्दील कर दिया। सीओ व एसओ रात तक लोगों को समझाते रहे। गणमान्य लोग भी माहौल को संभालने में जुटे रहे। देर रात तक सरधना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने को लेकर जिद्दोजहद चलती रही। ईकड़ी गांव में लौट रही लिसाड़ीगेट की जमात पर सरधना में हमले की सूचना आग की तरह फैली। बताया गया कि जमातियों पर एक समुदाय के शरारती तत्वों ने लाठी-डंडे से हमला कर दिया। जिसमें तीन जमातियों को चोट भी आई। इसके बाद ईकड़ी गांव के लोग वहां पर पहुंच गए। बताया गया कि ईकड़ी गांव के बाहरी हिस्से में एक समुदाय के लोग रहते हैं। हमले का पता लगते ही वह भी लाठी-डंडे लेकर दौड़ पड़े। तब तक सीओ सरधना और एसओ सरधना भी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। जमातियों ने नाराजगी जताकर जान का खतरा बताया। गनीमत रही कि दूसरे समुदाय के लोग वहां नहीं पहुंचे। पुलिस ने जमातियों को समझाया कि हमला करने वालों पर कार्रवाई होगी। माहौल गर्माता देखकर पुलिस ने स्थानीय जिम्मेदार लोगों को वहां पर बुलाया। पुलिस का कहना है कि शरारती तत्वों ने माहौल बिगाड़ने के लिए यह हमला किया है। पुलिस इसकी गंभीरता से जांच कर रही है।

आईजी ऑफिस से पुलिस लाइन तक जमकर बखेड़ा, महिलाओं से मारपीट, दरोगा को देख फैला आक्रोश



महानगर संवाददाता

मेरठ में दरोगा के उत्पीड़न से क्षुब्ध होकर टीपीनगर थाने में आत्मदाह करने वाले टेंपो चालक अश्वनी प्रकरण में सोमवार को आईजी ऑफिस से पुलिस लाइन तक जमकर बखेड़ा हुआ। पीड़ित परिवार दरोगा की गिरफ्तारी की मांग लेकर आईजी को शिकायत पत्र देकर निकला तो पास ही आरोपी दरोगा के टकराने पर परिवार के लोग आक्रोश में आ गए। दरोगा महिलाओं से हाथापाई कर वहां से भागकर पुलिस लाइन में जा घुसा। पीछे-पीछे लोग भी पहुंच गए। आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने आरोपी दरोगा का पक्ष लेकर महिलाओं से अभद्रता, खींचतान और मारपीट की। सीओ सिविल लाइन पर भी महिलाओं से मारपीट करने का आरोप है। सात लोगों को जबरन हिरासत में ले लिया। बाद में भाजपा और कांग्रेसियों ने थाने में हंगामा कर उन्हें छुड़वाया।

12 जनवरी 2020 को टेंपो चालक अश्वनी ने टीपीनगर थाने में आत्मदाह कर लिया था। आरोप है कि थाने में तैनात दरोगा राजदेव पूनिया के उत्पीड़न से तंग आकर अश्वनी ने जान दी थी। जिस पर दरोगा पर केस दर्ज हुआ था। पीड़ित पक्ष दरोगा की गिरफ्तारी की मांग करता आ रहा है जबकि पुलिस उसे फरार बता रही है। दरोगा की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सोमवार को अश्वनी के भाई प्रशांत व रितेश, पड़ोसी रिंकू, छोटू और आधा दर्जन से ज्यादा महिलाएं आईजी ऑफिस पहुंची थीं। आईजी को शिकायती पत्र देकर परिवार ऑफिस से निकला ही था कि पास ही दरोगा राजदेव पूनिया सादी वर्दी में बुलेट पर आता दिखाई दिया। अश्वनी के भाई प्रशांत ने दरोगा की बुलेट बाइक रोककर भाई के साथ किए उत्पीड़न का कारण पूछा तो दोनों में नोकझोंक हो गई। प्रशांत ने बाइक की चाबी निकाल ली। महिलाओं ने कहा कि पुलिस तो तुम्हें फरार बता रही है और तुम यहां घूम रहे हो। आरोप है कि चाबी निकालने पर दरोगा ने एक महिला को थप्पड़ मार दिया। हाथापाई के बाद लोगों में आक्रोश फैला तो दरोगा बाइक छोड़कर वहां से भागा और पुलिस लाइन में घुस गया। परिवार के लोग पीछा करते हुए पुलिस लाइन में पहुंच गए।

एक्सप्रेस-वे पर बेकाबू वॉल्वो बस ने डिवाइडर तोड़ फार्च्यूनर को मारी टक्कर, 6 की मौत

महानगर संवाददाता

कानपूर। बिल्हौर थानाक्षेत्र के आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के फ्लाईओवर पर सोमवार देर रात करीब 1 बजे अनियंत्रित तेज रफ्तार वॉल्वो बस डिवाइडर पार कर दूसरी दिशा से आ रही फार्च्यूनर से टकरा गई। टकराने के बाद बस फ्लाईओवर से नीचे गिर गई। हादसे में फार्च्यूनर सवार सभी पांच लोगों के साथ बस चालक की भी मौके पर ही मौत हो गई। बस में सवार एक दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। पुलिस ने राहत कार्य शुरू किया है। घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। थाना प्रभारी जनार्दन प्रताप सिंह ने बताया कि एक्सप्रेस-वे पर मकनपुर और अरौल के बीच 215 नंबर माइल स्टोन के पास हादसा हुआ। आगरा से लखनऊ की ओर जा रही वॉल्वो बस के चालक को झपकी आ गई। इससे बस अनियंत्रित होकर दूसरी लेन में चली गई और लखनऊ की ओर से आ रही फार्च्यूनर से सीधे टकरा गई। इसके बाद फ्लाईओवर से नीचे जा गिरी। टक्कर इतनी तेज थी कि फार्च्यूनर के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सभी पांच लोगों की मौकेपर ही मौत हो गई। घटना के वक्त



वॉल्वो बस में अधिकतर यात्री सो रहे थे। हादसे में यात्री भी घायल हुए हैं जिन्हें बिल्हौर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। पुलिस ने बताया कि मृतकों की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

सोनपुर में शादी समारोह में भोज खाने के बाद 50 से अधिक लोग अस्पताल में भर्ती



महानगर संवाददाता

सोनपुर। सोनपुर प्रखंड के कल्याणपुर पंचायत के बैजलपुर केशो गांव में रविवार की रात एक शादी समारोह में भोज खाने से बाद सोमवार की सुबह से शाम तक में 50 से अधिक लोग बीमार पड़ गए। सभी को उल्टी, दस्त, पेट में दर्द और बुखार की शिकायत पर उन्हें यहां के अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भोज खाने वाले ये सभी लोग फूड प्वाइजनिंग के शिकार हुए हैं। अस्पताल में मरीजों और उनके परिजनों की भीड़ से अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। सूचना के बाद छपरा के सिविल सर्जन डॉ माध्वेश्वर झा भी सोनपुर अनुमंडल अस्पताल पहुंचे और मरीजों का हाल जाना। बताया जा रहा है कि सोनपुर के बैजलपुर केशो गांव में रविवार की रात अखिलेश सिंह के घर पर शादी थी। शादी के बाद वधू पक्ष ने बरातियों तथा गांव के लोगों और सगे संबंधी के लिए भोजन की व्यवस्था की थी। खाना खाने के बाद सोमवार की सुबह से अचानक लोगों को पेट में दर्द, उल्टी दस्त, चक्कर आना शुरू हो गया। इनमें बच्चे की संख्या सबसे ज्यादा थी। हालांकि अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ हरिशंकर चौधरी ने सभी लोगों को खतरे से बाहर बताया है। उन्होंने कहा कि फूड प्वाइजनिंग का मामला है।

राज्यपाल की सुरक्षा में चूक, काफिले में घुसी गाड़ी, डीएम समेत कई अफसरों के वाहन क्षतिग्रस्त

महानगर संवाददाता

रामपुर। रामपुर दौरे के दूसरे दिन उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबंन पटेल की सुरक्षा में बड़ी चुक की खबर सामने आ रही है। मंगलवार को राज्यपाल के काफीले में अचानक एक तेल की गाड़ जा घुसी। घटना में डीएम रामपुर समेत कई अफसरों के वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

मालूम हो कि राज्यपाल सोमवार को ही रामपुर पहुंचीं हैं। यहां पहुंचकर उन्होने कई कार्यक्रमों में शिरकत किया। रामपुर पहुंचते ही वो रजा लाइब्रेरी के पुरस्कार वितरण व विज्ञान प्रदर्शनी में शामिल हुईं। इसके बाद उन्होंने पढ़े रामपुर बढ़े रामपुर कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने तमाम स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ बैठक की। वहीं आज सुबह राज्यपाल ने डॉ एपीजे अब्दुल कलाम विशिष्ट अतिथि गृह में एसपी संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन में सलामी गार्ड द्वारा सलामी स्वीकार की। जिसके बाद वह गांधी समाधि पहुंचीं। उन्होंने मनोहरपुर स्थित जूबलैंड एग्रीकल्चर रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया।

गया में प्रतिबंधित नक्सली संगठन से जुड़ने के आरोप में नौ महिलाएं गिरफ्तार

महानगर संवाददाता

गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्र ने बताया कि रविवार की शाम हिरासत में ली गई इन महिलाओं से केंद्रीय एजेंसी पूछताछ कर रही है। उन्होंने बताया कि खुफिया एजेंसी की रिपोर्ट मिली थी कि रविवार को कुख्यात नक्सली कमांडर संदीप यादव के निर्देश पर करीब चार दर्जन से अधिक नक्सली गया रेलवे स्टेशन परिसर आ रहे हैं, जो विरोध मार्च में शामिल होंगे। राजीव ने बताया कि हिरासत में ली गयी महिलाओं में शामिल कलावती देवी के खिलाफ पुलिस के साथ मुठभेड़ करने के आरोप में लुटुआ थाना में प्राथमिकी दर्ज है। उन्होंने दावा किया कि पूछताछ में कलावती देवी ने बताया कि रुपया देकर महिलाओं को विरोध मार्च में शामिल होने के लिए लाया गया था। राजीव ने बताया नक्सली कमांडर संदीप यादव ने विरोध मार्च में शामिल होने के लिए कलावती देवी को निर्देश दिया था। उन्होंने बताया कि कलावती ने स्वीकार किया कि नक्सली संगठन के शीर्षस्थ कैडर सीएए, एनपीआर और एनआरसी के विरोध में है। रविवार की शाम गया रेलवे स्टेशन परिसर से सीएए,एनपीआर और एनआरसी के विरोध में निकाला गया मार्च कटारी रोड स्थित शांतिबाग पहुंचा।

शहर के नामी होटल से लाखों की नकदी सहित जेवरात से भरा बैग चोरी

महानगर संवाददाता

जयपुर। राजधानी के मोती डूंगरी थाना इलाके स्थित एक नामी होटल में चोरी की वारदात हुई है चोर यहां चल रहे शादी समारोह में से लाखों रूपए की नकदी सहित जेवरात से भरा बैग चुरा कर ले गए। पुलिस मामला दर्ज कर घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने में लगी हुई है। जांच-अधिकारी एसआई राकेश कुमार ने बताया कि गोकुल वाटिका, जवाहर सर्किल निवासी अंशुमान डड्ढा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि 16 फरवरी की दोपहर करीब एक बजे होटल ग्रांड उनियारा में बेटी की मेहन्दी रस्म का कार्यक्रम चल रहा था। नकदी और ज्वैलरी वाला बैग बड़ी बेटी के पास था। वह किसी काम से बैग को कुर्सी पर रखकर चली गई, थोड़ी देर बाद आई तो बैग गायब मिला। बैग में चार लाख रूपए की नकदी और पांच-पांच ग्राम सोने के बीस सिक्के रखे हुए थे। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

सूने मकान में हुई साढ़े पांच लाख की चोरी



महानगर संवाददाता

अजमेर. रामगंज थाना क्षेत्र के अजयनगर में एक बार फिर चोरों ने सूने मकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया. जहां चोरों ने दिनदहाड़े मकान का ताला तोड़कर लगभग साढ़े पांच लाख की नगदी और जेवरात पर हाथ साफ कर लिया.रामगंज थाना पुलिस ने पीड़ति की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर, अनुसंधान शुरू कर दिया है. पुलिस कर्मी के अनुसार अजयनगर सरकारी अस्पताल के पीछे एल-124 निवासी लख्मीचंद ने बताया कि उनकी पत्नी बाजार गई हुई थी. जबकि पुत्र वधु की तबीयत खराब होने की वजह से, वह दवाई लेकर मकान के ऊपरी हिस्से में सो रही थी. शाम को उनकी पत्नी जब घर लौटी, तो मकान के ताले टूटे मिले. चोर अलमारी का लॉकर तोड़कर, सोने की चेन, अंगूठी और मंगलसूत्र सहित नकदी चोरी कर ले गए. चोरी हुए माल की कीमत लगभग सा? पांच लाख बताई जा रही है. मकान मालिक लख्मीचंद ने जानकारी देते हुए बताया कि चोर अलमारी का लॉक तोड़ने के दौरान जख्मी भी हुए हैं. क्योंकि अलमारी के आसपास खून के धब्बे मिले हैं. साथ ही दीवार और वॉशबेसिन में भी खून मिला है. पुलिस ने घटनास्थल से खून के नमूने भी उठा लिए हैं.

फसल के बीच अफीम की खेती, 770 पौधे किए जब्त

महानगर संवाददाता

बीकानेर. अवैध मादक पदार्थों की तस्करी को लेकर पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए तस्करों ने नया तोड़ निकाला है. तस्करों द्वारा अन्य फसलों के साथ अफीम की खेती का मामला सामने आया है. जिसमें खेत में अन्य फसलों के बीच 770 अफीम के पौधे लगाए गए थे. जिला पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अफीम के पौधों को जब्त कर लिया है. बीकानेर रेंज आईजी जोस मोहन और जिला पुलिस अधीक्षक प्रदीप मोहन शर्मा की सख्ती के बाद जिला पुलिस की विशेष शाखा टीम को अफीम की खेती की सूचना मिली थी. सूचना पर पांचू और देशनोक पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की. जिसमें पांचू थाना क्षेत्र के जांगलू गांव में तुलसीराम पुत्र मोहनराम के खेत की जांच की गई. जिसमें अन्य फसल के साथ करीब 2 बीघा खेत में अफीम के 770 पौधे पाए गए. जिन्हें मौके पर ही पुलिस ने उखाड़ कर जब्त कर लिया. हालांकि, इस कार्रवाई के दौरान खेत मालिक तुलसीराम नहीं मिला. पुलिस ने मादक पदार्थ अधिनियम के तहत आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है.

पांचू थानाधिकारी जसवीर कुमार ने बताया कि सूचना मिलने के बाद मौके पर की गई कार्रवाई में खेत मालिक तुलसीराम नहीं मिला. वहीं जीरे की फसल के साथ तुलसीराम ने बीच-बीच में अफीम के पौधे लगा रखे थे।

मिलावटखोरों के खिलाफ जयपुर ग्रामीण पुलिस की कार्रवाई

टैंकर में भरे अमूल दूध में पानी मिला रहे दो जने दबोचे

महानगर संवाददाता



जयपुर। ग्रामीण जिला पुलिस ने मंगलवार को रेनवाल इलाके में कार्रवाई करते हुए टैंकर से अमूल दूध निकाल कर पानी मिलाने वाले दो लोगों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस अधीक्षक शंकरदत्त शर्मा ने बताया कि इस कार्रवाई को अंजाम देने वाले ग्रामीण जिला पुलिस स्पेशल टीम के प्रभारी हेमराज मीणा ने रेनवाल थाना इलाके में बागावास के पास स्थित एक होटल में दबिश देकर इस गिरोह का भंड़ाफोड किया है। यह टैंकर दूदू से दूध से भरकर धारूहेड़ा ले जाया जा रहा था। लेकिन बीच में ही टैंकर चालक ने चालाकी कर टैंकर को होटल पर खड़ा कर दिया और टैंकर में लगे जीपीएस को दूसरी कार में लगाकर उसे रवाना कर दिया। जिससे की लोकेशन में टैंकर चलता हुआ दिखाई दे। चालक ने होटल पर टैंकर खड़ा कर इसमें से 5 ड्रमों में भरकर करीब 700 लीटर दूध निकाल लिया और फिर पानी की मोटर चलाकर टैंकर में निकाले गए दूध की पूर्ति करने के लिए वापस पानी मिला दिया। लेकिन ग्रामीण पुलिस की टीम पूरे खेल पर नजर बनाई हुई थी। जैसे ही चालक ने पूरी घटना को अंजाम दिया पुलिस की टीम ने अलसुबह करीब पांच बजे दबिश देकर दूध से भरे ड्रम, 24 हजार लीटर दूध से भरा टैंकर, सील तोड़ने के उपकरण, पानी की मोटर और जनरेटर को जब्त कर इन्हें गिरफ्तार कर लिया।

वहीं , इस मामले को लेकर होटल मालिक की भूमिका भी सामने आई है। जिसके बाद पुलिस ने होटल मालिक हरसोली निवासी शंकर जाट, ट्रेकर चालक अजीतगढ़ निवासी मोहनलाल स्वामी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों से पूछताछ में सामने आया कि इस दूध में मिलावट करने वाले इस गिरोह के मुख्य सरगना श्रीमाधोपुर निवासी सुरेंद्र बिजारनिया, गोरिया निवासी राजेन्द्र उर्फ राजू सामोता व हंसराज है। जिनकी तलाश के लिए पुलिस टीमे उनके सम्भावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

नाबालिग विमंदित बच्ची से ज्यादती का प्रयास, आरोपी रिश्तेदार गिरफ्तार

महानगर संवाददाता

जयपुर। जवाहर नगर थाना इलाके में एक वहशी दरिंदे ने हैवानियत की हदें पार करते हुए नाबालिग विमंदित बच्ची से ज्यादती का प्रयास किया। इस समबन्ध में पीड़िता के पिता की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी रिश्तेदार को गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी जय सिंह बसेरा ने बताया कि घटना सोमवार सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे की जवाहर नगर कच्ची बस्ती की है। वहां रहने वाली चौदह साल की विमंदित पीड़िता घर पर अकेली थी इस दौरान पड़ौस में रहने वाला रिश्तेदार अमरचंद (24) वहां आया और मौका पाकर बच्ची को निर्वस्त्र कर ज्यादती का प्रयास करने लगा। पीड़िता चिल्लाई तो आरोपी भाग गया। इसके बाद मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की गई, जिसे मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

अग्निकांड में घायल ने एसएमएस में दम तोड़ा

महानगर संवाददाता

जयपुर। सीकर जिले के शेखपुरा में पिछले सप्ताह हुए सलेंडर धमाके में झुलसे दर्जन भर से ज्यादा लोगों में अभी भी आधा दर्जन की हालत गंभीर बनी हुई है। उधर चालीस से नब्बे प्रतिशत तक झुलसे लोगों में से अब तक चार की मौत हो चुकी है। तीन ने सोमवार शाम तक और एक अन्य ने देर रात एसएमएस अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृतकों के परिजनों को एक-एक लाख रुपए की सरकारी सहायता दी जा रही है। इस हादसे में अब तक दो केस दर्ज कराए गए हैं। पुलिस इन मामलों की जांच कर रही है। गौरतलब है कि पिछले सप्ताह सलेंडर लीकेज के दौरान अचानक धमाका हो जाने के बाद करीब सोलह लोगों को झुलसी हालत में जयपुर और सीकर के अस्पतालों में भर्ती कराया गया था।

फेसबुक पर पोस्ट किया सुसाइड नोट,होटल में फंदा लगाकर जीवनलीला समाप्त की

महानगर संवाददाता

जयपुर। राजधानी के करधनी थाना इलाके स्थित एक होटल में सोमवार रात को वहां ठहरे युवक ने पहले फेसबुक पर सुसाइड नोट पोस्ट किया और फिर बाद में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। शिनाख्त के बाद मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

जांच-अधिकारी एएसआई दिलीप ने बताया कि गिरनार साउथ, गांधी पथ निवासी प्रभाकर सोनी (20) सोमवार शाम को अपने घर से निकला था जोकि थाना इलाके के निवारू रोड स्थित उषा होटल में रात को ठहर गया। रात को उसने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

प्रारम्भिक जांच में सामने आया कि मृतक ने मरने से पहले अपने साथ लाए लेपटॉप से फेसबुक पर आत्महत्या करने की बात लिखी। जिसे जर्मन में रहने वाले एक रिश्तेदार ने पढ कर परिजनों को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। लेकिन इससे पहले ही मृतक फंदे से लटक चुका था। मंगलवार सुबह कर्मचारियों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

शरीर के हिस्से दान कर दफन करना - मृतक ने फेसबुक पर करीब चार पांच पन्नो का सुसाइड नोट लिखा है जिसमे उसने कहा है कि मेरे पोस्टमार्टम के बाद, कृपया डॉक्टरों को मेरे शरीर से जो कुछ भी हो सकता है उसे उबार दें और मेरे शरीर के अधिकांश हिस्सों को दान करने का प्रयास करें। मुझे दफन कर दो। मैं अंतिम संस्कार नहीं करना चाहता। मुझे पता है कि मैं एक विशिष्ट हिंदू परिवार में पैदा हुआ था और आप शायद मेरे अवशेषों का दाह संस्कार करेंगे। लेकिन अगर आप ऐसा करते हैं, तो कम से कम मेरी राख को गंगा के पानी में न फेंकें। इसके बजाय, एक हवादार दिन पर, पास की एक ऊँची इमारत पर जाएँ और मुझे हवा में फेंक दें। मैं यह निर्णय लेने के लिए किसी को विशेष रूप से फंसाता या दोष नहीं देता। मैं बस कुछ चीजें अपने परिवार के सदस्यों को उन लोगों द्वारा अवगत कराना चाहता हूं जो उन्हें जानते हैं और इसे पढ़ रहे हैं।

पार्किंग को लेकर महिला से की बदसलूकी-मारपीट, फटे कपड़े



महानगर संवाददाता

जयपुर- राजस्थान की राजधानी जयपुर में महिलाओं के प्रति हिंसा की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं. जयपुर में पार्किंग को लेकर एक महिला के साथ ना सिर्फ बदसलूकी की गयी बल्कि मारपीट का मामला भी सामने आया है. राजधानी जयपुर के श्यामनगर थाना इलाके में एक महिला के साथ बदसलूखी और मारपीट हुई है. पीड़ति महिला के मुताबिक वह देवी मगर स्थित एक अस्पताल में अपने बुखार पीड़ति बच्चे को दिखाने के लिए डॉक्टर के पास गयी थी. उसी दौरान उसने वहां अपनी गाड़ी खड़ी कर दी, जिसे लेकर सामने एक प्रॉपर्टी डीलर और उसके परिवार ने मिलकतर महिला के साथ ना सिर्फ बदतमीजी की बल्कि मारपीट तक कर डाली. इस दौरान महिला के कपड़े फट गए. महिला ने अपने पति को फोन कर बुलाया तो पति के साथ भी आरोपी पक्ष ने मारपीट की. उधर मामला श्यामनगर थाने जा पहुंचा जहां पीड़ति पक्ष ने एफआईआर दर्ज करवायी तो दूसरे पक्ष ने भी क्रॉस एफआईआर दर्ज करवाई. इसी दौरान वह पक्ष थाने पर ही पीड़ति पक्ष को धमकाने लगा और देख लेने की धमकी भी दी. हालांकि, मामले को लेकर पुलिस ने दोनों पक्षों के एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

सीसीटीवी में कैद हुए दो संदिग्ध बाइक सवार, पुलिस जांच में जुटी



महानगर संवाददाता

नागौर. जिले में लिफ्ट देने के बहाने विवाहिता के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस को घ्टश्ज्ञङ्क फुटेज मिला है. जिसमें 2 युवक विवाहिता को अपने साथ बाइक पर बैठाकर ले जा रहे हैं.

दरअसल, नागौर पुलिस को सीसीटीवी फुटेज मिला है. जिसमें मानासर बस स्टैंड पर कैमरे में दोनों संदिग्ध आरोपी बाइक पर विवाहिता को नागौर से खजवाना लेकर जाते दिख रहे हैं. पुलिस अब घ्टश्ज्ञङ्क के आधार और कॉल डिटेल के आधार पर मामले की जांच को आगे बढ़ा रही है. पुलिस का दावा है कि उनके हाथ कुछ महत्वपूर्ण सुराग लगे हैं और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा. आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक सेल की टीम का गठन किया गया है. पूरे मामले में दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर कई संदिग्धों से पूछताछ कर रही है. पीड़ति का नागौर के जवाहरलाल नेहरू अस्पताल में मेडिकल मुआयना कराया गया है. इसके अलावा 161 के बयान भी दर्ज किए गए हैं. 11 फरवरी को विवाहिता नागौर के मुंडवा रोड से खजवाना जाने के लिए मानासर बस स्टैंड पर बैठी थी. तभी दो लड़के उसके पास आए. उन्होंने उसे घर छोड़ने के बहाने अपनी बाइक पर बिठाया और रोड पर सुनसान जगह पर ले गए।

अजमेर सेंट्रल जेल में पहुंचा जहर, बंदी ने खाया अचेत मिला

महानगर संवाददाता

अजमेर। प्रदेश की जेलों में मोबाइल फोन पहुंचने के मामले तो समय समय पर सामने आते रहे हैं लेकिन अब अजमेर सेंट्रल जेल से बड़ा मामला सामने आया है। जेल में एक बंदी के पास सुसाइड़ करने के लिए जहर पहुंचाया गया। यह जहर किसने पहुंचाया, इसकी पड़ताल की जा रही है। जहर खाने के बाद बंदी अचेत हालत में अपने वार्ड में मिला तो उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार अजमेर सेन्ट्रल जेल में बंद कैदी रमेश बेसुध अवस्था में मिला। उसे तत्काल जेल प्रशासन ने अजमेर सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया और मामले की जांच शुरु कर दी है। जेल प्रशासन अब जेल में तैनात प्रहरियों से इस बारे में जानकारी जुटाने की कोशिश कर रहा है।

वीडियो कोच बस ने मारी ट्रैक्टर ट्रॉली को टक्कर, चालक की मौत

महानगर संवाददाता

जयपुर। चौमूं थाना इलाके में मंगलवार अलसुबह तेज रफ्तार से आ रही एक वीडियोकोच बस ने ईटों से भरे ट्रैक्टर-ट्राली को टक्कर मार दी। इस हादसे में ट्रैक्टर-ट्राली चालक गंभीर रुप से घायल हो गया और कुछ देर बाद ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों के हवाले कर दिया।

थानाधिकारी हेमराज गुर्जर ने बताया कि हादसा सुबह पांच बजे नेशनल हाइवे 52 के भोजलावा कट के पास हुआ था। जहां ट्रैक्टर-ट्राली ईटें भर कर जयपुर की तरफ जा रहा था। इस दौरान एक बीकानेर-सीकर की तरफ से तेज रफ्तार से आ रही एक वीडियोकोच बस ने ईटों से भरे ट्रैक्टर-ट्राली को टक्कर मार दी। इस हादसे में चालक प्रहलाद दुसाद (45) निवासी सामोद गंभीर रुप से घायल हो गया और कुछ देर बाद ही उसकी मौत हो गई। इस हादसे के बाद चालक बस छोड कर मौके से भाग निकला। पुलिस ने वीडियोकोच बस को जब्त कर नम्बरों के आधार पर चालक की तलाश कर रही है।

दुष्कर्म मामले में हेड कांस्टेबल गिरफ्तार

महानगर संवाददाता

भरतपुर। महिला के साथ छेड़छाड़ और दुष्कर्म के मामले में फरार हेड कांस्टेबल को पुलिस ने बीती रात गिरफ्तार कर लिया. आरोपी ने 2 सितंबर 2019 को महिला का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म किया था। जिसकी रिपोर्ट महिला ने थाने में दर्ज करवाई थी। जिसके बाद पुलिस की ओर से ये कार्रवाई की गई है। मथुरा गेट थाने पर 2 सितंबर 2019 को एक हेड कांस्टेबल के खिलाफ उसकी पडोस में रहने वाली एक महिला ने छेडछाड और दुष्कर्म का मामला दर्ज करवाया था। जिसकी फाइल महिला उत्पीड़न प्रकोष्ठ एसटी एससी सेल में भेजी गई। इसके बाद हेड कांस्टेबल को दोषी पाए जाने के बाद निलंबित कर दिया गया और उसका ट्रांसफर भीलवाडा कर दिया गया।

11 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद, तस्कर गिरफ्तार

महानगर संवाददाता

जयपुर। प्रताप नगर थाना पुलिस ने सोमवार रात गश्त के दौरान एक तस्कर को पकड़कर उसके कब्जे से 11 ग्राम ब्रॉउन शुगर बरामद की है।

थानाधिकारी पुरुषोत्तम महरिया ने बताया कि वजीरपुरा जिला सवाईमाधोपुर निवासी रुकम सिंह (30) को रात्रि गश्त के दौरान द्वारकापुरी सर्किल प्रताप नगर से गिरफ्तार किया गया है और 11 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई। प्रारम्भिक जांच में सामने आया कि आरोपित इलाके में ब्राउन शुगर की सप्लाई करने आया था। फिलहाल आरोपित तस्कर का आपराधिक रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है।

साढ़े पांच लाख की स्मैक सहित 4 तस्कर गिरफ्तार

पुलिस को शक ना हो, गाडी में महिला को रखते थे साथ

महानगर संवाददाता



जयपुर। शिवदासपुरा थाना पुलिस ने मंगलवार को ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करते हुए एक महिला सहित चार तस्करों को गिरफ्तार कर साढ़े पांच लाख रूपए की स्मैक बरामद की है। वहीं तस्करी में प्रयुक्त सफारी गाडी को जब्त किया गया है।

थानाधिकारी इंद्राज मरोडिया ने बताया कि प्रताप नगर निवासी मधु नरुका (35), दीपक चौधरी उर्फ छल्ला (20), भगवान् सहाय उर्फ पप्पू केडिया (28) और मॉडल टाउन निवासी निक्की उर्फ नरेंद्र मीणा (35) को मुखबिर की सूचना पर टोल प्लाजा के पास से गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से दस ग्राम स्मैक बरामद कर तस्करी में प्रयुक्त सफारी गाडी जब्त की गई है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि दीपक चौधरी उर्फ छल्ला और पप्पू केडिया खुद भी स्मैक का सेवन करते थे वहीं आरोपित पुलिस से बचने के लिए महिला को अपने साथ रखते थे। ताकि नाकाबंदी पर आसानी से निकला जा सके। पूरे नेटवर्क के खुलासे को लेकर पुलिस आरोपितों से पूछताछ में जुटी है।

मोबाइल शॉप पर लाखों की चोरी

महानगर संवाददाता

भीलवाड़ा। शहर के भीमगंज थाना क्षेत्र में बेखोफ हुए चोरो ने बीती रात एक मोबाइल शॉप पर लाखों की चोरी वारदात को अंजाम दिया है।

मिलन टॉकीज के निकट स्मार्ट गैलरी मोबाइल शॉप के संचालक राजकुमार शर्मा के अनुसार, बीती रात चोरों ने उसकी दुकान पर धावा बोला और दुकान के शटर को अंट लगाकर तोड़ने के बाद अंदर प्रवेश कर सार-संभाल करते हुये 40 से 45 कीमती फोन चुरा लिये। इनमें सेमसंग, विवो और ओपो कंपनी के मोबाइल शामिल हैं। इन मोबाइल की कीमत प्रति पीस 10 से 30 हजार रुपये तक की बताई गई है।

गैंगस्टर ने पुलिसकर्मियों पर लगाए आपराधिक गुटों को चलाने के आरोप



महानगर संवाददाता

कोटा. अजमेर जेल में बंद गैंगस्टर शिवराज सिंह को क?ी सुरक्षा के बीच सोमवार को कोर्ट लाया गया था. जहां कुन्ह?ी थाना सीआई ने जाप्ते के साथ गैंगस्टर को कोर्ट में पेश किया. शिवराज सिंह को किसी भी शख्स से मिलने की इजाजत नहीं थी. जैसे ही गैंगस्टर अदालत परिसर में घुसा उसने चीख-चीख कर कोटा पुलिस पर आपराधिक गुटों के नेटवर्क को चलाने का आरोप लगाया. गैंगस्टर शिवराज ने कोर्ट परिसर में कुछ पुलिसकर्मियों का नाम लेते हुए बोला कि जब तक इनके जैसे लोग कोटा में रहेंगे तब तक गैंगवार खत्म नहीं होंगे. गैंगस्टर ने कोटा पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि क्रिकेट के सट्टे से लेकर जमीनों की खरीद फरोख्त और अवैध वसूली भी पुलिसकर्मी करते हैं. उसने कहा कि जब तक कोटा पुलिस किसी गैंग को सपोर्ट करना बंद नहीं करेगी, तब तक यही हालात रहेंगे. बता दें कि बहुचर्चित ब्रजराज हत्याकांड मामले में सोमवार को एडीजे क्रम- 5 में सुनवाई हुई. क?ी सुरक्षा के बीच गैंगस्टर शिवराज सिंह को कोर्ट में पेश किया गया. बुलेट फरूफ गा?ी, कमांडो और सादी वर्दी में पुलिस कर्मी भी तैनात रहे. एक डीएसपी, दो थानों के सीआई भी मौके पर मुस्तैद रहे. करीब 2 घंटे तक कोर्ट परिसर छावनी में तब्दील रहा।

वारदात

पुलिस ने नकली सोने की मूर्ति बताकर रुपए ठगने वाले गिरोह का खुलासा किया

सोने की नकली मूर्ति के जरिए 11 लाख की ठगी करने वाले 4 गिरफ्तार

महानगर संवाददाता



कोटा. शहर के उद्योग नगर थाना पुलिस ने नकली सोने की मूर्ति बताकर रुपए ठगने वाले गिरोह का खुलासा किया है. पुलिस ने गैंग के 4 सदस्यों को गिरफ्तार किया है. जिन्होंने बांदीकुई निवासी एक व्यक्ति को सोने की नकली मूर्ति देकर सा? 11 लाख रुपए ठग लिए थे.मामले के अनुसार बांदीकुई निवासी गिर्राज प्रसाद सैनी ने बताया कि उसकी मिठाई की दुकान है. जहां पर साल भर पहले एक व्यक्ति आया और खुद को बिजली विभाग का ठेकेदार बताते हुए अपने पिता का एक्सीडेंट होने की बात कर 50 हजार रुपए उधार ले गया. जिसके कुछ समय बाद फोन उठाना बंद कर दिया. वहीं, जब उससे संपर्क हुआ तो उसने कहा कि पैसे लेने हो तो कोटा आओ और ले जाओ.

वहीं, जब गिर्राज सैनी पैसे लेने कोटा आया तो दूसरे व्यक्ति ने कहा कि उसके पास पैसे नहीं है. लेकिन वो उसे सोने की मूर्ति कम पैसों में दे सकता है. क्योंकि उसे बेटे की शादी के लिए पैसे की जरूरत है. उसकी बातों में विश्वास करते हुए गिर्राज गांव से दोस्त को साथ लेकर कोटा आ गया. यहां पर इंडस्ट्रीज एरिया में 4 व्यक्ति कार में आए और कपड़े में लिपटी सोने की मूर्ति देकर सा? 11 लाख रुपए लेकर चले गए थे.

इस मामले में उद्योग नगर थाना पुलिस ने पीड़ति गिर्राज सैनी की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज किया गया और बदमाशों को तकनीकी अनुसंधान और मुखबिर की मदद से तलाश शुरू कर दी. इस मामले में कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को बारां से गिरफ्तार किया गया है.

गिरफ्तार हुए आरोपी बारां जिले के निवासी हैं. जिनमें सुरेंद्र कुमार, घनश्याम लोहार, भैरू लाल योगी और शराफत अली मेवाती शामिल है, चारों ने जुर्म कबूल कर लिया है. जिसके बाद मंगलवार को उन्हें न्यायालय में पेश किया जाएगा।

एसीबी का हेड कांस्टेबल ठगी का शिकार

महानगर संवाददाता

अजमेर. जिले में साइबर क्राइम करने वाले शातिर अब तकनीक में काफी हाई-फाई हो चुके हैं. यहां तक की ऐसे अपराधियों पर शिकंजा कसने वाले खुद भी इनके शिकार बन रहे हैं. अजमेर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में ऐसा हि एक मामला सामने आया है, जहां भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के हेड कान्स्टेबल की साइबर ठगों ने अपना शिकार बना लिया.मामले का पता चलते ही ब्यूरो के कॉन्स्टेबल ने सिविल लाइन थाने पर अज्ञात हैकर के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है. जिसके बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है. बता दें कि सिविल लाइन थाने के थाना प्रभारी रवीश कुमार सांमरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि एसीबी कार्यालय के हेड कांस्टेबल के पद पर भागचंद ने शिकायत दर्ज कराई है कि किसी अज्ञात शातिर ने गत 15 फरवरी को उसकी फेसबुक आईडी को हैक कर लिया. आईडी हैक करने के बाद हैकर ने उसका गलत इस्तेमाल कर कॉन्स्टेबल के परिचित को मैसेज कर अपने खाते में 20 हजार रुपए भी डलवा लिए. वहीं भागचंद का कहना है कि उसका परिचित कल उसके घर पर आया और उसके खाते में जमा कराए गए 20 हजार रुपए वापस मांगे तो वह हक्का-बक्का रह गया. उसने परिचित से कहा कि उसने ऐसा कोई मैसेज उसे भेजा ही नहीं. लेकिन ठग द्वारा किए मैसेज दिखाया तो खुद के साथ हुई ठगी का एहसास हुआ. थाना प्रभारी रवीश ने बताया कि एसीबी कार्यालय के हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात भागचंद की शिकायत पर अज्ञात हैकर के खिलाफ आईपीसी धारा 420 के तहत मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई है।





श्रीसीताराम मंदिर का पुनर्निर्माण एवं प्राण-प्रतिष्ठा

महानगर संवाददाता

भरतपुर। नदबई तहसील के गुदावली में बोहरे स्व. रामसिंह, नारायण लाल पाराशर की ओर से वर्ष 1929 में निर्मित श्रीसीताराम मंदिर में 16 फरवरी को मंदिर पुनर्निर्माण एवं प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके अगले दिन 17 फरवरी को प्रसादी वितरण एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समस्त ग्रामवासियों एवं श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसादी का आनंद उठाया।

पूर्व मंत्री एवं विधायक दौसा ने किया उद्यम समागम का शुभारंभ

प्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार हरसंभव प्रयासरत : मुरारीलाल

महानगर संवाददाता

दौसा। पूर्व मंत्री एवं विधायक दौसा मुरारीलाल मीना ने कहा कि प्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा देने एवं उद्यमियों के उत्पादन का निर्यात करवाने के लिए राज्य सरकार द्वारा हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। ग्रामीण हाट दौसा में जिला उद्योग केंद्र दौसा एवं एमएसएमई जयपुर के तत्वावधान में मंगलवार को आयोजित उद्यम समागम को संबोधित करते हुए विधायक मुरारीलाल मीना ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लघु उद्योग स्थापित करने के लिए युवाओं में चेतना जागृत करें तथा मिलने वाले फायदों के बारे में अवगत कराएं, ताकि युवा सरकारी सर्विस छोड़कर निजी क्षेत्र में आकर अपना भविष्य बनाने की सोचें। सरकारी नौकरी आए दिन कम होती जा रही है, सरकारी कार्यालयों को निजी क्षेत्रों में दिया जा रहा है, इससे सरकारी क्षेत्र में नौकरी पाना मुश्किल होता जा रहा है। उन्होंने युवाओं से कहा कि व्यक्ति जितनी प्रोग्रेस प्राइवेट क्षेत्र में कर सकता है, उतनी सरकारी सेवा में आकर नहीं कर सकता। दौसा विधायक ने कहा कि जिले का नाम सुनकर कोई भी बड़ा उद्योगपति उद्योग लगाने को तैयार नहीं होता है। इसके समाधान के लिए हमें जिले में शांति व भाईचारे का वातावरण बनाकर मिसाल देनी है, ताकि कोई भी बड़ा उद्योगपति दौसा जिले में आकर उद्योग लगाए, जिससे गरीबों को रोजगार मिल सके।

बांदीकुई विधायक जीआर खटाना ने कहा कि गरीबों को रोजगार उपलब्ध करवाने तथा युवाओं को उघु उद्योगों से जोड़ने के लिए जिले में उद्योग हब खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए



उद्योग मंत्री परसादी लाल मीना व प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से बात की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिले में छोटे-छोटे उद्योग स्थापित करने के लिए युवाओं का आगे आना चाहिये। युवाओं को उद्योग नीति से जोड़ने के लिए राज्य सरकार ने उद्योग नीति में परिवर्तन किया है। राज्य में नए उद्योग स्थापित करने वाले उद्यमियों को तीन वर्ष तक किसी भी प्रकार की अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं है।

उद्यम समागम कार्यक्रम में महवा विधायक ओमप्रकाश हुड़ला ने कहा कि छोटे-बड़े उद्योगों में आपसी सामन्जस्य से उद्योगों का विकास कर युवाओं को रोजगार दिया जा सकता है। उन्होंने युवा जिला कलेक्टर अविचल चतुर्वेदी का उदाहरण दे युवाओं को प्रेरणा लेने की बात कही। इस अवसर पर जिला कलेक्टर अविचल चतुर्वेदी ने युवाओं द्वारा किए गए नवाचारों की प्रशंसा कर कहा कि जिले में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। कार्यक्रम के प्रारंभ में जिला उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक शिल्पा गोखरू ने अतिथियों का स्वागत करते हुए उद्गम समागम की जानकारी दी।

इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक प्रहलाद सिंह कृष्णियां, संयुक्त निदेशक विदेशी व्यापार सीके मिश्रा, उद्योग विभाग के संयुक्त निदेशक पीआर शर्मा, व्यापार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष मनोहर लाल गुप्ता, रेणु कटारिया, घनश्याम भांडारेज, बनवारी लाल सैनी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान एमएसएमईके तहत यूको बैंक दौसा की ओर से दो उद्यमियों राजकुमार रावत को 15 लाख व सुरेन्द्र कुमार रावत को 25 लाख रुपए का ऋण उद्योग लगाने के लिए स्वीकृत किया गया।

डॉ. गर्ग एक दिवसीय दौरे पर आज भरतपुर आएंगे

भरतपुर। तकनीकी शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. सुभाष गर्ग 19 फरवरी को शाम 4 बजे भरतपुर पहुंचेंगे। निजी सहायक ने बताया कि डॉ. गर्ग भरतपुर में विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे तथा रात्रि विश्राम करेंगे। डॉ. गर्ग 20 फरवरी को प्रात: 6.30 जयपुर के लिए रवाना होंगे।

सड़क दुर्घटनाओं में मृतक के आश्रित को आर्थिक सहायता स्वीकृत

भरतपुर। जिला कलेक्टर नथमल डिडेल ने बताया कि पंचायत समिति नदबई के ग्राम बढ़ा निवासी मृतक गोविंद सिंह पुत्र रामदयाल प्रजापति की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके आश्रित को 1 लाख रुपए की आर्थिक सहायता मुख्यमंत्री सहायता कोष से स्वीकृत की गई है।

पात्र दिव्यांगजनों का चिह्नीकरण शिविर कल से सूचना केंद्र में

अजमेर। जिला प्रशासन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान तथा भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, जयपुर के सहयोग से अजमेर जिले के दिव्यांगजनों के लिए अंग/ सहायक उपकरण वितरण के लिए पात्र दिव्यांगजनों का चिह्नीकरण करने के लिए जिला स्तर पर सूचना केंद्र में 19 से 20 फरवरी को चिह्नीकरण के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की उप निदेशक रूचि मौर्य ने बताया कि शिविर में भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, जयपुर की ओर से सुरेश मेहरा समन्वयक की टीम द्वारा अजमेर जिले के पात्र दिव्यांगजन का चयन किया जाएगा एवं उनके आवेदन पत्र तैयार किए जाएंगे। इस शिविर में चिह्नित दिव्यांगजनों को उनकी श्रेणी एवं आवश्यकतानुसार सहायक अंग/उपकरण का वितरण आगामी शिविर में किया जाएगा।

उर्स व्यवस्थाओं की समीक्षा बैठक आज

अजमेर। संभागीय आयुक्त एल.एन.मीणा की अध्यक्षता में 19 फरवरी को प्रात: 11:30 बजे उर्स की व्यवस्थाओं के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया जाएगा। इसमें प्रबंध एवं अन्य प्रशासनिक व्यवस्थाओं की समीक्षा की जाएगी। यह जानकारी जिला मजिस्ट्रेट ने दी।

सिलिकोसिस पीड़ितों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए शिविर 24 को

दौसा। जिले में भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल द्वारा पंजीकृत श्रमिकों जैसे खान एवं पत्थर का कार्य करने वाले सिलिकोसिस पीड़ित हिताधिकारियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए 24 फरवरी को कार्यालय श्रम कल्याण अधिकारी, दौसा में सुबह 11 बजे शिविर लगाया जाएगा। श्रम कल्याण अधिकारी डॉ. संजीव सोलंकी ने बताया कि श्रम आयुक्त के आदेशों की पालना में सिलिकोसिस बीमारी से पीड़ित श्रमिकों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए आयोजित शिविर में जयपुर से डॉक्टर्स पी.के. सिसोदिया एवं उनकी टीम स्वास्थ्य परीक्षण करेगी। पीड़ित हिताधिकारी अपने साथ श्रमिक पंजीयन कार्ड, आधार कार्ड, भामाशाह कार्ड, दो फोटो, नवीनतम एक्सरे साथ लाएं।

आर्थिक गणना में पुख्ता जानकारी देने का आह्वान

उदयपुर। जिला कलेक्टर आनंदी ने जिलेवासियों से आर्थिक गणना, 2019 के जनहित एवं राष्ट्रहित के कार्य को सफलतापूर्वक कराने के लिए नियुक्त प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को सही जानकारी प्रदान करने का आह्वान किया है।कलेक्टर ने बताया कि नागरिक सुविधा केंद्र द्वारा नियुक्त प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा मोबाइल एप्लीकेशन की मदद से घरों और दुकानों पर जाकर सभी परिवारों एवं प्रतिष्ठानों का सर्वे कर उद्यमी गतिविधियों की जानकारी जैसे उद्यम की स्थिति, संकार्य, स्वामित्व प्रकृति, वित्त प्रबंधन एवं रोजगार आदि से संबंधित सूचना संकलित की जाएगी, इसीलिए सभी नागरिकों से अनुरोध है कि वे उन्हें सही जानकारी प्रदान करें। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि आर्थिक गणना के माध्यम से एकत्र की गई जानकारी जिले में उद्यमों की वास्तविक आर्थिक स्थिति प्राप्त करने में मदद करेगी।

आईजी ने किशोरियों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनने के लिए किया प्रेरित

उदयपुर। जिला प्रशासन, महिला अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में जारी संभाग स्तरीय अमृता हाट के पांचवें दिन विद्यालय नहीं जाने वाली बालिकाओं के लिए किशोरी मेले का आयोजन किया गया। इसमें 5 ब्लॉकों की ग्राम पंचायतों से 350 किशोरियों ने भाग लिया। इस दौरान किशोरियों से वार्ता कार्यक्रम में पुलिस महानिरीक्षक बिनिता ठाकुर ने किशोरियों को सशक्त व आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सफलता का पहला कदम शिक्षा है, इसलिए पूर्ण शिक्षा प्राप्त कर लक्ष्य को हासिल करें। उन्होंने किशोरियों को पुलिस कार्यप्रणाली के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि लड़कियों को निडर होकर जीने की आवश्यकता है। पुलिस विभाग उनकी सुरक्षा एवं सहायता के लिए सदैव तत्पर है। मेले में कोटड़ा आदिवासी संस्थान से सरफराज, आस्था से आर.डी.व्यास, प्रत्यन समिति के निदेशक मोहनलाल डांगी ने भी किशोरियों को संबोधित किया।

अतिक्रमण के विरोध में सौंपा ज्ञापन

महानगर संवाददाता



बांदीकुई। ग्राम अंतवाड़ा क्षेत्र के ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर आम रास्ते पर कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण कर अवैध निर्माण करने की शिकायत की। ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय के बाहर विरोध भी जताया। तुलसीराम, जयसिंह, गिर्राज, मेवाराम सहित अन्य लोगों ने बताया कि अंतवाड़ा बड़ चौराहे से लेकर सोडाला तक आम रास्ता है, जिससे होकर सभी आते-जाते हैं, लेकिन लोगों द्वारा दुकानों का पुख्ता निर्माण कर रास्ते को अवरुद्ध किया जा रहा है। उन्होंने उक्त अतिक्रमण को शीघ्र हटवाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि पटवारी एवं गिरदावर को कई बार इस बारे में अवगत करा दिया गया है।

मां शारदा विद्या विहार स्कूल में वार्षिकोत्सव

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मन मोहा प्रतिभाओं का किया सम्मान



महानगर संवाददाता

बांदीकुई। ग्राम पंचायत गुल्लाना स्थित मां शारदा विद्या विहार स्कूल में वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। जहां विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। संस्था प्रधान शेखर चंद जोशी ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रमुख गीता खटाना ने कहा कि शिक्षा से देश एवं समाज का विकास संभव है। विद्यार्थी कड़ी मेहनत एवं लगन से पढ़ाई कर परिवार एवं समाज का नाम रोशन करें। संस्था प्रधान जोशी ने कहा कि विद्यालय में समय-समय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं सहित अन्य रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इस दौरान विद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान नवनिर्वाचित सरपंचों का अभिनंदन भी किया गया। समारोह में जिला प्रमुख गीता खटाना, गुल्लाना सरपंच उर्मिला देवी, करनावर सरपंच सुनील बैरवा, मुही सरपंच पंकज शर्मा, रामकरण सैनी, सुखराम लांगड़ी, उदय सिंह मीना, मेवाराम, कालूराम सहित अन्य लोगों का 21 किलो की माला पहनाकर अभिनंदन किया गया।

परमहंस जयंती पर चिकित्सा शिविर

महानगर संवाददाता

उदयपुर। स्वामी रामकृष्ण परमहंस जयंती पर मंगलवार को नारायण सेवा संस्थान में देश के विभिन्न स्थानों से आए जन्मजात दिव्यांग बच्चों की सर्जरी का विशेष निशुल्क चिकित्सा शिविर संपन्न हुआ। उद्घाटन संस्थान संस्थापक पद्मश्री कैलाश मानव ने किया। उन्होंने कहा कि परमहंस भारत के एक महान संत, आध्यात्मिक गुरु एवं विचारक थे। उन्होंने सभी धर्मों की एकता पर जोर दिया। वे पीड़ित मानवता की सेवा के प्रबल पक्षधर थे। सेवा, सत्य और समर्पण के बल पर ही उन्हें ईश्वर का साक्षात्कार हुआ और वे परमहंस कहलाए। उनके शिष्य विवेकानंद ने भारत के ज्ञान और गरिमा को सात समंदर पार पहुंचाया।

अजमेर उर्स के लिए झंडा लेकर रवाना हुआ गौरी परिवार



महानगर संवाददाता

भीलवाड़ा। विश्वभर में सुप्रसिद्ध अजमेर के ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती के सालाना उर्स के लिए झंडा लेकर भीलवाड़ा का गौरी परिवार मंगलवार को रवाना हुआ। 1944 से भीलवाड़ा का गौरी परिवार इस रस्म को बड़े ही फख्र के साथ निभाता आ रहा है। गौरी परिवार के फकरुद्दीन गौरी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अजमेर शरीफ में ख्वाजा साहब के उर्स की शुरुआत भीलवाड़ा से उर्स का झंडा पहुंचने के बाद होगी। 22 फरवरी को असर की नमाज के बाद 25 तोपों की सलामी के साथ झंडा फहराया जाएगा। इसके साथ ही ख्वाजा साहब के सालाना उर्स की औपचारिक शुरुआत होगी। गौरी ने बताया कि 1944 से भीलवाड़ा से उनके परदादा, दादा एवं परिवारजन इस रस्म को निभाते आ रहे हैं और अब 2007 से वे इस रस्म को निभा रहे हैं। गौरी परिवार के साथ-साथ उनके मित्रगण और पड़ोसी भी फख्र अनुभव करते हैं। उनका कहना है कि गरीब नवाज के दर पर भीलवाड़ा का झंडा पहुंचने के साथ उर्स का प्रारंभ होना बहुत खुशी की बात है।

आबकारी नीति के विरोध में ठेकेदारों ने किया प्रदर्शन, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

महानगर संवाददाता



बांदीकुई। आबकारी नीति 2020-21 के विरोध में ठेकेदारों ने एसडीएम कार्यालय के बाहर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया और एसडीएम पिंकी मीना को मुख्यमंत्री, वित्त सचिव, जिला आबकारी अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा। शिंभूदयाल, राहुल जायसवाल आदि ने बताया कि आबकारी नीति 2020-21 में राजस्थान निर्मित मदिरा आरएमएल को 30 प्रतिशत अनिवार्य किया गया है। इसकी वैधता खत्म करते हुए ऐच्छिक करने, देसी मदिरा एवं कम्पोजिट दुकानों पर लगने वाली बेसिक लाइसेंस फीस समाप्त करने, देसी दुकानों पर लगने वाले अंकित मूल्यों को समाप्त करने, आईएमएफएल दुकान एवं कम्पोजिट दुकानों पर 3 बीएलसी तक जुर्माना पर यथास्थिति रखने, मार्जिन 20 से 25 प्रतिशत को स्पष्ट करने, पुलिस पावर हटाने, आईएमएलएफ शॉप में लगने वाले एसबीएफ को समाप्त करने की मांग की। इस दौरान नीलेश शर्मा, रमेश गुर्जर, कमलेश, कालू जायसवाल, बजरंग, किशन लाल, धारासिंह, बबलू सहित अन्य ठेकेदार उपस्थित थे।

शिक्षकों की मांगों को लेकर दिल्ली में जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शन 21 से

महानगर संवाददाता

बांदीकुई। अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के तत्वावधान में 21 से 27 फरवरी तक शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग पर जंतर-मंतर नई दिल्ली पर धरना प्रदर्शन किया जाएंगा।

इसमें देश के सभी राज्यों से शिक्षक धरना देंगे। जहां शिक्षक संघ राष्ट्रीय के पदाधिकारियों ने बांदीकुई सहित आसपास के क्षेत्र में दौरा कर शिक्षकों से अधिक से अधिक संख्या में धरना-प्रदर्शन में पहुंचने की अपील की। शिक्षक संघ राष्ट्रीय के जिला प्रवक्ता दिनेश पारीक ने बताया कि नई पेंशन योजना को बंद कर पुरानी पेंशन योजना तत्काल बहाल करने, छठवें केंद्रीय वेतन आयोग की अनुशंसाओं की विसंगतियों को दूर करते हुए सातवें केंद्रीय आयोग की अनुसंशाओं में संशोधन करते हुए एक जनवरी 2016 से सारे देश में प्राथमिक शिक्षकों के लिए समान रूप से लागू करने, सभी राज्यों में अनुबंधित शिक्षकों, पैराशिक्षकों, शिक्षा सहायकों आदि को मार्च 2021 से पूर्व समायोजित कर समान वेतन सुनिश्चित करने की मांग की जाएगी। वहीं भविष्य में केवल स्थाई शिक्षकों को ही नियुक्ति प्रदान करने, राष्ट्रीय शिक्षा नीति से शिक्षक विरोधी प्रावधानों को हटाते हुए प्रारंभिक शिक्षा से सुढ़ृढ़ीकरण को सुनिश्चित करने की मांग की जाएगी। संघ के प्रदेश सह संगठन मंत्री पंडित राधेश्याम शर्मा ने बताया कि 21 से 27 फरवरी तक चलने वाले धरना प्रदर्शन में 21 को दिल्ली, 22 को हरियाणा, 23 को राजस्थान, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, गोवा, 24 को उत्तराखंड, मणिपुर, मेघालय, 25 को महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, मध्यप्रदेश, 26 को ओडिसा, झारखंड, मिजोरम, 27 को गुजरात, पश्चिमी बंगाल, बिहार, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, असम, उत्तर प्रदेश के शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी धरने में भाग लेंगे। संघ के जिलाध्यक्ष परिक्षित शर्मा, जिला मंत्री राजकुमार नेतावाला ने बताया कि धरने में दौसा जिले से सैकड़ों शिक्षक भाग लेंगे।

देश के विभिन्न राज्यों के शिक्षक लेंगे भाग, जिले से जाएंगे सैकड़ों शिक्षक

आरएमआरएस की अध्यक्ष बनीं मेडिकल कॉलेज प्राचार्य

महानगर संवाददाता

भरतपुर। जिला चिकित्सालय राजकीय मेडिकल कॉलेज भरतपुर के अधीन हो जाने के कारण राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी में राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक को पदेन अध्यक्ष एवं अतिरिक्त प्रधानाचार्य को उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। संभागीय आयुक्त चंद्रशेखर मूथा ने बताया कि राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी की नियमावली 2018 के नियमाधीन ये नियुक्तियां की गई हैं।

कोठारी नदी पुलिया निर्माण की मांग पर सांगानेरवासियों का जल सत्याग्रह

लोगों ने कस्बा बंद रखने के साथ नदी में उतरकर किया प्रदर्शन

महानगर संवाददाता

भीलवाड़ा। उपनगर सांगानेर के लोगों ने मंगलवार को पुलिया निर्माण की मांग को लेकर कस्बा बंद रखने के साथ ही नदी में उतरकर अनोखा प्रदर्शन किया। पूर्व पार्षद राजू जांगिड़ ने बताया कि कोठारी नदी पर बनी पुलिया क्षतिग्रस्त और पुरानी हो चुकी है। इससे आए दिन हादसे हो रहे हैं, जिसमें कई व्यक्ति घायल हो जाते हैं। वहीं कई लोगों को जान से हाथ भी धोना पड़ता है। जांगिड़ ने कहा कि भूमाफियाओं को फायदा पहुंचाने की नीयत से जोधड़ास व केशव हॉस्पिटल के पीछे पुलिया निर्माण का काम शुरू हो गया है, जबकि सबसे ज्यादा जरूरत कोठारी नदी पर पुलिया निर्माण सांगानेर में है। क्षतिग्रस्त पुलिया से बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। क्षेत्रवासियों ने जल सत्याग्रह करते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही पुलिया निर्माण शुरू नहीं हुआ तो आंदोलन कर जाम लगाया जाएगा। क्षेत्रवासियों ने नई पुलिया बनाने की मांग के समर्थन में धरना व बंद का निर्णय लिया। इसके तहत मंगलार सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक सांगानेर कस्बा बंद रहा। क्षेत्रवासी कोठारी नदी पहुंचे और नदी किनारे सत्याग्रह कर पुलिया बनाने की मांग की। पूर्व पार्षद कैलाश सुवालका ने कहा कि मेडिकल कॉलेज बनने के बाद सांगानेर में यातायात का दबाव बढ़ा है। आए दिन हादसे हो रहे हैं और लोगों को जान गंवानी पड़ रही है। पहले भी कई बार प्रशासन से पुलिया बनाने की मांग की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होने से सांगानेर वासियों को आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ा। जब तक प्रशासन कोठारी नदी नहीं पहुंचेगा और पुलिया का निर्माण शुरू नहीं किया जाएगा, तब तक वे आंदोलन करेंगे और रोड जाम किया जाएगा। इस दौरान पार्षद नंदलाल भील, सुभाष गर्ग व राजू पनगड़िया आदि मौजूद थे।



रचना झांकी के साथ गोविंददेवजी मंदिर में फागोत्सव का श्रीगणेश

आठ मार्च तक रहेगी आयोजनों की भरमार

महानगर संवाददाता

जयपुर। आराध्य देव गोविंददेवजी मंदिर में मंगलवार को रचना झांकी सजने के साथ फागोत्सव का श्रीगणेश हुआ। मंदिर प्रवक्ता मानस गोस्वामी ने बताया कि मंगलवार को मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में ठाकुरजी को प्राकृतिक गुलाल अर्पित की गई। ठाकुरजी रंग-बिरंगी गुलाल से तैयार विशेष पोशाक में मन मोहक लगे। दोपहर 12:30 से एक बजे तक सजी रचना झांकी देखने बड़ी संख्या में दर्शनार्थी मंदिर पहुंचे। रचना झांकी 2 मार्च तक सजेगी। ठाकुरजी प्रतिदिन अलग-अलग रंगों की प्राकृतिक गुलाल से रंगी पोशाक में दर्शन देंगे। रचना झांकी का समय दोपहर 12:30 से एक बजे तक रहेगा।



होलिकोत्सव तीन मार्च से

मंदिर में 3 से 5 मार्च तक होलिकोत्सव आयोजित किया जाएगा। दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक विभिन्न कलाकार ठाकुरजी के समक्ष प्रस्तुतियां देंगे। दोपहर 2 से अपराह्न 4 बजे तक रचना झांकी रहेगी। 6 और 7 मार्च को पुष्प फागोत्सव होगा। कोलकाता के भजन सम्राट श्रीकांत शर्मा दोपहर एक से शाम 5 बजे तक भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। दोनों दिन रचना झांकी का समय अपराह्न 3 से 5 बजे तक रहेगा।

भजन अमृत वर्षा अनुष्ठान आठ मार्च को

8 मार्च को होली पद भजन अमृत वर्षा अनुष्ठान होगा। कोलकाता के मालीराम शास्त्री दोपहर एक से शाम 5 बजे तक होली के पदों का गायन करेंगे। 9 मार्च को मंदिर प्रांगण में गुलाल होली खेली जाएगी। राजभोग आरती के बाद हजारों की संख्या में श्रद्धालु ठाकुरजी के समक्ष अखरोट से तैयार प्राकृतिक रंग से होली खेलेंगे।

एक शाम पल-पल रक्षा करने वाले के नाम कल

श्री खाटूवाले राधेश्याम सेवा समिति के तत्वावधान में श्री श्याम भजन संध्या एक शाम पल-पल रक्षा करने वाले के नाम 20 फरवरी को शाम पांच बजे से आरपीए रोड पानीपेच स्थित श्री कृष्णम गार्डन में आयोजित की जाएगी। भजन संध्या में अमित नामा, कुमार शिवा, अन्नू मिश्रा भजनों की स्वर लहरियां बिखेरेंगे।

जयसिंहपुरा में भजन संध्या कल

श्याम आशीष परिवार महेश कॉलोनी टोंक फाटक के तत्वावधान में 20 फरवरी को शाम 7:30 बजे से रात्रि 10:30 बजे तक जयसिंहपुरा खोर स्थित सागर पब्लिक स्कूल के सामने भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। श्याम प्रभु का दरबार सजाकर अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा। पावन अखंड ज्योत प्रज्वलित कर पुष्प वर्षा और इत्र वर्षा के बीच भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। आयोजक नरेंद्र कुमार सैनी ने बताया कि भजन संध्या में मामराज अग्रवाल, दिनेश गौतम, प्रकाश सोनी, नीलम बाजोरिया सहित अनेक कलाकार श्याम प्रभु की प्रस्तुतियां देंगे।

चौगान स्टेडियम के सत्संग भवन में मचेगी फागोत्सव की धूम

धार्मिक-सांस्कृतिक संस्थाओं ने कसी कमर

महानगर संवाददाता

जयपुर। श्री श्याम सत्संग मंडल समिति ट्रस्ट के तत्वावधान में चंग धमाल के साथ 22 फरवरी को गणगौरी बाजार के चौगान स्टेडियम स्थित सत्संग भवन में फागोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसमें अनेक भजन गायक श्याम प्रभु का गुणगान करेंगे। पुष्प वर्षा के बीच फाल्गुनी भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। ढप-चंग और बांसुरी की तान पर फूलों की होली खेली जाएगी।

श्री गिरिराज धरण सेवा परिवार समिति : श्याम भजन संध्या और फागोत्सव 29 फरवरी को नाड़ी का फाटक मुरलीपुरा स्थित गोविंदनगर में आयोजित किया जाएगा। व्यवस्थापक रविकांत विजय ने बताया कि भजन संध्या में अन्नू मिश्रा, पुरुषोत्तम ब्रजवासी, इशिका बरथुनिया, कुमार शिवा, महेश परमार प्रस्तुतियां देंगे।

जवाहरनगर में फागोत्सव पांच मार्च को: श्री श्याम कारे-कारे नैन दुलारे भजनामृत ग्रुप के तत्वावधान में श्री श्याम मित्र मंडल जवाहरनगर का फागोत्सव एक मार्च को शाम सवा छह बजे से देर रात तक जवाहरनगर शॉपिंग सेंटर में होगा।

श्री श्याम कारे-कारे नैन दुलारे भजनामृत ग्रुप के संस्थापक अमित खंडेलवाल ने बताया कि फागोत्सव में मुंबई के प्रकाश सिंह, ग्वालियर की रश्मि ओझा सहित जयपुर के सन्नी चक्रधारी, राज राठौड़ फाल्गुनी भजनों की स्वर लहरियां बिखेरेंगे। इस अवसर पर श्याम प्रभु का श्रृंगार कर अखंड ज्योति प्रज्वलित की जाएगी। पुष्प वर्षा और गुलाल वर्षा के बीच भजनों की स्वर लहरियां गूंजायमान होंगी।

वृद्धाश्रम-कच्ची बस्ती में भी मचेगी होली की धमाल

महानगर संवाददाता

जयपुर। अपराजिता फाउंडेशन की ओर से एक मार्च को चाकसू के श्रीराम वृद्धाश्रम में फागोत्सव का आयोजन किया जाएगा। अपनों की बेरुखी से वृद्धाश्रम में जीवन के आखिरी साल बिता रहे लोगों के मध्य फागुनी भजनों की तान छेड़ी जाएगी। वहीं, फागोत्सव और एक शाम बाबा के नाम भजन संध्या 23 मार्च को गोपालपुरा बाइपास के त्रिवेणीनगर के पास सीतारामनगर कच्ची बस्ती में आयोजित की जाएगी। इसमें कुमार गिर्राज, दीपशिखा शर्मा, राज राठौड़, पूनम परवाना, अमित नामा, पूनम कंवर, दिनेश गौतम, अन्नू मिश्रा, पप्पू शर्मा, अनामिका शर्मा, राम अवतार शर्मा, सीमा शर्मा होली के भजनों की प्रस्तुतियां देंगी।

श्री श्याम नवयुवक मंडल का षष्ठम वार्षिकोत्सव 29 को

महानगर संवाददाता

जयपुर। श्री श्याम नवयुवक मंडल शांतिनगर, एनबीसी के तत्वावधान में षष्ठम वार्षिकोत्सव 29 फरवरी को शाम सात बजे से शांतिनगर के करणी माता मंदिर के पास आयोजित किया जाएगा। इसमें नरेश नरसी, दिनेश संगम, राज राठौड़, अन्नू मिश्रा भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। इससे पूर्व 28 फरवरी को दोपहर एक बजे ध्वज यात्रा रवाना होगी। मंडल के प्रकाश शर्मा, दिलीप सोनी, जितेन्द्र सचदेवा, विकास शर्मा, रोहित सैनी, निखिल सैनी आयोजन की तैयारियों में जुटे हुए हैं।



खोले के हनुमान मंदिर कल पहुंचेगी कावड़ यात्रा

महानगर संवाददाता

जयपुर। पुष्कर के गऊ घाट से रवाना हुई 36वीं पुष्कर कावड़ पदयात्रा 20 फरवरी को श्री खोले के हनुमान मंदिर पहुंचेगी। किशनगढ़, दूदू होते हुए 20 फरवरी को देर शाम तक पदयात्रा मंदिर में पहुंचेगी।

श्री नरवर आश्रम सेवा समिति प्रन्यास के महामंत्री बृजमोहन शर्मा ने बताया कि किशनगढ़ के खांडल छात्रावास में रात्रि विश्राम के बाद पदयात्रा मंगलवार सुबह पुन: रवाना होकर दूदू डाक बंगला पहुंची। देर शाम वहीं विश्राम करके बुधवार सुबह रवाना होगी। बुधवार देर शाम तक मंदिर बड़ के बालाजी पहुंचकर रात्रि विश्राम वहीं होगा। इसके बाद 20 फरवरी को बड़ के बालाजी से रवाना होकर यात्रा सोड़ाला, अजमेर पुलिया, अमरापुरा, पांचबत्ती अजमेरी गेट होते हुए दोपहर को विश्राम के लिए 2 बजे राजस्थान चैंबर भवन पहुंचेगी। यहां से शाम 5 बजे पदयात्रा पुन: लवाजमे के साथ रवाना होकर न्यूगेट, सांगानेरी गेट, जौहरी बाजार, बड़ी चौपड़, सुभाष चौक, गंगापोल बदनपुरा होती हुई रात्रि 8 बजे श्री खोले के हनुमान मंदिर पहुंचेगी। रात्रि में ही मंत्रोच्चारण के साथ हनुमानजी और शिवजी का पुष्कर राज के पवित्र जल से अभिषेक किया जाएगा।



भगवन नाम संकीर्तन में किया गो महिमा का गुणगान

महानगर संवाददाता

जयपुर। श्री राधा रानी गोशाला सेवा समिति और गोरक्षा भगवन नाम संकीर्तन मंडल की ओर से मुरलीपुरा की देवधारा कॉलोनी स्थित आनंद भवन में भगवन नाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। आयोजक प्रवीण कुमार आनंद ने बताया कि इस मौके पर लोकेश शर्मा, जगदीश सोमानी, आशीष अग्रवाल सहित अन्य कलाकारों ने सौ तीर्थ का पुण्य मिलेगा..., गो माता की सेवा कर लें समझ लें हो गए चारों धाम जैसे भजन गाकर गोमाता की महिमा का गुणगान किया। उपस्थित श्रद्धालुओं को गोमाता का महत्व भी बताया गया।



400 छात्र-छात्राएं सम्मानित

महानगर संवाददाता

जयपुर। श्री कृष्णा यादव सेवा समिति द्वारा ग्राम थाना राजाजी, अलवर एवं श्रीनारायण हॉस्पिटल मुरलीपुरा जयपुर के तत्वावधान में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर 400 छात्र-छात्राओं को शिक्षा, खेल के क्षेत्र में सराहनीय प्रदर्शन करने के लिए समाज की ओर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्रीनारायण हॉस्पिटल, मुरलीपुरा के तत्वावधान में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 1248 मरीजों को निशुल्क परामर्श दिया गया। कार्यक्रम की आयोजन समिति में श्री कृष्णा यादव सेवा समिति के अध्यक्ष भागचंद यादव, महामंत्री रणजीत सिंह यादव, कोषाध्यक्ष बाबूलाल यादव, महामंत्री भगवान यादव, मंत्री रामेश्वरदयाल यादव के अलावा राजस्थान युवा यादव महासभा के दौसा जिलाध्यक्ष राजेश यादव सहित समाज के अन्य विशिष्ठ लोग शामिल रहे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रामवीर यादव (आईईएस), कांतिलाल मीणा (विधायक थानागाजी), दादा फतेहसिंह, डॉ. सविता यादव (प्रिंसिपल राव एजुकेशन बीएड कॉलेज) उपस्थित रहे।



विज्ञाश्री माताजी ने किया मंगल प्रवेश

महानगर संवाददाता

जयपुर। गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी के 25वें रजत दीक्षा जयंती महोत्सव का समापन समारोह 22 से 24 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। महोत्सव में सान्निध्य प्रदान करने के लिए गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी सहित 9 आर्यिका, क्षुल्लिका माताजी ने बड़ के बालाजी के सुपार्श्व गार्डन स्थित चंद्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिर में मंगल प्रवेश किया। प्रचार संयोजक अभिषेक जैन ने बताया कि अजमेर रोड से गाजे-बाजे और लवाजमे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। मार्ग में रंगोली, स्वस्तिक बनाए गए। चंद्रप्रभ मंदिर में माजाजी के पाद प्रक्षालन कर अगवानी गई। यहां गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी ने प्रवचन में कहा कि आज का व्यक्ति दूसरों से अधिक उम्मीद कर रहा है।

हम जितनी भी उम्मीद दूसरों से रखेंगे वह रिश्तों में कड़वाहट ही बढ़ाएगी। इसलिए रिश्तों में मिठास लाना अति आवश्यक है। 22 फरवरी से शुरू होने वाले आयोजन के लिए गुवाहाटी के व्यवसायी श्रीपाल-कुसुम, भागचंद-सुनीता चूड़ीवाल इसका ध्वजारोहण करेंगे। समाजसेवी गणेश राणा, धर्मेंद्र पाटनी, नरेंद्र पाटनी, नरेश बनेठा, सुधीर जैन, हेमंत सौगानी, अनिल जैन धुंवावाले, मनोज झांझरी अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

शीश का दानी महाबलिदानी भजन संध्या छह मार्च को

सभी प्रख्यात भजन गायक देंगे खाटूनगरी में हाजिरी

महानगर संवाददाता

जयपुर। श्री श्याम सत्संग मंडल समिति ट्रस्ट चौगान स्टेडियम की पदयात्रा के खाटू पहुंचने पर छह मार्च को खाटूश्यामजी की वृंदावन धर्मशाला में शीश का दानी महाबलिदानी भजन संध्या शाम सात से संपूर्ण रात्रि आयोजित होगी। 1111 दीपकों से महाआरती के साथ भजन संध्या का शुभारंभ होगा। इसमें सभी प्रख्यात भजन गायक श्याम प्रभु का गुणगान करेंगे।

इनमें लखवीर सिंह लक्खा, रोमी सरदार, कन्हैया मित्तल, शीतल पांडे, राजू बावरा, उमा लहरी, राजू खंडेलवाल, सुशील गुप्ता, चित्र-विचित्र, ऋतुश्री, तरुण सागर, रवि बेरीवाल, पन्ना गिल, संजय शर्मा, शिवम शर्मा, राजू शर्मा, मोना मेहता, विष्णु सागर, नरेश नरसी, प्रमोद त्रिपाठी, सुरभि चतुर्वेदी, सौरभ अग्रवाल, विमल दीक्षित, पप्पू बेधड़क, राज पारीक, कुमार गिर्राज, आशु वर्मा, रतन आजाद, रजनी राजस्थानी, अमित-रजनीश, मीनू शर्मा, अंजलि द्विवेदी, गिन्नी कौर, रश्वि शर्मा, निशा-गोविंद, मीतू अरोड़ा, नरेश सैन, महेश परमार, अविनाश शर्मा, केमिता राठौड़, सुरेश नैनिया, अजय शर्मा, श्याम अग्रवाल, शुभम ठकरान, राजू हंस, शुभम-रूपम, गोपाल सैन, सोना जाधव, श्याम सलौना, नम्रता करवा, यश-राज, मनोज, ईशरत जहां, पारस लाड़ला भजनों की प्रस्तुतियां देंगे।

अखिल भारतीय ब्राह्मण सम्मेलन एक मार्च से

महानगर संवाददाता

जयपुर। अखिल भारतीय ब्राह्मण सम्मेलन पर परिचर्चा सर्व ब्राह्मण महासभा जयपुर देहात की बैठक गायत्री मंदिर राधाबाग में जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा की अध्यक्षता में हुई। इसके मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष आनंद मिश्रा रहे। बैठक में सर्व ब्राह्मण महासभा द्वारा एक व 2 मार्च को बिरला ऑडिटोरियम जयपुर में होने वाले अखिल भारतीय ब्राह्मण सम्मेलन पर चर्चा हुई। पदाधिकारियों से विचार-विमर्श कर समारोह में अधिकाधिक संख्या में विप्र बंधुओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य सामाजिक-राजनीतिक-आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रूप से सक्रिय ब्राह्मणों को एक मंच पर लाकर आज के परिवेश व परिस्थितियों में ब्राह्मण की भूमिका और समाज में उनके योगदान पर चिंतन मनन किया जाएगा।



'विज्ञान पजामा शनिवार' वर्कशॉप में बच्चों को दिया जा रहा निशुल्क प्रशिक्षण

महानगर संवाददाता

जयपुर। बच्चों को मॉडल एज्यूकेशन के माध्यम से शिक्षित करने के लिए मालवीय नगर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित टिंकर्ली के कार्यालय में निशुल्क 'विज्ञान पजामा शनिवार' वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है। टिंकर्ली के संचालक शरद बंसल ने बताया कि इस वर्कशॉप का आयोजन बच्चों को उत्साहित करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह वर्कशॉप प्रत्येक शनिवार को सुबह 11 से शाम 5 बजे तक आयोजित होती है। वर्कशॉप में लर्निंग बाय डूइंग के माध्यम से 8 से 15 वर्ष की आयु के बच्चों में आत्मविश्वास, रिसर्च माइंडसेट, विज्ञान, तकनीक और सॉफ्ट स्किल्स व भाषा का विकास और उनकी कल्पना शक्ति को बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अब तक करीब 75 हजार बच्चों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। बच्चे टिंकर्ली के फेसबुक पेज को फॉलो करके अपना रजिस्ट्रेशन करवा रहे हैं। यह वर्कशॉप बच्चों के लिए एक नया और नवीन सीखने का तरीका समझने के लिए आदर्श साबित हो रही है।



राजस्थान विवि का फ्रांस के 10 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने किया दौरा

महानगर संवाददाता

जयपुर। राजस्थान विश्वविद्यालय में मंगलवार को फ्रांस से आए 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने दौरा किया। इस प्रतिनिधिमंडल में 7 विद्यार्थी और 3 शिक्षक शामिल थे। विश्वविद्यालय के यूरोपियन भाषा साहित्य एवं संस्कृति विभाग की ओर से इस प्रतिनिधिमंडल का सर्वप्रथम स्वागत किया गया। विश्वविद्यालय से जुड़े विभाग में फ्रेंच का अध्ययन कर रहे छात्रों और इन अतिथि छात्रों व शिक्षकों के बीच एक संवाद कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। विभाग की सहायक आचार्य डॉ. निधि रायसिंघानी ने बताया कि विभाग द्वारा इंटरनेशनल स्टूडेंट एक्सचेंज के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। यह पहला अवसर है जब फ्रांस के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सैंट मैरी से जुड़े छात्रों और शिक्षकों ने राजस्थान विश्वविद्यालय का दौरा किया। विभाग में संवाद कार्यक्रम के बाद इस प्रतिनिधिमंडल का कुलपति सचिवालय में भी स्वागत किया गया। प्रो. दीपक भटनागर ने इस अवसर पर राजस्थान विश्वविद्यालय में संचालित किए जा रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों एवं शोध कार्यक्रमों की जानकारी प्रतिनिधिमंडल को दी। प्रतिनिधिमंडल विश्वविद्यालय में संचालित किए जा रहे शोध कार्यक्रमो से काफी प्रभावित था।



25 से आल इंडिया प्रिंटमेकर्स आर्ट कैंप

महानगर संवाददाता

जयपुर। जवाहर कला केंद्र में 25 फरवरी से ऑल इंडिया प्रिंटमेकर्स आर्ट कैंप का आयोजन होगा। जेकेके के ग्राफिक स्टूडियो में 25 से 29 फरवरी तक सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक कैंप लगेगा। इस आर्ट कैंप में देशभर से आए कलाकार हिस्सा लेंगे। कैंप में देशभर के 10 राज्यों से 18 कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। आर्ट कैंप में हिस्सा लेने वाले कलाकारों में शुभरोतो मोंडाल, शर्मिला राठौड़, सुनील निमावत और वी. नागदास (राजस्थान), हनुमान काम्बली (गोवा), कविता शाह (गुजरात), जसकनवाल जित और ईश्वर दयाल (पंजाब), अजीत सील और उत्तम बसक (पश्चिम बंगाल), गजराज छावन, दिलीप शर्मा, सचिन निम्बालकर और सीमा गोंडेन (महाराष्ट्र), कविता नायर (उत्तर प्रदेश), अतरी चेतन (कर्नाटक), मनिका देवी (असम) और प्रोमुद बोरुहा (दिल्ली) हैं। स्किलशेयर फ्रॉम लिविंग मास्टर्स सिरीज' के तहत लीनोकट और वुडकट कार्यशाला का भी आयोजन किया जाएगा। ग्राफिक स्टूडियो में 26 से 28 फरवरी दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यशाला में उपयोग आने वाली सामग्री जेकेके द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी।

दीक्षांत समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बच्चों का मोहा मन

महानगर संवाददाता

जयपुर। गोनेर रोड जगतपुरा स्थित रॉयन इंटरनेशनल स्कूल का दीक्षांत समारोह मंगलवार को महात्मा गांधी सभागार में मनाया गया। 'टुगेदर वी कैन' थीम पर आधारित कार्यक्रम का शुभारंभ स्पेशल प्रेयर से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रिटायर्ड आईएएस महेन्द्र सुराना, आर्टिस्ट दिलिप भट्ट, कोरियोग्राफर रितु शर्मा का अभिवादन पंजाबी, फ्रेंच, अंग्रेजी, स्पेनिश, जेपेनिज सहित अन्य भाषाओं में किया गया। इस अवसर पर मोन्टेसरी के बच्चों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिह्न दिए गए। प्रधानाध्यापिका हेमा मल्होत्रा ने बताया कि इस अवसर पर रंग-बिरंगे परिधानों में सुसज्जित नन्हे-मुन्ने बच्चों ने लघुनाटिका, नृत्य गायन आदि प्रस्तुत कर अतिथियों और अभिभावकों की तालियां बटोरीं। छोटे-छोटे बच्चों ने वाद्ययंत्रों पर सुरीली तान बजाकर शानदार प्रदर्शन किया।



खादी से जुड़ी योजनाओं से कराया छात्रों को रूबरू

महानगर संवाददाता

जयपुर। इंटरनेशनल स्कूल ऑफ इन्फॉर्मेटिक्स एंड मैनेजमेंट, टेक्निकल कैम्पस, आईआईआईएम और खादी एंड विपेज इंडस्ट्रीज कमीशन के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को नेशनल लेवल अवेयरनेस प्रोग्राम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केवीआईसी के राज्य निदेशक बीएल मीणा मौजूद रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को एमएसएमई मंत्रालय द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से अवगत कराना था। प्रजेंटेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को विभिन्न खादी की योजनाओं से रूबरू कराया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को खादी से जुड़ी हुई वस्तुओं का लघु उद्योग व स्टार्टअप शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करना था। इसके साथ ही विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) में उपलब्ध रोजगार के अवसर भी बताए गए। मीणा ने विद्यार्थियों को खादी में हो रहे अनूठे प्रयोगों और उपलब्धियों से परिचित कराया। उन्होंने बताया कि किस तरह से खादी का प्रयोग फैशन से लेकर सशस्त्र सेना के गणवेश में बढ़ता जा रहा है। इसके बाद प्रतिभागियों ने प्रजेंटेशन द्वारा केवीआईसी द्वारा संचालित योजनाओं से अवगत कराया।





प्रीति शर्मा हिंदी साहित्य मनीषि की उपाधि से सम्मानित, रोशनी के दीप पुस्तक का विमोचन

महानगर संवाददाता

जयपुर। राजस्थान ब्रजभाषा अकादमी और साहित्य मंडल श्रीनाथद्वारा के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को पाटोत्सव ब्रजभाषा समारोह-2020 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रीति शर्मा को हिंदी सहित्य मनीषि की मानद उपाधि से नवाजा गया। वहीं मंच पर मौजूद अतिथियों ने प्रीति शर्मा को शॉल, श्रीनाथजी का चित्र, दुपट्टा, कलम के साथ मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर उपाधि पत्र दिया। इस मौके पर प्रीति शर्मा की पुस्तक रोशनी के दीप का विमोचन किया। बता दें कि प्रीति को यह सम्मान उनके द्वारा लिखित पुस्तक के लिए दिया गया।

सैन्य राहों पर महिलाओं की नई मंजिल

बेटियों को कमतर नहीं बराबरी का दर्जा देने से बदलेगी समाज की सूरत

सेना में महिलाओं को स्थाई कमीशन देने का सुप्रीम कोर्ट का फैसला ऐतिहासिक है। इस आदेश का लंबे समय से इंतजार था। इसके खिलाफ एक तर्क यह दिया जाता रहा कि पुरुष जवानों को महिला अफसर से आदेश लेने में हिचकिचाहट होती है। दलील दी जा रही थी कि हमारा ग्रामीण समाज अब भी पुरुषवादी सोच रखता है और पुरुष मानसिकता महिलाओं को बतौर अफसर स्वीकार नहीं कर पाती। मगर असलियत इसके बिल्कुल अलग है। आज देश के प्रमुख बड़े राज्यों में पुलिस-प्रशासन के शीर्ष पदों पर ही नहीं अपितु सेना भी ऊंचे पदों पर बेटियां अपनी काबिलियत का परचम लहरा रही हैं। वैसे भी हमारी सेना विश्व की इतनी अच्छी संस्था है कि ऐसी किसी चीज के बारे में आप सोच ही नहीं सकते। अगर आप एक बेहतर अफसर हैं, तो आपसे किसी जवान को कोई दिक्कत नहीं आती, बल्कि वे हमेशा सहयोग करते हैं। पुरुषवादी मानसिकता कहीं भी आड़े नहीं आती, और न ही महिला अफसर होने के नाते आपको वहां कमतर आंका जाता है। रही बात जवानों के आदेश न मानने की (जो होती नहीं है), तो यह बात किसी के साथ हो सकती है; फिर चाहे वह पुरुष अफसर हो या फिर महिला अफसर। असल में, स्थाई कमीशन न मिलने के कारण कुछ अन्य तरह की दिक्कतें पेश आती थीं। सबसे पहली दिक्कत तो यह कि महिला अफसरों को यह पता नहीं होता था कि 14 साल तक सेवा देने के बाद उन्हें अपने पुरुष समकक्षों की तरह आगे मौका मिलेगा या नहीं! इसी उलझन की वजह से सेना में 10-12 साल तक नौकरी करने के बाद महिला सैन्य अधिकारी अपना भविष्य बनाने के लिए किसी कॉरपोरेट कंपनी में शामिल हो जाती थीं या फिर अपना स्वयं का कोई कारोबार शुरू करने की उधेड़बुन में लग जाती थीं। इसकी वजह यही थी कि अगर एक योग्य और कुशल महिला सैन्य अधिकारी ज्यादा इंतजार करती, तो संभव है कि आगे के सुनहरे भविष्य के अवसर नहीं मिल पाते। और भविष्य में जब आपको किसी सम्मानजनक नौकरी की जरूरत हो तब वे तमाम दरवाजे भी बंद हो जाते, जहां बेहतर काम कर सकती थीं। क्योंकि जब आपको यह पता नहीं होगा कि आपकी नौकरी स्थाई है या नहीं, तो इस तरह की समस्या आएगी ही। सुखद बात यह है कि अब ऐसा नहीं हो सकेगा। अब महिलाएं भारतीय सेना को नौकरी के एक अवसर के रूप में नहीं, बल्कि एक करियर के रूप में लेंगी। अपना पूरा कार्यकाल करेंगी। सुप्रीम कोर्ट का सोमवार का आदेश देर से जरूर आया है, मगर दुरुस्त आया है। वायु सेना और नौसेना ने काफी पहले से ही महिलाओं को स्थाई कमीशन देना शुरू कर दिया था। वहां महिलाएं वे तमाम काम करती हैं, जो पुरुष अफसर करते हैं। थल सेना में कॉम्बैट आर्म्स में ऐसा नहीं है। अब सेना में स्थाई कमीशन मिलने के बाद बतौर करियर अपनी सेवा देने वाली महिलाएं बीच में अपनी सेवा छोड़ने से बचेंगी। उन्हें अपने पुरुष समकक्षों के समान अवसर मिलेंगे। पेंशन मिलेगी। देखा जाए, तो उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में सर्वोच्च अदालत का यह आदेश मील का पत्थर साबित होगा। बेशक यह फैसला उनके स्थाई कमीशन को लेकर आया है और इसमें युद्धक्षेत्र में उनके काम करने को लेकर कुछ ठोस नहीं कहा गया है, लेकिन यह आदेश भरोसा जगाता है। उम्मीद है कि जल्द ही महिलाएं दुश्मनों से मोर्चा लेने की सबसे अगली कतार में खड़ी दिखेंगी। दरअसल, सेना के सभी युद्धक अंग अपनी-अपनी जरूरतों के हिसाब से कोर्स कराते हैं। चूंकि अब तक युद्धक अंगों में इन्फेंटरी, आर्मर्ड और आर्टिलरी में महिलाओं को कमीशन नहीं दी गई है, इसलिए महिलाएं इनमें कोर्स कर ही नहीं सकतीं। बाकी सभी अंगों में वे कमीशंड होती रही हैं। ट्रेनिंग खत्म करते ही बतौर लेफ्टिनेंट उनकी नियुक्ति होती थी। अब स्थाई कमीशंड होते ही पुरुषों के समान लेफ्टिनेंट कर्नल के ऊपर पदानुक्रम में तरक्की पाने का उन्हें मौका मिलेगा। उनमें नए उत्साह का संचार होगा। जोश-जुनून के साथ वे आगे बढ़ने के बारे में सोचेंगी। थल सेना में इन्फेंटरी, आर्मर्ड और आर्टिलरी को छोड़कर बाकी सभी अंगों के सहयोगी सदस्य के तौर पर महिलाएं अशांत क्षेत्रों में अपनी सेवा देती रही हैं। इसलिए यह मानसिकता कि महिलाएं युद्ध भूमि में सफल नहीं हो सकेंगी, गलत है। इससे इत्तेफाक नहीं रखा जा सकता। सेना में एक मुहावरा काफी चर्चित है, शांतिकाल में सैन्य अभ्यासों की कहीं ज्यादा जरूरत होती है। हमारी फौज भी ऐसा ही करती है। तपते रेगिस्तान हों या ठंडे प्रदेश, महिलाएं इन सैन्य अभ्यासों में बराबर शामिल होती रही हैं। इन अभ्यासों में ठीक उसी तरह के माहौल पैदा किए जाते हैं, जैसे युद्ध में होते हैं। यहां तो महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अभ्यास करती हैं। कहीं भी शारीरिक दुर्बलता का अहसास नहीं होता। तो फिर कॉम्बैट आर्म्स में उनका प्रवेश वर्जित क्यों हो! जब समाज के हरक्षेत्र में महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर काम को बड़े करीने और जिम्मेदारी से पूरा करती हैं तब भी उनकी क्षमताओं पर संदेह करना क्या उनके साथ नाइंसाफी नहीं है! याद रखिए, अनादिकाल से लेकर आज तक बलिदान देने में महिलाएं कभी पीछे नहीं रही हैं। कुल मिलाकर, सोमवार का सुप्रीम कोर्ट का आदेश महिलाओं के लिए भविष्य की नई राह दिखाता है। जिसमें यह कहा गया है कि महिलाओं को लेकर हमें अपनी मानसिकता बदलनी चाहिए। स्थाई कमीशन देकर जिस तरह सेना में सेवा दे रही महिलाओं को एक समान मौके दिए गए हैं, उसी तरह उम्मीद है कि कॉम्बैट आर्म्स में भी उन्हें शामिल किया जाएगा, जहां वे कहीं से भी कमतर साबित नहीं होंगी।



हमारी सेना विश्व की इतनी अच्छी संस्था है कि ऐसी किसी चीज के बारे में आप सोच ही नहीं सकते। अगर आप एक बेहतर अफसर हैं, तो आपसे किसी जवान को कोई दिक्कत नहीं आती, बल्कि वे हमेशा सहयोग करते हैं। पुरुषवादी मानसिकता कहीं भी आड़े नहीं आती, और न ही महिला अफसर होने के नाते आपको वहां कमतर आंका जाता है। रही बात जवानों के आदेश न मानने की (जो होती नहीं है), तो यह बात किसी के साथ हो सकती है; फिर चाहे वह पुरुष अफसर हो या फिर महिला अफसर। असल में, स्थाई कमीशन न मिलने के कारण कुछ अन्य तरह की दिक्कतें पेश आती थीं। कहीं भी शारीरिक दुर्बलता का अहसास नहीं होता। तो फिर कॉम्बैट आर्म्स में उनका प्रवेश वर्जित क्यों हो! जब समाज के हरक्षेत्र में महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर काम को बड़े करीने और जिम्मेदारी से पूरा करती हैं तब भी उनकी क्षमताओं पर संदेह करना क्या उनके साथ नाइंसाफी नहीं है! याद रखिए, अनादिकाल से लेकर आज तक बलिदान देने में महिलाएं कभी पीछे नहीं रही हैं। कुल मिलाकर, सोमवार का सुप्रीम कोर्ट का आदेश महिलाओं के लिए भविष्य की नई राह दिखाता है।

द्विपक्षीय संबंधों में दूरदर्शिता जरूरी

प्रो पुष्पेश पंत

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत यात्रा को लेकर वैसा उत्साह नहीं है, जैसा ऐसे किसी राजकीय अतिथि की अगवानी के लिए स्वाभाविक है। कारण तलाशने के लिए बहुत दूर जाने की जरूरत नहीं है।

एक ओर महाभियोग के कटघरे से मुक्त हुए ट्रंप राहत की सांस ले रहे हैं और अपना पुनर्निर्वाचन अवश्यंभावी समझ आत्ममुग्ध बड़बोलेपन में व्यस्त हैं, तो दूसरी ओर दिल्ली विधानसभा चुनाव में करारी हार के साथ-साथ नागरिकता संशोधन कानून के विरोध में देशव्यापी आंदोलनों ने मोदी-शाह जोड़ी की छवि को निश्चित ही नुकसान पहुंचाया है। विश्लेषकों का यह कहना निराधार नहीं है कि दोनों ही पक्ष आंतरिक चुनौतियों से मतदाताओं का ध्यान बंटाने के लिए कूटनीतिक उपलब्धियों का दावा करने को मजबूर हुए हैं। हमारी राय में दुनिया के सबसे शक्तिशाली इंसान का देश के सबसे ताकतवर नेता के साथ मुलाकात के प्रति उदासीन रहना या इसका अवमूल्यन करना नादानी है।

जिस समय यह दौरा हो रहा है, अंतरराष्ट्रीय राजनीति एक बेहद नाजुक मुकाम पर है। चीन कोरोना वायरस की भयावह चपेट में है और सिर्फ उसी की नहीं, पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था इस अप्रत्याशित संकट के कारण डांवाडोल है। ब्रिटेन यूरोपीय संघ से बाहर निकल चुका है, पर यह साफ नहीं है कि इस कदम का उसकी और भारत जैसे उन देशों की आर्थिकी पर क्या असर पड़ेगा, जो उसके साथ घनिष्ठ रूप से जुड़े हैं।

ट्रंप एवं मोदी एक-दूसरे के प्रशंसक हैं और अपनी दोस्ती का इजहार समय-समय पर करते रहे हैं। ट्रंप इस बात से पुलकित हैं कि गुजरात में स्वागत के लिए लाखों लोगों की भीड़ उमड़ेगी, जो मेडिसन स्क्वायर में मोदी के लिए इकट्ठा जमावड़े से कई गुना बड़ी होगी। वह यह भी ऐलान कर चुके हैं कि फेसबुक पर अनुसरण करनेवाले पैमाने पर वह पहले पायदान पर हैं, तो दूसरे पायदान पर मोदी। ये दिल्लगी की बातें राष्ट्रहित साधन के लिए बहुत सार्थक नहीं हैं। असली मुद्दा दोनों देशों के सामरिक व आर्थिक हितों में संयोग/सन्निपात या टकराव का है।

यह स्पष्ट करने की जरूरत भी है कि आज का भारत नेहरूयुगीन गुटनिरपेक्ष देश नहीं है। जब से आर्थिक सुधारों का दौर शुरू हुआ है और भारत ने भूमंडलीकरण का मार्ग चुना है, समाजवादी नीतियों की तिलांजलि दे दी गई है।

सरकार कांग्रेस की अगुवाईवाली हो या भाजपा की, दोनों इस बारे में एकमत हैं कि आज अमेरिका के साथ विचारधारा के आधार पर कोई टकराव नहीं है। इसके साथ, व्लादिमीर पुतिन के शासन में रूस का चेहरा एशिया से यूरोप और मध्य-पूर्व की तरफ मुड़ा है। आज इस महाशक्ति के साथ किसी विशेष संबंध का दावा भारत नहीं कर सकता। रूस ने न केवल चीन के साथ अपने संबंधों को बड़े कौशल से संतुलित किया है, बल्कि दक्षिण एशिया में पाकिस्तान को भी भारत की तरफदारी से असहज नहीं किया है।

आज पुतिन को भारत की जरूरत वैसी नहीं, जैसी तब थी,



जब रूस अराजकता और दिवालिएपन की कगार पर खड़ा था। सैनिक साजो-सामान की खरीद हो या साइबेरिया में तेल गैस की खोज के लिए पूंजी निवेश, आज पुतिन के पास दूसरे विकल्प हैं। मध्य-पूर्व में अमेरिका को संतुष्ट करने की ललक ने भारत को ईरान तथा फिलिस्तीनियों से अलग किया है। हम अनायास सऊदी अरब तथा इजरायल के करीब पहुंच चुके हैं।

इन सब का निष्कर्ष यह नहीं निकाला जा सकता है कि अमेरिका के साथ टकराव या मतभेद की गुंजाइश नहीं है। मोदी मेक इन इंडिया, मेड फॉर इंडिया पर जोर देते हैं, तो ट्रंप की प्राथमिकता अमेरिका फर्स्ट है। वह एकाधिक बार यह दोहरा चुके हैं कि चीन की तरह भारत का सस्ता श्रम और माल अमेरिकी मेहनतकशों को बेरोजगार बनाता रहा है।

वह उन अमेरिकी कंपनियों को दंडित करने की धमकी देते रहे हैं, जो उनकी चेतावनी अनसुनी कर भारत में (तथा चीन में) उत्पादक इकाइयां स्थापित कर रहे हैं या वहां से बीपीओ चला रहे हैं। यह नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए कि ट्रंप भूमंडलीकरण द्वारा प्रोत्साहित मुक्त व्यापार की समग्र व्यवस्था को तहस-नहस करने का बेलगाम अभियान चला रहे हैं।

यह कल्पना नहीं की जा सकती है कि इस यात्रा के दौरान दो देशों के बीच कुछ ऐसे सौदे पटाए जा सकेंगे, जो दोनों के लिए बराबर लाभदायक हों। ट्रंप की कोशिश रहेगी कि भारत अपने बाजार अमेरिकी उत्पादों तथा सेवाओं के लिए खोल दे, परंतु भारत के उत्पाद और सेवाएं बदले में ऐसी सहूलियत पाने की आशा नहीं कर सकते। दुर्भाग्य से सुर्खियां वीजा की संख्या तक सीमित रह जाती हैं, जबकि पड़ताल इस बात की होनी चाहिए कि अमेरिका के साथ भारत के व्यापार को संतुलित करने के प्रयासों का असर हमारी आबादी के किस तबके पर पड़ेगा? जिन सौदों को लेकर चर्चा गर्म है, उनमें हेलिकॉप्टरों से लेकर मुर्गी की टांगें तक शामिल हैं।

फल, सब्जियां, दूध से तैयार होनेवाली चीजें जब बड़े पैमाने पर आयात की जाएंगी, तब क्या हमारे किसानों-पशुपालकों की स्पर्द्धा के लिए समतल मैदान बचा रहेगा? इसी तरह की आशंकाएं तपती धरती और मौसम में बदलाव के कारण पर्यावरणीय संकट से जुड़ी हैं। ट्रंप की नजर में यह खतरा काल्पनिक है या अमेरिका को पछाड़ने की शातिर साजिश। जाहिर है, भारत इस सोच को यथावत कबूल नहीं कर सकता।

हाल में अमेरिका ने भारत को विकासशील देशों की सूची से बाहर कर दिया है। तो हम क्या यह समझें कि विकासशील देशों को दी जानेवाली रियायतों से हम वंचित किए जा रहे हैं? कब तक हम यही सोच कर हुलसते रहेंगे कि अमेरिका हमारा समर्थन सुरक्षा परिषद की स्थाई सदस्यता के बारे में करता है तथा आतंकवादियों को पनाह देने के मुद्दे पर पाकिस्तान की कड़ी आलोचना करता है? सोचने लायक बात यह है कि क्या ठोस कदम अमेरिका ने पाकिस्तान पर अंकुश लगाने के लिए या भारत को परमाण्विक ईंधन की आपूर्ति करनेवाले परिवार का सदस्य बनाने के लिए उठाए हैं?

भारत-अमेरिका संबंधों को मोदी-ट्रंप की जुगलबंदी तक सीमित नहीं रखा जा सकता है। इस वक्त जब तुर्की, मलेशिया तथा नेपाल आदि भारत की तात्कालिक परेशानियों का लाभ उठाकर हम पर दबाव डालने का प्रयास कर रहे हैं, अमेरिका से सामरिक सहयोग के एवज में समुचित प्रतिदान के बारे में दूरदर्शी तरीके से सोचने की अनिवार्यता है।

आखिरकार कब मिलेगा निर्भया को न्याय

आशुतोष चतुर्वेदी

न्याय में देरी, अन्याय है- न्याय के क्षेत्र में अक्सर इस सूत्र वाक्य का प्रयोग होता है। इसका भावार्थ यह है कि यदि किसी को न्याय मिल जाता है, लेकिन इसमें बहुत अधिक देरी हो गई हो, तो ऐसे न्याय की सार्थकता नहीं रहती है। यह सिद्धांत ही त्वरित न्याय के अधिकार का आधार है। यह सूत्र वाक्य न्यायिक सुधार के समर्थकों का प्रमुख हथियार है।


अब नजर डालें निर्भया मामले पर। देश की राजधानी दिल्ली के वसंत विहार इलाके में 16 दिसंबर, 2012 की रात 23 साल की पैरामेडिकल छात्रा निर्भया के साथ चलती बस में बहुत ही बर्बर तरीके से सामूहिक दुष्कर्म हुआ। घटना के बाद उसे बचाने की हर संभव कोशिश हुई, पर उसकी मौत हो गई। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने बस चालक सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया था। इनमें एक नाबालिग भी था, जिसे तीन साल तक सुधार गृह में रखने के बाद रिहा कर दिया गया, जबकि एक आरोपी राम सिंह ने जेल में खुदकुशी कर ली।

फास्ट ट्रैक कोर्ट ने सितंबर, 2013 में इस मामले में चार आरोपियों पवन, अक्षय, विनय और मुकेश को दोषी ठहराते हुए फांसी की सजा सुनाई। मार्च, 2014 में हाइकोर्ट ने इस सजा को बरकरार रखा। फिर मई, 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने भी इस फैसले पर मुहर लगा दी। मई, 2017 में देश की सर्वोच्च अदालत ने जिस फैसले की पुष्टि कर दी, उसके गुनहगारों को अब तक सजा नहीं मिली है। पहली बार फांसी की तारीख 22 जनवरी तय हुई थी, पर न्यायिक दांव-पेच के कारण यह टल गई और आज भी मामला उलझा हुआ है।

मामले की सुनवाई के दौरान निर्भया की मां एक बार अदालत में ही फूट-फूट कर रो पड़ी थीं। उन्होंने कोर्ट से कहा था कि मेरे अधिकारों का क्या? मैं भी इंसान हूं, मुझे सात साल हो गए, मैं हाथ जोड़ कर न्याय की गुहार लगा रही हूं। यह वह घटना है, जो महीनों तक देशभर के मीडिया की सुर्खियों में रही। इस घटना को लेकर कई शहरों में व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए थे। जन आक्रोश को देखते हुए तत्काल जस्टिस जेएस वर्मा की अध्यक्षता में एक समिति बनाई गई थी और ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए रेप कानूनों में बदलाव कर कड़ा किया गया था।

यह मामला भी फास्ट ट्रैक में चला, सजा भी सुनाई गई, लेकिन गुनहगारों को सजा नहीं मिल पाई है। दिल्ली जेल नियमों के अनुसार एक ही अपराध के चारों दोषियों में से किसी को भी तब तक फांसी नहीं दी जा सकती, जब तक कि वे दया याचिका सहित सभी कानूनी विकल्प नहीं आजमा लेता। लिहाजा, सभी दोषी एक-एक कर अपने विकल्पों का इस्तेमाल कर व्यवस्था की कमजोरी का फायदा उठा रहे हैं।

इसका दूसरा पहलू यह है कि इससे आम आदमी के जहन में पूरी कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो जाते हैं। यह स्थिति किसी भी समाज के लिए अच्छी नहीं है। कुछ दिनों पहले हैदराबाद के बहुचर्चित रेप कांड में पकड़े गए चारों अभियुक्तों का पुलिस ने



एनकाउंटर कर दिया। एनकाउंटर के जरिए 'तत्काल न्याय' से पूरी न्याय प्रणाली पर देशव्यापी बहस छिड़ गई। मुठभेड़ की खबर लगते ही लोग घटनास्थल पर पहुंचे और कुछेक लोग पुलिस पर फूल बरसाते भी नजर आए।

यह एनकाउंटर हैदराबाद से 50 किलोमीटर दूर उसी स्थान पर हुआ, जहां दुष्कर्म हुआ था। इसमें कोई शक नहीं है कि ऐसी घटनाओं से हमारी पूरी न्याय व्यवस्था पर संकट उत्पन्न होने का खतरा है, लेकिन इस सवाल का जवाब भी देना जरूरी है कि क्या दुष्कर्म जैसे जघन्य अपराध की शिकार बेटी को तुरंत न्याय पाने का अधिकार नहीं है?

बड़ी संख्या में लोगों का इसके पक्ष में आना सामाजिक व्यवस्था की विफलता का भी संकेत है। पूरे देश और समाज को यह चिंतन करना होगा कि न्याय प्रणाली को दुरुस्त कैसे किया जाए? राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार 2014 में अदालतों ने दुष्कर्म के 27.4 फीसदी मामलों में फैसले सुनाए थे। 2017 में ऐसे मामलों में फैसला सुनाने में गति में मामूली तेज हुई और 31.8 फीसदी तक हो गई, लेकिन एक और चिंताजनक खबर आ रही है कि अपराधी सबूत मिटाने की गरज से दुष्कर्म पीड़िता को जला दे रहे हैं। देश में इस तरह के कुल 574 मामलों में से 90 फीसदी अब भी अदालतों में लंबित हैं।

महिला उत्पीड़न की घटनाएं बताती हैं कि हमने महिलाओं का सम्मान करना बंद कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि दुष्कर्म से पीड़ित महिला स्वयं अपनी नजरों में ही गिर जाती है और जीवनभर उसे उस अपराध की सजा भुगतनी पड़ती है, जो उसने किया ही नहीं होता है। दरअसल, यह केवल कानून व्यवस्था का मामला नहीं है। यह हमारे समाज की सड़न का प्रगटीकरण भी है।

निर्भया के अलावा दो और चर्चित मामलों पर नजर डालते हैं। 2009 में आईटी प्रोफेशनल जिगिशा घोष की दिल्ली में हत्या कर दी गई थी। एक आईटी कंपनी में ऑपरेशन मैनेजर 28 साल की जिगिशा को 18 मार्च, 2009 की रात में तब अगवा कर लिया गया था, जब वह दफ्तर की कैब से घर के बाहर उतरीं। तीन आरोपी जिगिशा को अपनी सेंट्रो कार से गुडगांव और दिल्ली के विभिन्न इलाकों में घुमाते रहे। उनके एटीएम कार्ड से पैसे निकाले, उनके मोबाइल और गहने छीनने के बाद गला घोंट कर उनकी हत्या कर दी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तीनों कातिलों को पकड़ा। इस मामले में निचली अदालत ने दो अभियुक्तों को फांसी और एक को उम्र कैद की सजा सुनाई थी।

बाद में दिल्ली हाइकोर्ट ने दो में से एक दोषी की फांसी की सजा को घटा कर उम्र कैद कर दिया और दूसरे की उम्र कैद की सजा बरकरार रखी। फिलहाल, यह मामला सुप्रीम कोर्ट में है और फैसले का इंतजार है। दिल्ली की टीवी पत्रकार सौम्या विश्वनाथन हत्या का मामला भी अरसे तक सुर्खियों में रहा। 30 सितंबर, 2008 को जब सौम्या अपनी ड्यूटी खत्म कर देर रात अपनी कार से घर वापस जा रही थीं, तब उनकी हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने तीन लोगों को आरोपी बनाया, जो बाद में आईटी प्रोफेशनल जिगिशा घोष की हत्या के भी अभियुक्त पाए गए। 2008 से इस मामले की सुनवाई अभी निचली अदालत में ही चल रही है। हाल में दिल्ली हाइकोर्ट ने इस मामले की सुनवाई जल्द पूरी करने का निर्देश दिया है।

यह स्थिति देश की राजधानी दिल्ली के तीन चर्चित मामलों की है। दुष्कर्म की सभी घटनाएं सभ्य समाज को शर्मसार करती हैं। सरकारों, न्यायपालिका और समाज का यह दायित्व है कि ऐसी घटनाओं का कोई भी दोषी बच कर नहीं निकल पाना चाहिए। न्याय केवल होना ही नहीं चाहिए, बल्कि होते हुए दिखना भी चाहिए।

राशिफल

आज दिनांक 19 फरवरी, 2020, बुधवार, विक्रम संवत् 2076, फाल्गुन माह, कृष्ण पक्ष एकादशी, पूर्वा आषाढ़ा नक्षत्र, बालव करण, वज्र योग, राहुकाल : दोपहर 12.40 से 2.04 बजे तक, सूर्योदय 7.04 बजे, सूर्यास्त 6.17 बजे, चंद्रोदय रात 3.51 बजे, दोपहर चन्द्रास्त 2.32 बजे। अमृतकाल 20 फरवरी 2.23 से 4.05, ब्रह्म मुहूर्त सुबह 5.28 से 6.16 बजे तक, चन्द्रमा धनु राशि में।

मेष आप को क्रोध पर संयम बरतने के लिए सलाह देते हैं। ऐसा नहीं करने पर आप के कार्य और सम्बंध भी बिगड़ने की संभावना है। मानसिकरूप से व्यग्रता और बेचैनी के कारण किसी कार्य में आपका मन न लगे यह हो सकता है। स्वास्थ्य भी कुछ नरम-गरम रहेगा। किसी धार्मिक स्थल अथवा मांगलिक प्रसंग में उपस्थित रहने का आमंत्रण मिलेगा।

वृषभ शारीरिकरूप से अस्वस्थ रहने से तथा कार्यसफलता प्राप्त करने में विलंब होने से आप निराश हो जाएंगे। आज किसी नए कार्य का शुभारंभ न करे। खान-पान में उचित अनुचित का विवेक रखें। आज कार्यभार अधिक रहेगा। इसलिए शिथिलता रहेगी।

मिथुन शारीरिक और मानसिकरूप से आप खुशी का अनुभव करेंगे। मित्रों और परिवारजनों के साथ प्रवास या पर्यटनस्थल पर घूमने-फिरने का आनंद उठा सकेंगे। स्वादिष्ट भोजन का स्वाद ले सकेंगे और नए वस्त्रों की खरीदी भी करेंगे। वाहनसुख भी मिलेगा। आपके मान-सम्मान और लोकप्रियता में भी वृद्धि होने के संकेत हैं।

कर्क व्यवसाय में आज का दिन लाभदायी रहेगा। कार्यालय में सहकार्यकरों का सहकार भी प्राप्त होगा। परिवारजन आपके साथ आज आनंदपूर्वक समय बिताएंगे। मानसिक रूप से भी आप संपूर्ण स्वस्थ अनुभव करेंगे। प्रतिस्पर्धियों पर विजय मिलेगी।

सिंह आज सृजनात्मकता और कला संबंधी प्रवृत्तियों के लिए दिन श्रेष्ठ है। विद्यार्थीगण भी अभ्यास में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पाएंगे। स्नेहीजनों और मित्रों के साथ भेंट होगी। शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। फिर भी क्रोध पर संयम रखें, जिससे मानसिक एकाग्रता बनी रहेगी। कार्य में यश प्राप्त होगा। खर्च की मात्रा अधिक रहेगी।

कन्या आजका दिन प्रतिकूलताओं से भरा रहेगा। शारीरिक स्फूर्ति का आज अभाव रहेगा और मानसिक रूप से भी चिंता बनी रहेगी। पत्नी के साथ कलह का प्रसंग बन सकता है अथवा तो अनबन हो सकती है। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। स्थावर संपत्ति के कार्य में सावधानी बरतें।

तुला आज का दिन आनंद में बीतेगा। प्रतिस्पर्धियों के समक्ष विजय का स्वाद प्राप्त कर सकेंगे। प्रत्येक कार्य सफलता लेकर आएगा। स्वजनों के साथ भी आज भेंट होगी। मानसिक रूप से भी प्रसन्नता बनी रहेगी। धार्मिक प्रवास से मन आनंद का अनुभव करेगा।

वृश्चिक परिवार में क्लेशमुक्त वातावरण बनाने के लिए वाणी पर संयम रखने के लिए सलाह देते हैं। आपके वर्तन से आज किसी के मन को ठेस पहुंच सकती है। इसलिए वर्तन भी संयमित रखें। वैचारिकरूप से नकारात्मकता आप पर प्रभुत्व न जमा दे इसका ध्यान रखें।

धनु आज धार्मिक प्रवास होगा। आप निर्धारित कार्यों को आज संपन्न कर सकेंगे। शारीरिक और मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी, जिससे स्फूर्ति और प्रसन्नता छाई रहेगी। परिवार में मांगलिक प्रसंग बनेंगे। स्वजनों के साथ हुई मुलाकात मन को प्रसन्न करेगी।

मकर आज धार्मिक और आध्यात्मिक विषयों में रुचि रहने से उन कार्यों के पीछे व्यस्तता रहेगी तथा उनके पीछे खर्च भी होगा। कोर्ट-कचहरी से संबंधित कार्य उपस्थित होंगे। व्यावसायिक कार्यों में विघ्न उपस्थित होंगे। स्नेहीजनों की प्रतिष्ठा में हानि होगी।

कुंभ आज का दिन लाभदायी है। व्यावसायिक क्षेत्र में आपके लिए आज लाभदायी दिन है। मित्रों के साथ भेंट होने से मन में आनंद छाया रहेगा। उनके साथ प्रवास का आयोजन भी हो सकता है। नए कार्य का शुभारंभ आपके लिए लाभदायी रहेगा।

मीन व्यावसायिक दृष्टि से आज आपके लिए लाभदायी दिन है। आपकी कार्यसफलता के कारण ऊपरी अधिकारी आप पर प्रसन्न रहेंगे। व्यवसाय में पदोन्नति के भी योग हैं। व्यापारियों को व्यापार में लाभ होगा तथा उनके कार्य क्षेत्र में वृद्धि भी होगी। पिता से लाभ होगा। परिवार में वातावरण आनंददायी रहेगा।

ध्यान देने योग्य बातें

एक आदमी जंगल से गुजर रहा था। उसे चार स्त्रियां मिलीं । उसने पहली से पूछा- बहन तुम्हारा नाम क्या है ? उसने कहा 'बुद्धि' तुम कहां रहती हो? मनुष्य के दिमाग में। दूसरी स्त्री से पूछा- बहन तुम्हारा नाम क्या है ? 'लज्जा'। तुम कहां रहती हो? आंख में।

तीसरी से पूछा- तुम्हारा क्या नाम है?

'हिम्मत' कहां रहती हो? दिल में ।

चौथी से पूछा - तुम्हारा नाम क्या है?

'तंदुरूस्ती' तुम कहां रहती हो? पेट में।

प्रेरक प्रसंग

वह आदमी अब थोड़ा आगे बढ़ा तो फिर उसे चार पुरुष मिले। उसने पहले पुरुष से पूछा- तुम्हारा नाम क्या है?

'क्रोध'। तुम कहां रहते हो? दिमाग में। दिमाग में तो बुद्धि रहती हैं, तुम कैसे रहते हो? जब मैं वहां रहता हूं तो बुद्धि वहां से विदा हो जाती है।

दूसरे पुरुष से पूछा - तुम्हारा नाम क्या है? उसने कहां-' लोभ'। तुम कहां रहते हो? आंख में। आंख में तो लज्जा रहती है तुम कैसे रहते हो। जब मैं आता हूं तो लज्जा वहां से प्रस्थान कर जाती है ।

तीसरे से पूछा- तुम्हारा नाम क्या है? जवाब मिला 'भय'।

तुम कहां रहते हो? दिल में। वहां तो हिम्मत रहती है तुम कैसे रहते हो? जब मैं आता हूं तो हिम्मत वहां से नौ दो ग्यारह हो जाती है।

चौथे से पूछा- तुम्हारा नाम क्या है? उसने कहा- 'रोग'। कहां रहते हो? पेट में। पेट में तो तंदुरुस्ती रहती है, जब मैं आता हूं तो तंदुरुस्ती वहां से रवाना हो जाती है।

जीवन की हर विपरीत परिस्थिति में यदि हम उपरोक्त वर्णित बातों को याद रखें तो कई चीजें टाली जा सकती हैं।

सुडोकु 284

		5						8
	4		1	9			7	
	7			3	6		5	
		2				7	8	1
					7	3		5
	1							
		8						
6			7			4	3	
					4			2

संकेत: आड़े, खड़े व 3 गुणा 3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। उत्तर अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा।

सुडोकु-283 का हल

3	2	7	4	1	5	6	9	8
1	4	5	6	8	9	7	2	3
6	8	9	3	7	2	1	4	5
5	9	4	7	2	6	8	3	1
2	1	6	8	5	3	4	7	9
7	3	8	9	4	1	5	6	2
8	7	3	1	9	4	2	5	6
9	5	1	2	6	7	3	8	4
4	6	2	5	3	8	9	1	7

सचिन को 2011 वर्ल्ड कप विनिंग मोमेंट के लिए यह अवॉर्ड मिला, खिलाड़ियों ने कंधे पर घुमाया था

सचिन को लॉरेस स्पोर्टिंग मोमेंट अवॉर्ड

मेसी और हैमिल्टन संयुक्त रूप से स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर चुने गए



सचिन तेंदुलकर को 2011 वर्ल्ड कप विनिंग मोमेंट के लिए यह अवॉर्ड मिला।



दिव्यांग वर्ग में स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ द ईयर अवॉर्ड अमेरिकी स्किएर ओकसाना मास्टर्स को मिला।



जर्मनी की फॉर्मूला-3 ड्राइवर सोफिया फ्लोर्स्च को वर्ल्ड कमबैक ऑफ द ईयर के लिए चुना गया।



फॉर्मूला वन ड्राइवर लुइस हैमिल्टन को संयुक्त रूप से स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर चुना गया।



जर्मनी के बास्केटबॉल खिलाड़ी डिर्की नोविजकी को लॉरेस लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड मिला।

खेल संवाददाता

जर्मनी की राजधानी बर्लिन में मंगलवार को सचिन तेंदुलकर को 2011 वर्ल्ड कप विनिंग मोमेंट के लिए लॉरेस स्पोर्टिंग मोमेंट अवॉर्ड के लिए चुना गया है। सचिन के इस लम्हे को 'कैरीड ऑन द शोल्डर्स ऑफ ए नेशन' शीर्षक दिया गया है। साथ ही अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी और फॉर्मूला वन ड्राइवर लुइस हैमिल्टन को संयुक्त रूप से स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर चुना गया। महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में भारत ने 2011 में मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में श्रीलंका को 6 विकेट से हराकर वर्ल्ड कप जीता था। फाइनल जीतने के बाद खिलाड़ियों ने सचिन को कंधे पर उठाकर मैदान का 'लैप ऑफ ऑनर' लगाया था। इस तस्वीर को स्पोर्टिंग मोमेंट अवॉर्ड के लिए सबसे ज्यादा वोट मिले थे। वह सचिन का छठा वर्ल्ड कप था। उससे पहले वे 2003 में फाइनल खेले थे, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था।

लॉरेस अवॉर्ड के 20 साल के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ

6 बार के फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैम्पियन हैमिल्टन और 6 बार के फीफा वर्ल्ड प्लेयर ऑफ द ईयर मेसी के बीच वोटिंग के बाद मुकाबला टाई हो गया था। लॉरेस अवॉर्ड के 20 साल के इतिहास में यह पहली बार हुआ। इसके बाद स्पोर्टिंग ज्यूरी ने दोनों को संयुक्त रूप से अवॉर्ड के लिए चुना। मेसी यह अवॉर्ड पाने वाले पहले फुटबॉलर हैं।

अन्य अवॉर्ड्स

- अमेरिकन जिम्नास्ट सिमोने बिलेस ने 4 साल में तीसरी बार लॉरेस स्पोर्ट्सवीमन ऑफ द ईयर अवॉर्ड जीता। यह भी लॉरेस अवॉर्ड के इतिहास में पहली बार हुआ।
- अमेरिका की ही स्नोबॉर्डर क्लोइ किम को लॉरेस वर्ल्ड एक्शन स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ द ईयर अवॉर्ड के लिए चुना गया। उन्होंने यह अवॉर्ड लगातार दूसरे साल जीता है।
- दिव्यांग वर्ग में लॉरेस स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ द ईयर का सम्मान अमेरिकी स्किइंग चैम्पियन ओकसाना मास्टर्स को मिला। उन्होंने वर्ल्ड पैरा नोर्डिक स्किइंग चैम्पियनशिप में 5 गोल्ड और एक सिल्वर जीता।
- न्यूयॉर्क के फुटबॉल प्रोग्राम साउथ ब्रॉन्क्स यूनाइटेड को स्पोर्ट फॉर गुड अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस प्रोग्राम के जरिए युवाओं को फुटबॉल की शिक्षा दी जाती है।
- 2019 रग्बी वर्ल्ड कप जीतने वाली दक्षिण अफ्रीका को दूसरी बार लॉरेस वर्ल्ड टीम ऑफ द ईयर अवॉर्ड मिला। उसने फुटबॉल क्लब लीवरपुल और अमेरिका की महिला फुटबॉल टीम को पीछे छोड़ा।
- जर्मनी की फॉर्मूला-3 ड्राइवर सोफिया फ्लोर्स्च को वर्ल्ड कमबैक ऑफ द ईयर के लिए चुना गया। सोफिया को मकाउ ग्रांड प्रिक्स टूर्नामेंट में एक्सीडेंट के बाद गंभीर चोट आई थी। इससे उबरते हुए उन्होंने वापसी की।
- वर्ल्ड ब्रेकथ्रू ऑफ द ईयर अवॉर्ड कोलंबिया के साइकिलिस्ट एगन बर्नाल को मिला। वे टूर डी फ्रांस टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे युवा साइकिलिस्ट हैं।
- सचिन ने बर्लिन से एक फोटो भी शेयर की है। उन्होंने लिखा, ''लॉरेस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवॉर्ड्स के लिए बर्लिन में रहकर खुश हूं।'' तेंदुलकर की इस फोटो पर गांगुली ने कमेंट में लिखा, ''तेंदुलकर मैं गलत नहीं था।''

लॉरेस अवॉर्ड क्या है?

यह खेलों की दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित अवॉर्ड्स में से एक है। 1999 में लॉरेस स्पोर्ट फॉर गुड फाउंडेशन के डैमलर और रिचीमॉन्ट ने इसकी शुरुआत की थी। पहले अवॉर्ड 25 मई 2000 को दिए गए थे। इसमें 13 अलग-अलग कैटेगरी में अवॉर्ड दिए जाते हैं। अवॉर्ड में प्रमुख कैटेगरी लॉरेस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर, लॉरेस वर्ल्ड स्पोर्ट्सवूमन ऑफ द ईयर, लॉरेस वर्ल्ड टीम ऑफ द ईयर, लॉरेस वर्ल्ड कमबैक ऑफ द ईयर और लॉरेस वर्ल्ड ब्रेकथ्रू ऑफ द ईयर है।

एशियाई पैदल चाल चैंपियनशिप के लिए 13 सदस्यीय भारतीय टीम

खेल संवाददाता

नई दिल्ली। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ की चयन समिति ने जापान के नोमी में 15 मार्च को होने वाली एशियाई 20 किलोमीटर पैदल चाल



चैंपियनशिप के लिए 13 सदस्यीय भारतीय टीम का चयन किया है। चयन समिति ने रांची में 15 और 16 फरवरी को 7वीं राष्ट्रीय पैदल चाल चैंपियनशिप में प्रदर्शन के आधार पर टीम का चयन किया है। टीम में इरफ़ान केटी भी शामिल है जो टोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके है। इरफ़ान रांची में मांसपेशियों में खिंचाव के कारण स्पर्धा के बीच में से ही हट गए थे। महिला वर्ग में भावना जाट भी शामिल है जो टोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं।

रबादा और डू प्लेसिस की टी-20 में वापसी

खेल संवाददाता

केपटाउन। दक्षिण अफ्रीका की टी-20 और टेस्ट टीमों से कप्तानी छोड़ने वाले अनुभवी बल्लेबाज फाफ डू प्लेसिस और तेज गेंदबाज कैगिसो रबादा की टी-20 टीम में वापसी हुयी है। दक्षिण क्रिकेट बोर्ड ने सोमवार को यह घोषणा की। बोर्ड ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज में डू प्लेसिस और रबादा का चयन किया गया है। इसके अलावा इंग्लैंड के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने वाले तेम्बा बावुमा को भी टीम में शामिल किया गया है जो इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी मैच के दौरान चोटिल हो गए थे।



महिला टी-20 विश्व कप

भारत ने अभ्यास मैच में विंडीज को हराया

खेल संवाददाता

ब्रिस्बेन। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने टी-20 विश्व कप से पहले मंगलवार को यहां खेले गए अपने अंतिम अभ्यास मैच में वेस्टइंडीज को दो रन से हरा दिया। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट



पर 107 रन का स्कोर बनाया और फिर अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर वेस्टइंडीज की टीम को सात विकेट पर 105 रन पर रोक दिया। वेस्टइंडीज के लिए ली एन किर्बी ने सर्वाधिक 42, हैली मैथ्यूज ने 25 और चिनले हेनरी ने 17 रन बनाए। भारत की ओर से पूनम यादव ने तीन और शिखा पांडे, दीप्ति शर्मा तथा कप्तान हरमप्रीत कौर ने एक-एक विकेट लिए। इससे पहले, भारत ने आठ विकेट पर 107 रन का स्कोर बनाया। भारतीय टीम की तरफ से 10वें नंबर की बल्लेबाज शिखा पांडे ने सर्वाधिक नाबाद 24 रन बनाए। उनके अलावा दीप्ति शर्मा ने 21, पूजा वस्त्राकर ने 13 और शेफाली वर्मा ने 12 रनों का योगदान दिया। वेस्टइंडीज की तरफ से शमीलिया कोमैन और अनिसा मोहम्मद ने दो-दो जबकि चिनले हेनरी, एफी फ्लेचर, कप्तान स्टेफनी टेलर तथा एलियाह एलिनी ने एक-एक विकेट चटकाए। आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 21 फरवरी से शुरू होगा। भारतीय महिला क्रिकेट टीम को इस टूर्नामेंट में मौजूदा चैंपियन आस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और श्रीलंका के साथ ग्रुप-ए में रखा गया है। भारतीय टीम विश्व कप में अपना पहला मैच 21 फरवरी को मौजूदा चैंपियन आस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगा। ग्रुप-बी में पाकिस्तान, वेस्टइंडीज, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और थाईलैंड की टीमें शामिल हैं।

उम्मीद करता हूं आईपीएल से पहले पंड्या को कुछ क्रिकेट खेलने का मौका मिलेगा: शेन बॉन्ड

खेल संवाददाता

वेलिंगटन। मुंबई इंडियन्स के गेंदबाजी कोच शेन बांड चाहते हैं कि कमर की सर्जरी से उबर रहे हार्दिक



पंड्या 29 मार्च से शुरू हो रही इंडियन प्रीमियर लीग से पहले कुछ मैच खेलें। बांड फ्रेंचाइजी के साथ बैठक के लिए मुंबई जाने वाले हैं और पंड्या के बारे में पूछने पर मुंबई इंडियन्स के गेंदबाजी कोच ने भरोसा जताया कि यह आलराउंडर मजबूत वापसी करेगा। बांड ने कहा, 'मैं सिर्फ उम्मीद कर सकता हूं कि उसे आईपीएल से पहले कुछ क्रिकेट खेलने का मौका मिले और मेरा हमेशा से मानना है कि वापसी को लेकर जल्दबाजी करने से बेहतर है कि कुछ अधिक समय ले लिया जाए।% उन्होंने कहा, 'इसमें कोई संदेह नहीं कि वह वापसी करेगा। मुझे खुशी है कि वह हार्दिक के रिहैबिलिटेशन को लेकर पारंपरिक रवैया अपना रहे हैं और टी20, विशेषकर आईपीएल उसकी वापसी के लिए अच्छा रहेगा क्योंकि उससे अधिक गेंदबाजी नहीं कराई जाएगी। पंड्या ने हाल में बेंगलुरू की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में नेट सत्र में हिस्सा लिया था। नेट सत्र के दौरान पंड्या को थ्रोडाउन का सामना करते हुए देखा गया और वह अधिकतर समय सीधे बल्ले के साथ खेले। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अगले महीने एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के साथ वापसी करेंगे या आईपीएल में।

मैं कोहली जैसे बल्लेबाजों को आउट करने के लिए खेलता हूं: बाउल्ट

खेल संवाददाता

वेलिंग्टन। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बाउल्ट जब शुक्रवार से भारत के खिलाफ शुरू हो रही दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच में उतरेंगे तो उनकी नजरें विपक्षी टीम के कप्तान और बेहतरीन बल्लेबाज विराट कोहली को आउट करने की होगी। दोनों टीमों के बीच पहला टेस्ट मैच शुक्रवार से शुरू हो रहा है। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बाउल्ट ने कहा, फवह शानदार



खिलाड़ी हैं। हर कोई जानता है कि वह कितने महान हैं। मैं निजी तौर पर इसीलिए खेलता हूं कि मैं इस तरह के बल्लेबाजों को आउट कर सकूं और अपने आप को परख सकूं। बाउल्ट को आस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच हाथ में चोट लग गई थी और इसी कारण वह भारत के खिलाफ वनडे तथा टी-20 सीरीज से बाहर रहे थे। बाउल्ट जब चोट से वापसी कर रहे थे तब उनके घर में बेटे का जन्म हुआ। बाउल्ट ने कहा, फखेल से कुछ दिन दूर रहने के दौरान कुछ सप्ताह पहले मेरे दूसरे बेटे का जन्म हुआ। यह अच्छे समय पर हुआ। लेकिन मैं यहां आने के लिए उत्सुक था। बाउल्ट ने कहा कि उन्हें बेसिन रिजर्व की पिच से अच्छी उम्मीदें हैं।

अगर फिट रहा तो जरूर खेलूंगा 2023 वनडे विश्व कप: रॉस टेलर

खेल संवाददाता

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड के अनुभवी बल्लेबाज रॉस टेलर ने 2023 एकदिवसीय विश्व कप में खेलने की संभावना से इनकार नहीं करते हुए कहा कि वह टीम में जगह बनाने के काबिल हैं या नहीं, इसका फैसला अगले साल के आखिरी में लय, फिटनेस और खेलने की प्रेरणा पर आधारित होगा। 35 साल का यह खिलाड़ी भारत के खिलाफ यहां 21 फरवरी से शुरू हो रहे टेस्ट मैच से इस प्रारूप का अपना 100वां मैच खेलेगा। वह तीनों प्रारूप में 100 मैच खेलने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बनेंगे। टेलर ने कहा कि मैं इससे (2023 विश्व कप में खेलने की संभावना) इनकार नहीं करूंगा लेकिन मुझे लगता है कि अभी लंबा सफर तय करना है। मैं अभी अगले साल की तरफ देख रहा हूं और इस दौरान टी20 विश्व कप और घरेलू सत्र से मुझे अपने बारे में पता चलेगा। उन्होंने कहा कि क्या मैं खुद को खेलने के लिए प्रेरित कर पाउंगा? क्या मैं अच्छा खेल पाउंगा? क्या मैं फिट रहूंगा? और क्या मैं टीम में जगह पाने का हकदार रहूंगा? अगर इन सभी सवालों का जवाब हां में मिला तो जाहिर है कि 2023 मेरे लिये एक विकल्प होगा। आक्रामक क्रिकेट से पहचान बनाने वाले इस खिलाड़ी ने कहा कि वह खेल को जारी रखना चाहते है लेकिन इसके लिए वह खुद पर ज्यादा दबाव नहीं डालेंगे।



जेमीसन का खुलासा, बताया आकलैंड आने से बेहतर क्रिकेटर बनने में मिली मदद

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज काइल जेमीसन ने खुलासा किया है कि केंटरबरी छोड़कर आकलैंड आने से उन्हें अपने आक्रामक स्वभाव से निपटने और राष्ट्रीय टीम की ओर से खेलने के लिए बेहतर क्रिकेटर बनने में मदद मिली। हाल में भारत के खिलाफ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में पदार्पण करने वाले छह फीट आठ इंच लंबे जेमीसन को 21 फरवरी से बेसिन रिजर्व में शुरू हो रही दो टेस्ट की श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड की टीम में जगह दी गई है। दरअसल, जेमीसन के हवाले से कहा, 'मैं मैदान पर काफी जोशीला व्यक्ति हूं। मैं मैदान पर काफी आक्रामक हूं।% जेमीसन मौजूदा सत्र से पहले आकलैंड लौट आए जहां उनका जन्म हुआ था। इससे पहले 2016 में उन्होंने सुपर स्मैश में केंटरबरी की ओर से टी20 पदार्पण किया। जेमीसन ने कहा कि केंटरबरी में उनके आसपास काफी नकारात्मकता थी और इससे उनके बर्ताव पर असर पड़ा। जेमीसन ने आगे कहा, 'मेरे आसपास नकारात्मकता थी और इस माहौल का मैदान पर मेरे बर्ताव पर असर पड़ रहा था।% पिछले साल आस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला के लिए कवर के तौर पर टीम में शामिल किए गए 25 साल के जेमीसन ने कहा कि आकलैंड लौटने से उनके खेल में काफी अंतर आया। भारत के खिलाफ ईडन पार्क में दूसरे वनडे में पदार्पण करते हुए जेमीसन ने 25 रन बनाने के अलावा 42 रन देकर दो विकेट चटकाए थे।



स्पेन मास्टर्स में साइना, श्रीकांत की नजरें ओलंपिक क्वालीफिकेशन पर

खेल संवाददाता

बार्सिलोना। अनुभवी बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल और किदांबी श्रीकांत तोक्यो ओलंपिक 2020 में खेलने की उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए मंगलवार से यहां शुरू हो रहे स्पेन मास्टर्स में दमदार प्रदर्शन करना चाहेंगे। इन दोनों भारतीय खिलाड़ियों के लिए 2019 बेहद ही निराशाजनक रहा और इस साल की शुरुआत में भी उनके प्रदर्शन में दमखम की कमी




दिखी। साइना 2020 में खेले गए तीनों टूर्नामेंटों के पहले दौर की चुनौती ही पार कर सकीं जबकि श्रीकांत को तीनों प्रतियोगिताओं के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। साइना और श्रीकांत की मौजूदा रैंकिंग क्रमशः 18वीं (महिला) और 15वीं(पुरुष) है जबकि 'रेस टू तोक्यो% में यह देनों खिलाड़ी क्रमशः 22वें और 26वें स्थान पर हैं। बीडब्ल्यूएफ ओलंपिक क्वालीफिकेशन नियमों के मुताबिक, अप्रैल अंत में शीर्ष-16 रैंकिंग के अंदर रहने वाले खिलाड़ी ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई कर सकते हैं लेकिन एकल वर्ग में एक देश के अधिकतम दो खिलाड़ी क्वालीफाई कर सकते हैं। भारतीय खिलाड़ियों में एकल वर्ग में विश्व चैंपियन पीवी सिंधु और बी साई प्रणीत के अलावा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ने अपना टिकट लगभग पक्का कर लिया है। ओलंपिक टिकट हासिल करने की आखिरी तारीख अप्रैल के अंत तक है और तब तक सिर्फ सात टूर्नामेंट बचे हैं, ऐसे में भारतीय खिलाड़ियों को लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होगा। लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना अपने अभियान का आगाज जर्मनी की यूवोन्ने ली के खिलाफ करेंगी। तीसरी वरीयता प्राप्त श्रीकांत 1,70,000 डालर इनामी टूर्नामेंट में एक अन्य भारतीय खिलाड़ी शुभंकर डे के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेंगे।

एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप: सुनील ग्रीको रोमन के फाइनल में पहुंचे

खेल संवाददाता

नई दिल्ली। भारत के सुनील कुमार ने एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप के ग्रीको रोमन के 87 किग्रा भारवर्ग में मंगलवार को यहां



शानदार वापसी करते हुए फाइनल में जगह पक्की की। सुनील कजाखस्तान के अजामत कुस्तुबायेव के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले में 1-8 से पिछड़ रहे थे लेकिन उन्होंने लगातार 11 अंक बनाकर कर शानदार वापसी की और मुकाबले को 12-8 से अपने नाम किया। वह 2019 में भी फाइनल में पहुंचे थे लेकिन तब उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा था। रोम रैंकिंग सीरीज के रजत पदक विजेता सुनील फाइनल में किर्गिस्तान के सालिदिनोव के खिलाफ मैट पर उतरेंगे। इससे पहले अर्जुन हालाकुर्कि (55 किग्रा) के सेमीफाइनल में बेहतर स्थिति में होने के बाद मैच गंवा बैठे। वह ईरान के पौया मोहम्मद नासेरपौर से 7-8 से हार गये। कांस्य पदक के लिए अर्जुन का सामना कोरिया के डोगह्योओक वोन से होगा। मेहर सिंह को भी अंतिम चार के मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। उन्हें कोरिया के मिंसेओक किम ने 9-1 से हराया। दिन के पहले क्वालीफिकेशन बाउट में साजन के हारने से भारतीय उम्मीदों को झटका लगा। साजन को पदक का दावेदार माना जा रहा था लेकिन किर्गिस्तान के अंडर-23 एशियाई चैंपियन रेनत इलियाजुलु ने उन्हें 9-6 से हराया। सचिन राणा (63 किग्रा) को एलमरत तस्मुरादोव एकतरफा मुकाबले में 8-0 से हराया। रेपेचेज दौर में भी उन्हें निराशा मिली जहां कजाखिस्तान का यर्नूर फिदाखमेटोव को चुनौती नहीं दे सके और 6-3 से हार गये।

ईपीएल: मैनचेस्टर युनाइटेड ने चेल्सी को 2-0 से हराया






इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) में मंगलवार को मैनचेस्टर यूनाइटेड ने चेल्सी को 2-0 से हराया। यूनाइटेड ने 32 साल बाद एक सीजन में दो बार चेल्सी को शिकस्त दी। दो गोल एंटोनी मार्शल ने 45वें मिनट और हैरी मेग्युरे ने 66वें मिनट में गोल किए। इससे पहले 11 अगस्त को यूनाइटेड ने चेल्सी को 4-0 से हराया था। दोनों के बीच हुए पिछले 4 मैच यूनाइटेड ने ही जीते हैं। इस जीत के साथ मैनचेस्टर यूनाइटेड अंक तालिका में 38 पॉइंट के साथ 7वें नंबर पर पहुंच गई। टीम ने 26 में से 10 मुकाबले जीते हैं। 8 में उसे हार मिली, जबकि इतने ही मैच ड्रॉ रहे। वहीं, चेल्सी 41 अंक के साथ चौथे नंबर पर काबिज है। इस टीम ने 26 में से 12 मैच में सफलता हासिल की, जबकि 9 में उसे शिकस्त मिली। 5 मुकाबले ड्रॉ रहे हैं। चेल्सी ने इस सीजन में घर में खेले 7 मैच हारे हैं। 1994-95 के बाद ऐसा पहली बार हुआ है। साथ ही चेल्सी को इस सीजन में घरेलू लीग में पहला गोल करते हुए सभी 5 मैचों में शिकस्त मिली है। चेल्सी ऐसी दूसरी टीम है, जिसके एक प्रीमियर लीग में किए गए 2 गोल (वीडियो असिस्टेंट रेफरी) वीएआर द्वारा रद्द कर दिए गए।

ब्रिटेन को पीछे धकेल कर भारत बना विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था

2024 तक भारत को 50 खरब डालर की अर्थव्यवस्था बनाने का है लक्ष्य

वाणिज्य संवाददाता

नई दिल्ली। देश की अर्थव्यवस्था की रफ्तार पिछले कई वर्ष के निचले स्तर पर गिर जाने से विपक्ष के निशाने पर आई नरेंद्र मोदी सरकार के लिए अमेरिका के खोजी संस्थान वर्ल्ड पापुलेशन रिव्यू की रिपोर्ट खुशखबरी लाई है और भारत ने ब्रिटेन और फ्रांस को पीछे धकेलते हुए विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था का तमगा हासिल किया है।



भारत की जीडीपी 10510 अरब डालर के बराबर है

वर्ष 2019 के लिए इस रिपोर्ट में भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 29 खरब 40 अरब डालर के बराबर हो गया है जो ब्रिटेन से एक खरब और फ्रांस से दो खरब डालर से अधिक है। भारत इस मामले में ब्रिटेन की 28 खरब 30 अरब डालर और फ्रांस की 27 खरब 10 अरब डालर से आगे निकल गया है। रिपोर्ट के मुताबिक क्रय शक्ति क्षमता के आधार पर भारत की जीडीपी 10510 अरब डालर के बराबर है जो जापान और जर्मनी से भी अधिक है।

2024 तक भारत को 50 खरब डालर की अर्थव्यवस्था बनाने का है लक्ष्य

गौरतलब है कि है कि मोदी सरकार ने 2024 तक भारत को 50 खरब डालर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है और इस लिहाज से यह रिपोर्ट प्रधानमंत्री के इस सपने को पूरा करने की दिशा में अहम नजर आ रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में आर्थिक उदारीकरण का श्रीगणेश 1990 के दशक में शुरू हुआ और इसके बाद अर्थव्यवस्था को खोलने के लिए आर्थिक सुधार की दिशा में कई बड़े कदम उठाए गए जिनमें विदेशी व्यापार और निवेश पर नियंत्रण कम करना, उद्योगों पर नियंत्रण कम करना, सार्वजिनक क्षेत्र की कंपनियों का निजीकरण करना आदि शामिल है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत आत्मनिर्भर बनने की अपनी पहले की नीति से अब आगे बढ़ गया है और खुले बाजार वाली अर्थव्यवस्था के रुप में तेजी से सामने आया है।

अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने वर्ष 2018 के अंत में अपनी रिपोर्ट में कहा था कि 2019 में ब्रिटेन को पीछे धकेल कर भारत विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। आईएमएफ ने अपनी रिपोर्ट में कहा था ब्रिटेन के आर्थिक रुतबे में कमी आने की वजह विश्व उत्पादन में उभरते बाजारों की बढ़ती पकड़ है।

दुनिया के सबसे अमीर शख्स जेफ बेजोस का ग्लोबल प्रेम

जलवायु परिवर्तन पर दान करेंगे 71 हजार करोड़ रुपए

वाणिज्य संवाददाता

नई दिल्ली। दुनिया के सबसे अमीर शख्स और दिग्गज आईटी कंपनी अमेजन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जेफ बेजोस ने जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए करीब 71 हजार 419 करोड़ रुपए यानी 10 बिलियन डॉलर दान करने का एलान किया है। यह रकम उनकी कुल संपत्ति का 7.7 फीसदी है। जेफ बेजोस की संपत्ति करीब नौ लाख 28 हजार 444 करोड़ रुपए यानी 130 बिलियन डॉलर है। जेफ बेजोस ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर बताया कि वे बेजोस अर्थ फंड की शुरुआत करेंगे। पोस्ट में बेजोस ने लिखा, 'आज मैं बेजोस अर्थ फंड के लांच से बेहद खुश हूं। जलवायु परिवर्तन पृथ्वी के लिए एक बड़ा खतरा है। इसलिए जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए मैं अभी तक के ज्ञात तरीकों और इससे निपटने के लिए नए तरीकों दोनों के लिए काम करने का इच्छुक हूं।' पृथ्वी को बचाने के लिए यह पहल जलवायु वैज्ञानिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और गैर सरकारी संगठनों को फंड मुहैया कराएगी।

नाहरगढ़ रोड, मनिहारी बाजार व्यापार मंडल के चुनाव 21 को

वाणिज्य संवाददाता

जयपुर। नाहरगढ़ रोड मनिहारी बाजार व्यापार मंडल के चुनाव 21 फरवरी को सुबह 10 से 3 बजे तक यहां स्थित गोवर्धनाथ मंदिर में होंगे। चुनाव अधिकारी एडवोकेट एम.सी. मेहरा ने बताया कि चुनाव दो ग्रुपों के मध्य होंगे। प्रथम ग्रुप में अध्यक्ष पद के लिए मिंतर सिंह राजावत, महामंत्री पद पर श्याम सुन्दर लश्करी और कोषाध्यक्ष पद पर विनोद भगतानी हैं। दूसरे ग्रुप में अध्यक्ष पद पर राजेन्द्र कुमार खण्डेलवाल, महामंत्री पद पर दाऊ सिंह और कोषाध्यक्ष पद पर मोहन नवलानी हैं। चुनाव में बाजार के 343 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। चुनाव निष्पक्ष हो इसके लिए मताधिकार करने वाले व्यापारियों का परिचय पत्र देखने के बाद ही व्यापारी को मतदान करने दिया जाएगा। चुनाव के संबंध में अध्यक्ष पद के लिए चुनावी मैदान में बाजार के विकास कार्यों को करवाने के बाद दूसरी बार अपने भाग्य को आजमा रहे मिंतर सिंह का कहना है कि वे काम के दम पर फिर से चुनावी मैदान में आए हैं। उनका कहना है कि बाजार में दीपावली पर पहली बार सजावट करवाने, बाजार की सुरक्षा को देखते हुए रात्रि में गार्ड की व्यवस्था, व्यापारिक परिचय पुस्तिका, महीने के अंतिम रविवार को बाजार का सामूहिक अवकाश की घोषणा के साथ व्यापार मंडल के फंड का दोगुना किए जाने जैसे महत्वपूर्ण कार्यों की उपलब्धियों पर व्यापारियों से वोट मांग रहे हैं। वहीं, दूसरे ग्रुप में अध्यक्ष पद के दावेदार राजेन्द्र कुमार खण्डेलवाल व्यापारियों की समस्याओं के शीघ्र समाधान करवाने, अतिक्रमण, सफाई सीसीटीवी कैमरे जैसे वादे कर व्यापारियों से वोट मांग रहे हैं।

डीलशेयर शॉपिंग मेला के विजेताओं की घोषणा

150 से ज्यादा ग्राहकों को मिले आकर्षक पुरस्कार



वाणिज्य संवाददाता

जयपुर। बी-टू-सी रिटेल क्षेत्र की ई-कॉमर्स कंपनी डीलशेयर ने डीलशेयर शॉपिंग मेला के लकी ड्रॉ विजेताओं की घोषणा की है। इस अवसर पर 5 विजेताओं में स्वाती जैन, संजय, अमन, अर्जुन और भारती को बम्पर इनाम के तौर पर टीवीएस स्कूटर्स दिए गए। वहीं, अन्य पांच विजेताओं को व्हर्लपूल रेफ्रिजरेटर्स, पांच विजेताओं को एंड्राइड स्मार्ट फोन, 100 से अधिक विजेताओं को सांत्वनना पुरस्कार जीते तथा 50 विजेताओं को सिनेपोलिस कपल मूवी टिकट वाउचर्स दिए गए। इस अवसर पर डॉ. भवी मीना, सतवीर अलोरिया और डीलशेयर के सह संस्थापक-चीफप्रोडक्ट ऑफिसर रजत शिखर मौजूद थे।

हीरो की एक्सट्रीम 200आर और एक्सट्रीम 200एस बाइक्स महंगी

वाणिज्य संवाददाता

जयपुर। कीमतों में बढ़ोतरी के बावजूद हीरो की ये दोनों बाइक्स अभी भी अपने सेगमेंट की सबसे सस्ती बाइक्स हैं। एक्सट्रीम 200आर की टक्कर अपाचे आरटीआर 160 4वी और पल्सर एनएस 160 जैसी बाइक्स से है। स्पोर्ट्स लुक वाली एक्सट्रीम 200एस की मार्केट में टक्कर सुजुकी जिक्सर एसएफ 155 जैसी बाइक्स से है। हीरो मोटोकॉर्प ने अपनी 200 एस वाली दो बाइक्स की कीमत बढ़ा दी है। ये दोनों बाइक्स एक्सट्रीम 200आर और एक्सट्रीम 200 एस हैं। इनकी कीमत में क्रमश: 1 हजार रुपए और 900 रुपए का इजाफा हुआ है। कीमतों में बढ़ोतरी के बाद एक्सट्रीम 200आर की कीमत 91,900 और एक्सट्रीम 200एस की कीमत 99,400 रुपए हो गई है।



कंपनी ने मई में फुल फेयर्ड बाइक एक्सट्रीम 200एस को 98,500 रुपए की कीमत में लांच किया था। लांचिंग के तीसरे महीने ही हीरो मोटोकॉर्प ने इसकी कीमत बढ़ा दी है। वहीं, एक्सट्रीम 200आर को अगस्त 2018 में 89,900 रुपए की कीमत में बाजार में उतारा था। कंपनी ने अप्रेल 2019 में इसकी कीमत 1 हजार रुपए बढ़ाई थी। अब दोबारा इस बाइक की कीमत में 1 हजार रुपए का इजाफा हुआ है।

दोनों बाइक्स में 199.6 सीसी सिंगल-सिलिंडर, एयरकूल्ड इंजन है। यह इंजन 18एचपी का पावर और 17एनएम टॉर्क जनरेट करता है। इंजन 5-स्पीड ट्रांसमिशन से लैस है। इन बाइक्स में दोनों तरफ डिस्क ब्रेक दिए गए हैं। दोनों बाइक्स सिंगल चैनल एबीएस (एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम) से लैस हैं। एक्सट्रीम 200आर में डिजिटल एनालॉग इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, जबकि एक्स्ट्रीम 200एस में पूरी तरह डिजिटल यूनिट दी गई है। हीरो कंपनी के मार्केटिंग हैड गुरिन्द्र संधु ने बताया कि इलेक्ट्रिक गाड़ियों को तेजी से बढ़ावा दिया जा रहा है। यही वजह है कि देश में लगातार नई इलेक्ट्रिक कार से लेकर इलेक्ट्रिक स्कूटर और इलेक्ट्रिक बाइक तक आ रही हैं।

अगले साल तक देश में इलेक्ट्रिक गाड़ियों का सफर एक नए लेवल पर पहुंच जाएगा, क्योंकि साल 2020 तक यहां इलेक्ट्रिक सुपरबाइक से लेकर आर्टिफिशल इंटेलिजेंस से लैस इलेक्ट्रिक बाइक और कुछ स्टाइलिश लुक वाले इलेक्ट्रिक स्कूटर तक आने वाले हैं। ये इलेक्ट्रिक टू-वीलर्स बजाज, टीवीएस और हीरो जैसी बड़ी कंपनियों से लेकर नई स्टार्टअप कंपनियों तक के हैं।

टाटा की कारों पर 2 लाख तक का डिस्काउंट

बीएस-4 मॉडल्स को क्लियर करने के लिए लिया गया फैसला

वाणिज्य संवाददाता

नई दिल्ली। अगर आप कोई हैचबैक, सिडान या फिर एसयूवी गाड़ी खरीदने का प्लान कर रहे हैं, तो आपके पास बेहतरीन मौका है, क्योंकि टाटा मोटर्स अपनी गाड़ियों पर इस महीने दो लाख रुपए तक की बंपर छूट दे रही हैं।

भारत में 1 अप्रेल से बीएस 6 एमिशन नॉर्म्स लागू होने वाले हैं। ऐसे में कार निर्माता कंपनियां अपने हर मॉडल का बीएस-6 वर्जन उतारने में लगी हुई हैं। वहीं दूसरी ओर, बीएस-4 मॉडल्स को क्लियर करने के लिए इन पर भारी डिस्काउंट दे रही हैं। इस दौरान टाटा हैरियर से लेकर टाटा नेक्सॉन तक कारों पर 2 लाख रुपए तक डिस्काउंट मिल रहा है।



टाटा टिगारो कंपनी की काफी पसंद की जाने वाली कारों में से है। इस कार बीएस4 मॉडल्स के डीजल वेरियंट पर 70,000 तक और पेट्रोल वेरियंट पर अधिकतम 60,000 तक के बेनिफिट्स मिल रहे हैं।

टाटा टियागो कंपनी की एंट्री लेबल की कार है। इस कार के बीएस-4 डीजल मॉडल पर 50 हजार और पेट्रोल मॉडल पर 45 हजार रुपए का डिस्काउंट दिया जा रहा है। इस डिस्काउंट में कॉर्पोरेट डिस्काउंट, कैश डिस्काउंट और एक्सचेंज डिस्काउंट शामिल है।

टाटा बोल्ट कार पर डीलरशिप्स 80,000 रुपए तक डिस्काउंट ऑफर कर रही है। भारत में 1 अप्रेल से बीएस 6 नॉर्म्स लागू होने के बाद कंपनी इस मॉडल का प्रॉडक्शन बंद कर देगी।

कंपनी के मार्केटिंग हैड विवेक श्रीवत्सा ने बताया कि टाटा हेक्सा कार पर 2 लाख रुपए तक का डिस्काउंट दिया जा रहा है। साथ ही, 50 हजार रुपए का एडिशनल डिस्काउंट भी है। इस कार की कीमत 13 से 14 लाख रुपए तक है। श्रीवत्सा के अनुसार बताए गए सभी डिस्काउंट और डील के बारे में ज्यादा जानकारी के लिए अपने नजदीकी डीलरशिप जाकर जानकारी लें, क्योंकि अलग-अलग शहरों में बेनिफिट्स अलग-अलग हैं।

सेंसेक्स में 161.31 अंकों की गिरावट

वाणिज्य संवाददाता

नई दिल्ली। सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार को दिनभर के कारोबार के बाद शेयर बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। मंगलवार को लगातार चौथे दिन बाजार गिरावट पर बंद हुआ है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स 161.31 अंक यानी 0.39 फीसदी की गिरावट के बाद 40,894.38 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 53.30 अंक यानी 0.44 फीसदी की गिरावट के बाद 11,992.50 के स्तर पर बंद हुआ है। कोरोनावायरस का आतंक इस कदर छा गया है कि इसकी वजह से शेयर बाजार में जोरदार गिरावट देखी जा रही है। इसके चलते निवेशकों का रुख भी सावधानी भरा बना हुआ है। चीन में घातक कोरोनावायरस से 98 और लोगों की मौत हो जाने से संक्रमण से मरने वालों की संख्या मंगलवार को 1,868 हो गई और अभी तक इसके कुल 72,436 मामलों की पुष्टि हो चुकी है। इसके अतिरिक्त निराशाजनक तिमाही नतीजे और एशियाई बाजारों से मिले गिरावट के संकेत की वजह से भी बाजार प्रभावित हुआ। एजीआर का मामला भी गिरावट के कारकों में से एक है। टेलीकॉम कंपनियों के शेयरों के साथ-साथ बैंकों के शेयरों को लेकर भी निवेशक सतर्क रहे।



साइरस मिस्त्री ने सुप्रीम कोर्ट में दायर की याचिका, कहा- परिवार को मिलनी चाहिए और राहत

वाणिज्य संवाददाता

नई दिल्ली। साइरस मिस्त्री ने कहा कि उनका परिवार न्यायाधिकरण से ज्यादा राहत पाने का हकदार है। मिस्त्री परिवार के पास टाटा संस की



18.73 फीसदी हिस्सेदारी है। मिस्त्री ने इस मामले में कोर्ट में क्रॉस याचिका दायर की है। आम तौर पर क्रॉस अपील किसी एक फैसले के कुछ बिंदुओं के खिलाफ की जाती है। 25 जनवरी को मुख्य न्यायाधीश अरविंद बोबड़े की अगुवाई वाली तीन सदस्यीय पीठ ने राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) के 18 दिसंबर के आदेश पर रोक लगा दी थी, जिसमें मिस्त्री को टाटा संस के चेयरमैन पद पर बहाल कर दिया गया था। टाटा समूह द्वारा दायर याचिका पर यह स्थगनादेश जारी किया गया था। याचिका में मिस्त्री ने कहा कि टाटा के साथ समूह के संबंध 60 साल से ज्यादा पुराने अर्ध साझेदारी संबंध हैं, जिसमें उनकी टाटा संस की इक्विटी शेयर कैपिटल में 18.37 फीसदी हिस्सेदारी है और इसका फिलहाल बाजार मूल्य 1.5 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा है।' याचिका के मुताबिक, मिस्त्री कैम्प ने एनसीएलएटी के आदेश में मौजूद कई विसंगतियों को दूर करने की मांग की है, जिसमें अल्पांश शेयरधारकों के कथित उत्पीड़न के साथ ही टाटा संस को प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में तब्दील किया जाना शामिल है। यह बदलाव 24 अक्टूबर, 2016 को मिस्त्री को चेयरमैन पद से हटाए जाने के बाद किया गया था।


वेंडर डवलपमेंट कार्यक्रमों में उद्यमियों का बढ़ा रुझान : गुप्ता


तीन दिवसीय अन्तरराष्ट्रीय 38वां अधिवेशन 23 से

वाणिज्य संवाददाता

जयपुर। राजस्थान में फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र में अपार संभावनाओं को देखते हुए गत चार-पांच साल से निवेश को प्रोत्साहन मिले, इसके लिए ट्रेंड में बदलाव करते हुए राजधानी में अन्तरराष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित होने लगे हैं। इन बदलावों के तहत कारोबारी प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों और संबंधित उद्योग आधारित राष्ट्रीय प्रदर्शनी तथा वेंडर डवलपमेंट कार्यक्रमों के आयोजनों से नई इंडस्ट्रीज और कारोबार बढ़ाने के व्यापारियों के प्रयास सार्थक होंगे। जबकि पूर्व में लोग निजी स्तर पर इस क्षेत्र में निवेश करते थे, जिसकी उन्हें सम्पूर्ण जानकारी नहीं होती थी, इस कारण उद्यमियों को निवेश करने के बाद भी खास लाभ नहीं मिल पाता था।

लघु उद्योग संचालकों को इस क्षेत्र में बेहतर लाभ मिले इसके लिए व्यापारिक संगठनों की ओर से कारोबारी ग्रोथ को बढ़ावा देने के लिए इस बार सीतापुरा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित जेईसीसी में राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ तथा टीएएसओ कंपनी की ओर से 23 फरवरी से तीन दिवसीय 38वां अन्तरराष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित किया जा रहा है। 25 फरवरी तक आयोजित होने वाली इस प्रदर्शनी के माध्यम से विदेशी निवेशकों को निवेश का उचित मंच मिलेगा। इस एग्जिबिशन में करीब 400 कंपनियों के उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे। इनमें फूड प्रोडक्ट, कृषि उत्पाद, अनाज से बनी हुई वस्तुएं, मसाले, खाद्य तेल, फीड तथा फूड पैकेजिंग से संबंधित उद्योग अपनी मशीनरियां यहां प्रदर्शित होंगी तो वहीं राज्य की 247 मंडियों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। इस अवसर पर प्रदर्शनी के पोस्टर का विमोचन किया गया। जिसमें राजस्थान खाद्य पदार्थ संघ के मनोज मुरारका, केदारनाथ अग्रवाल, बाबूलाल गोयल, बाबूलाल गुप्ता, राजेन्द्र कुमार और सत्यनारायण चितलांग्या मौजूद रहे। राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ के चेयरमैन बाबूलाल गुप्ता ने बताया कि अधिवेशन में न केवल राजस्थान के उद्योग अपितु पूरे भारत के उद्योगों के प्रतिनिधि अपने उत्पादों को लेकर इसमें शामिल होंगे। इस एग्जिबिशन में करीब 400 जानी-मानी कंपनियों के उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे। इनमें फूड प्रोडक्ट, कृषि उत्पाद, अनाज से बनी हुई वस्तुएं, मसाले, खाद्य तेल, फीड तथा फूड पैकेजिंग से संबंधित उद्योग अपनी मशीनरियां निवेश के मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगी। लोगों की मांग को देखते हुए इस तरह के आयोजनों में वेंडर डवलपमेंट प्रोग्राम पर अधिक फोकस होने लगा है। जिससे कारोबारियों को प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों जैसे मसाले, डेयरी उत्पाद, ऑर्गेनिक





फूड उत्पाद, बेकरी उत्पाद, हेल्थ केयर तथा फूड सप्लीमेंट की जानकारी एक ही छत के नीचे मिलेगी। दूसरी ओर फूड प्रोसेसिंग मशीनरी, प्लांट्स, पैकेजिंग, बेकरी, फ्लोर मिल, मसाला ग्राइंडिंग, कोल्ड स्टोरेज प्लांट्स, इकाइयां, पेपर कप मशीन, टी-कॉफी वेंडिंग मशीन के अलावा फूड टेस्टिंग, ट्रेडमार्क, फूड सेफ्टी रजिस्ट्रेशन, लॉजिस्टिक्स जैसी सुविधाओं का उद्यमी को एक साथ समाधान मिलने लगा है। उद्यमियों को इस तरह की जानकारी विषय विशेषज्ञों द्वारा मुहैया करवाई जाने लगी है। राजस्थान में ऐसे आयोजनों के जरिए नई इकाइयां खुलने के साथ-साथ निवेश की राह भी आसान होने के अलावा युवा उद्यमियों को इस क्षेत्र से जोड़ना भी आसान होने लगा है।

गुप्ता का कहना है कि भारत चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा खाद्यान्न उत्पादक देश है। लेकिन राज्य में फूड प्रोसेसिंग की इकाइयों की संख्या गत 12-13 साल से स्थिर है। नई इकाइयों की संख्या में विस्तार नहीं होने से इस क्षेत्र में नए लोगों का प्रवेश नगन्य है। युवाओं का इस क्षेत्र में कारोबार के प्रति रुझान बढ़े इसके लिए खासतौर से ट्रेंड में बदलाव किए हैं। इससे राज्य में फूड प्रोसेसिंग की राह आसान होगी। वर्तमान में यह स्थिति है कि यहां उत्पादित कुल खाद्यान्न में से 20 से 25 फीसदी फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्रीज में इस्तेमाल हो रहा है जबकि अधिकतर कृषि जिंसों का निर्यात किया जा रहा है। इसकी मुख्य वजह राज्य में उचित भंडारण की कमी कही जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। भंडारण के अभाव में करीब 30 से 40 फीसदी अनाज खराब हो जाता है। गत दो तीन साल से राज्य में सबसे अधिक प्रोसेसिंग डेयरी सेक्टर में रहे जबकि कृषि जिंसों में काफी कम निवेश रहा।

एक छत के नीचे मिलेगी जानकारी

वेंडर डवलपमेंट प्रोग्राम, मार्केटिंग प्रेक्टिस फोर आउटसोर्सिंग, मार्केटिंग ट्रेड्स, फूड प्रोसेसिंग सेक्टर में व्यापार और रोजगार के अवसरों की कारोबारियों को विस्तृत जानकारी मिलेगी। प्रदर्शनी में विभिन्न तकनीकी सत्रों का भी आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन से जो कारोबारी नए उद्योग लगाना चाहते हैं तथा मौजूदा उद्योग को अपग्रेड करना चाहते हैं, उनके लिए यह आयोजन एक वरदान साबित होगा। क्योंकि यहां पर व्यापार और उद्योग के लिए सभी प्रकार की जानकारी एक ही छत के नीचे मिल सकेगी। राज्य में फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र की बात करें तो वर्तमान में 4350 इकाइयां हैं जबकि राज्य में करीब दोगुनी इकाइयों की और आवश्यकता है।

मंत्री परिषद ने कैबिनेट की बैठक में 5.25 लाख करोड़ रुपए के बजट को मंजूरी दी

योगी सरकार ने पेश किया उप्र के इतिहास का सबसे बड़ा बजट

विशेष संवाददाता

लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश की सरकार ने मंगलवार को विधानमंडल के दोनों सदनों में वित्तीय वर्ष 2020-21 का बजट पेश किया। मंत्री परिषद ने कैबिनेट की बैठक में लगभग 5.25 लाख करोड़ रुपए के बजट को मंजूरी दी है। सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ वित्त मंत्री सुरेश खन्ना लाल सूटकेस के साथ विधानसभा पहुंचे।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बजट पेश करते हुए योगी सरकार के पिछले कार्यकाल के दौरान किए गए विकास कार्यों की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने अपनी सरकार की प्राथमिकताओं का जिक्र भी किया। विकास के प्रति योगी सरकार की प्रतिबद्धता का जिक्र करते हुए सुरेश खन्ना ने ये पंक्तियां पढ़ीं...गैर परों से उड़ सकते हैं, हद से हद की दीवारों तक, अंबर तक तो वही उड़ेंगे, जिनके अपने पर होंगे। इस बार के बजट में 10



हजार 967 करोड़ 87 लाख की नई योजनाएं शामिल की गई।

गौरतलब है कि बजट आकार का अनुमान पहले ही लगा लिया गया था। विश्व बैंक की सहायता से प्रस्तावित उत्तर प्रदेश कोर रोड नेटवर्क परियोजना के लिए 830 करोड़ रुपये, ग्रामीण मार्गों के निर्माण हेतु 2305 करोड़, राज्य सड़क निधि हेतु 1500 करोड़, मार्गों के अनुरक्षण हेतु 3 हजार 524 करोड़ रुपए का ऐलान किया गया। मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना के लिए 100 करोड़ रुपए, जिसके तहत युवाओं को प्रशिक्षण के दौरान 2500 का स्टाइपेंड मिलेगा। कर्तव्य पालन के दौरान शहीद अथवा घायल हुए पुलिस व अग्निशमन सेवा के कर्मचारियों के परिवार को अनुग्रह भुगतान के लिए 27 करोड़ की व्यवस्था की गई है।

इसी प्रकार लखनऊ के कैंसर संस्थान के लिए 187 करोड़ रुपए और राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिए 477 करोड़ रुपए, इटावा स्थित मेडिकल कॉलेज के लिए 309 करोड़ रुपए, सैफई पीजीआई को 309 करोड़ रुपए, लखनऊ के एसजीपीजीआई के लिए 820 करोड़ रुपए, केजीएमयू लखनऊ के लिए 919 करोड़ रुपए की व्यवस्था। असाध्य रोगों के लिए निशुल्क इलाज की व्यवस्था के लिए 40 करोड़, प्रदेश के जिला पुरुष और महिला चिकित्सालयों के विकास के लिए 70 करोड़ रुपए की व्यवस्था बजट में की गई है। पॉक्सो के लिए 218 कोर्ट के गठन का फैसला, सांसदों, विधायकों, जनप्रतिधियों पर चल रहे मुकदमों के लिए एक स्पेशल कोर्ट की व्यवस्था, प्रदेश के जिलों में न्यायालयों में सीसीटीवी और अन्य सुरक्षा उपकरणों के लिए 75 करोड़ रुपए की व्यवस्था करने की घोषणा की गई है।

चमकेगा एक्सप्रेस-वे

एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं के लिए 3194 करोड़, सिंचाई क्षमता बढ़ाने के लिए 12208 करोड़, जेवर एयरपोर्ट के लिए 800 करोड़, अयोध्या में एयरपोर्ट के लिए 500 करोड़ की घोषणा।



काशी विश्वनाथ मंदिर के लिए भी बजट आवंटित

पूर्वांचल निधि के लिए 300 करोड़ और बुंदेलखंड निधि के लिए 210 करोड़, काशी विश्वनाथ मंदिर के लिए बजट में 200 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है।

मान्यता प्राप्त मदरसों और मकतबों पर भी फोकस

प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के लिए 783 करोड़ रुपए, मान्यता प्राप्त मदरसों व मकतबों के लिए 479 करोड़ रुपए, केंद्रीय मार्ग योजना के लिए 2 हज़ार 80 करोड़ रुपए की व्यवस्था, पुलों के निर्माण के लिए 2 हज़ार 529 करोड़ रुपए, प्रधानमंत्री मातृ योजना हेतु 291 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है।

गन्ना किसानों को गिफ्ट

गन्ने का समर्थन मूल्य 325 रुपये/क्विंटल करने का प्रस्ताव, मनरेगा के लिए 4,800 करोड़, मुसहर, वनटंगिया और थारू जनजातियों के आवास के लिए 370 करोड़ रुपये की व्यवस्था।



एक ने लड़ा था मनीष सिसोदिया के खिलाफ चुनाव

दिल्ली के 2 नेताओं की यूपी में सड़क हादसे में मौत



विशेष संवाददाता

नई दिल्ली । लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर सोमवार रात हुए भीषण सड़क हादसे में दिल्ली विधानसभा चुनाव 2020 में बतौर निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव लड़ने वाले 2 नेताओं विक्रम और सुरजीत सिंह की मौत हो गई। सुरजीत सिंह ने पटपड़गंज विधानभा सीट से आप प्रत्याशी मनीष सिसोदिया के खिलाफ चुनाव लड़ा था। वहीं, विक्रम ने त्रिलोकपुरी विधानसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर ताल ठोंकी थी।

दोनों ने सड़क हादसे में जान गंवा दी। मिली जानकारी के मुताबिक, सुरजीत सिंह मयूर विहार से बसपा के निगम पार्षद थे। कॉलेज से छात्र राजनीति में आ गए थे। इनके परिवार में दो पत्नियां, तीन बच्चे, मां और तीन भाई हैं।


दिल्ली विधानसभा चुनाव 2020 में सुरजीत सिंह ने पटपड़गंज विधानसभा क्षेत्र से दिल्ली सरकार में शिक्षा और वित्त मंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ निर्दलीय प्रत्याशी के तौर चुनाव लड़ा था। यह अलग बात है कि इस चुनाव में वह बुरी तरह हार गए थे और उनकी जमानत तक जब्त हो गई थी। सुरजीत सिंह ने दिल्ली नगर चुनाव 2017 में बहुजन समाज पार्टी का दामन छोड़कर भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन कर ली थी, इसके बाद से लगातार इस पार्टी से जुड़े रहे, लेकिन विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं मिलने पर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पटपड़गंज से चुनाव भी लड़ा था। सुरजीत साईं मंदिर के संस्थापक थे। 16 फरवरी सुरजीत अपने साथियों के साथ सुबह शादी में जाने के लिए प्रतापगढ़ (यूपी) निकले थे। रविवार रात को वह शादी में शामिल भी हुए। इसके बाद 17 फरवरी के दिन उत्तर प्रदेश के एक मंत्री से लखनऊ में मुलाकात की। फिर रात को कार से दिल्ली लौट रहे थे। लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर बस ने टक्कर मार दी। इसमें सुरजीत सहित चार की मौत हो गई

मुस्लिम समूह के दावे को अयोध्या डीएम ने किया खारिज, कहा- राम जन्मभूमि में कोई कब्रगाह नहीं

प्रशासन ने कहा कि जहां राम मंदिर का निर्माण होना है

विशेष संवाददाता

अयोध्या। क्या अयोध्या में राम जन्मभूमि मुस्लिम कब्रगाह पर बनाया जाएगा? इसे लेकर मुस्लिम पक्षों ने जो दावा किया है, उस पर जिला प्रशासन का खंडन आया है। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में जिला प्रशासन ने कहा कि जहां राम मंदिर का निर्माण होना है, वहां 67 एकड़ वाले राजजन्मभूमि के दायरे में कोई कब्रगाह नहीं है। दरअसल, जिला प्रशासन का यह जवाब उस पत्र के बाद आया है, जिसमें अयोध्या के एक मुस्लिम निवासियों के समूह ने मंदिर ट्रस्ट को पत्र भेजते हुए कहा था कि मुस्लिम के कब्रगाह पर राम मंदिर का बनाया जाना यह एक 'सनातन धर्म' का उल्लंघन होगा। अयोध्या जमीन विवाद में मुस्लिम पक्ष के वकील रहे एम.आर. शमशाद की तरफ से यह पत्र भेजा गया है। सुप्रीम कोर्ट के वकील एमआर शमशाद ने 15 फरवरी को अयोध्या के नौ मुस्लिमों की ओर से नवगठित श्री राम जामभूमि तीर्थक्षेत्र के न्यासी बोर्ड को लिख कर आग्रह किया कि ट्रस्ट राम जन्मभूमि परिसर के 67 एकड़ के दायरे में से चार से पांच एकड़ जमीन छोड़ दे, क्योंकि इसमें एक मुस्लिम कब्रिस्तान था। अयोध्या के जिला मजिस्ट्रेट अनुज झा ने कहा, %वर्तमान में राम जन्मभूमि के 67 एकड़ कैंपस के दायरे में कोई कब्रगाह नहीं है। हम सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन कर रहे हैं।% बता दें कि 15 फरवरी को भेजे गए पत्र में यह कहा गया ता कि जिस जगह पर बाबरी मस्जिद ढहाई



गई थी वहां पर एक कब्रगाह है, जहां पर 1885 में अयोध्या में दंगा के दौरान उन लोगों को दफनाया गया था। झा ने आगे कहा कि अयोध्या मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट को सभी मामलों से अवगत कराया गया था, जिनमें यह पत्र (वकील एमआर शमशाद द्वारा लिखित) भी शामिल था। सुनवाई के दौरान भी यह मुद्दा उठा था। सुप्रीम कोर्ट के जजमेंट (9 नवंबर, 2019 को) में भी इन सभी तथ्यों का स्पष्ट उल्लेख है। इस पत्र पर आगे कहा गया था- %रिकॉर्डेट फैक्ट्स के मुताबिक, 1885 दंगे में 75 मुसलमानों की हत्या की गई और मस्जिद के बाद एक कब्रगाह है, जहां पर उन शवों को दफनाया गया। हालांकि, उसके बाद इस जमीन का इस्तेमाल कब्रगाह के तौर पर होता रहा है।% पत्र में कहा गया है-%केन्द्र सरकार ने भव्य राम मंदिर निर्माण के लिए मुस्लिमों के कब्रगाह को कोई मुद्दा नहीं माना है। यह 'धर्म' का उल्लंघन है।

सीएए को लेकर आमने-सामने आई शिवसेना एनसीपी, ठाकरे पर पवार ने किया पलटवार

विशेष संवाददाता

मुंबई। नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) का देशभर में विरोध हो रहा है। कांग्रेस और उसकी सहयोगी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) जहां लगातार इस कानून का विरोध करते हुए इसे संविधान विरोधी बता रही है। वहीं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की पार्टी शिवसेना ने सीएए का समर्थन किया है। जिसे लेकर एक बार फिर शिवसेना और एनसीपी आमने आ गए हैं। माना जा रहा है कि दोनों के रिश्तों में दरार आ सकती है।

बता दें कि महराष्ट्र में शिवसेना-एनसीपी-कांग्रेस गठबंधन की सरकार है।महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ठाकरे ने मंगलवार को कहा कि सीएए के लागू होने से किसी को परेशान होने की जरुरत नहीं है। उन्होंने कहा, %सीएए और एनआरसी दोनों अलग-अलग हैं और एनपीआर अलग है। किसी को भी सीएए लागू होने से चिंता करने की जरुरत नहीं है। इसमें एनआरसी नहीं है और हम राज्य में इसे लागू



नहीं करेंगे।%महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने आगे कहा, %यदि एनआरसी लागू किया जाता है तो इससे न केवल हिंदू या मुस्लिम बल्कि आदिवासी भी प्रभावित होंगे। केंद्र सरकार ने अभी तक एनआरसी पर बातचीत नहीं की है।

एनपीआर एक जनगणना है और मुझे नहीं लगता कि इससे कोई भी प्रभावित होगा क्योंकि यह हर दस साल में होता है।% वहीं एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार का कहना है कि हमने सीएए के खिलाफ वोट किया था। पवार ने कहा, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे का इसपर अपना नजरिया हो सकता है लेकिन जहां तक एनसीपी का सवाल है हमने सीएए के खिलाफ वोट दिया था।सीएए के अलावा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने भीमा कोरोगांव पर भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, %एल्गार परिषद और भीमा कोरेगांव दो अलग-अलग मामले हैं। भीमा कोरेगांव मामला मेरे दलित लोगों से जुड़ा हुआ है और मामले से संबंधित जांच अभी तक केंद्र को नहीं दी गई है और इसे केंद्र को नहीं सौंपा जाएगा। केंद्र ने एल्गार परिषद् का मामले को संभाला है।

जामिया मामला

शरजील इमाम तीन मार्च तक न्यायिक हिरासत में

3 मार्च तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया

विशेष संवाददाता


नई दिल्ली। जामिया नगर के दंगों में जेएनयू के छात्र शरजील इमाम की भूमिका सामने आने के बाद उसे एक दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया था। जिसके बाद मंगलवार को दोबारा साकेत कोर्ट ने उसे 3 मार्च तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। 13 दिसंबर को हुई हल्की-फुल्की पत्थरबाजी से शरजील खुश नहीं था। ऐसे में उसने जामिया नगर में बड़ा दंगा करने के लिए लोगों को उकसाया। जामिया नगर में पहली बार माहौल शरजील इमाम की वजह से ही खराब हुआ था। उसने 13 दिसंबर को जामिया नगर में दो बार भड़काऊ भाषण दिया था। वह शाहीन बाग में 15 दिन से ज्यादा तक रहा था। दिल्ली पुलिस की एसआईटी ने उसकी आवाज के सैंपल ले लिए हैं। अपराध शाखा के एक अधिकारी ने बताया कि



शरजील 13 दिसंबर को सुबह जामिया नगर पहुंच गया था। उसने जामिया नगर में दोपहर को भाषण दिया। शाम को उसने फिर भड़काऊ भाषण दिया। इससे लोग भड़क उठे। उन्होंने पुलिस पर काफी देर तक पथराव किया था। पथराव के दौरान शरजील जामिया नगर में अंदर चला गया था। 13 दिसंबर के दंगे की एफआईआर जामिया नगर थाने में दर्ज है। शरजील 14 दिसंबर को भी जामिया नगर आया था। 15 दिसंबर को उसने शाहीन बाग में भड़काऊ भाषण दिया। पुलिस अधिकारी मान रहे हैं कि शरजील के शाहीन बाग में दिए।

न्यूज ब्रीफ

पूर्व सांसद, बंगाली अभिनेता तापस पॉल का निधन



विशेष संवाददाता

मुंबई। तृणमूल कांग्रेस के पूर्व सांसद तपस पॉल का 61 वर्ष की उम्र में हृदय गति रुकने के कारण मुंबई के एक निजी अस्पताल में मंगलवार तड़के निधन हो गया। तपस पॉल बंगाली फिल्मों के जाने माने अभिनेता थे। परिवारिक सूत्रों ने बताया कि पॉल अपनी बेटी से मिलने मुंबई गए थे। कोलकाता लौटते समय मुम्बई हवाई अड्डे पर उन्होंने सीने में दर्द की शिकायत की जिसके बाद उन्हें जुहू के एक अस्पताल ले जाया गया, जहां मंगलवार सुबह करीब चार बजे उनका निधन हो गया। उन्हें हृदय संबंधी बीमारियां थीं और पिछले दो साल से लगातार उनका इलाज चल रहा था। पॉल कृष्णानगर से दो बार सांसद और अलीपुर से विधायक रह चुके हैं। उनके परिवार में पत्नी और एक बेटी है। सीबीआई ने 2016 में रोज वैली चिटफंड मामले में उन्हें गिरफ्तार किया था और करीब 13 महीने बाद उन्हें जमानत मिली थी।

बयान

ट्विटर-फेसबुक पर गुजरातियों का एकाधिकार नहीं, उन्हें बिहारी ने ही सिखायाः प्रशांत किशोर

विशेष संवाददाता

पटना। जदयू से निकाले जाने के बाद चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने आज पहली बार प्रेस कॉन्फ्रेंस कर नीतीश कुमार पर हमला बोला। बिहार विकास की बात करने आए प्रशांत किशोर ने नीतीश कुमार को गोडसे की विचारधारा पर चलने वाला नेता तो बताया, साथ ही बिना नाम लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह पर भी निशाना साध लिया।

दरअसल, प्रशांत किशोर ने पटना में मंगलवार को एक तरह से एक तीर से दो निशाना साधा। एक ओर जहां उन्होंने बिहार विकास के मुद्दे पर नीतीश सरकार की आलोचना की तो वहीं दूसरी ओर ट्विटर और फेसबुक के इस्तेमाल को लेकर बिना नाम लिए पीएम मोदी-अमित शाह पर प्रहार किया। प्रशांत किशोर ने नीतीश कुमार के उस बयान का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने ट्विटर पर बोलने के लिए उनकी आलोचना की थी। नीतीश के उस बयान का जिक्र कर प्रशांत किशोर ने कहा, %बिहार के युवा अगर फेसबुक-ट्विटर चलाते हैं तो इसमें क्या गलत है? बिहार हमेशा पोस्टकार्ड वाला ही राज्य बना रहे, यह मैं नहीं चाहता हूं। फेसबुक और ट्विटर पर सिर्फ गुजरात के लोगों का एकाधिकार नहीं। गुजरात के लोगों को सीखाने वाले भी बिहार के ही थे।

प्रख्यात संपादक एम. एस मणि का निधन

विशेष संवाददाता

तिरुवनंतपुरम। केरल के चर्चित पत्रकारों में से एक एम.एस. मणि का मंगलवार सुबह उनके आवास पर निधन हो गया। परिवार के सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी। प्रख्यात संपादक काफी समय से बीमार चल रहे थे। 78 वर्षीय मणि लोकप्रिय मलयालम दैनिक केरल कौमुदी के पूर्व संपादक थे और वर्तमान में काला कौमुदी दैनिक के मुख्य संपादक थे।केरल कौमुदी का दैनिक संपादन करने वाले के. सुकुमारन के पुत्र मणि ने 1961 में अपना पत्रकारिता का करियर शुरू किया और 1962 में केरल कौमुदी के स्टाफ रिपोर्टर के रूप में दिल्ली आ गए। वह 1965 में राज्य की राजधानी लौटे और बाद में लंबे समय तक केरल कौमुदी के मुख्य संपादक के रूप में कार्यभार संभाला।

दाऊद के गैंग को सुपारी मिली थी

आईएसआई कसाब को समीर चौधरी के रूप में मारना चाहती थी

विशेष संवाददाता

मुंबई। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) ने मुंबई हमले के दोषी मोहम्मद अजमल आमिर कसाब को एक हिंदू के तौर पर मारना चाहती थी। यह खुलासा मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर राकेश मारिया ने अपनी किताब 'लेट मी से इट नाउ' में किया है। उनके मुताबिक, कसाब को बेंगलुरु निवासी समीर दिनेश चौधरी का आईडी कार्ड मुहैया कराया गया था और उसकी कलाई में लाल धागा भी बंधा गया था। आईएसआई ने कसाब को मारने के लिए दाऊद इब्राहिम के गैंग को सुपारी दी थी। एक अंग्रेजी वेबसाइट के मुताबिक,



मारिया ने लिखा- लश्कर-ए-तैयबा मुंबई हमले को 'हिंदू आतंकवाद' के तौर पर प्रोजेक्ट करना चाहता था। लश्कर की योजना थी कि इस हमले से कसाब को बेंगलुरू निवासी समीर चौधरी ठहराया जाए और सभी टीवी चैनलों और समाचार पत्र में इसे हिंदू आतंकी के तौर पर दिखाया जाए। लेकिन, उसकी यह योजना काम नहीं आई। बाद में जांच से पता चला कि अजमल कसाब पाकिस्तान के फरीदकोट का रहने वाला था। मारिया ने लिखा, कसाब यह मानता था कि भारत में मुस्लिमों को नमाज पढ़ने की अनुमति नहीं है और मस्जिदों को बंद रखा गया है। मैंने अपने जांच अधिकारी रमेश महाले को गाड़ी से मेट्रो सिनेमा के निकट मस्जिद में ले जाने का आदेश दिया था। जब उसने मस्जिद में नमाज होते देखी तो उसे इस पर विश्वास नहीं हुआ।

उन्होंने बताया कि दरअसल, कसाब लूटपाट के उद्देश्य से लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा था। उसकी जिहाद को लेकर कुछ करने की कोई योजना नहीं थी। कसाब और उसका दोस्त मुजफ्फर लाल खान अपनी आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए लूटपाट करना चाहते थे। इसीलिए हथियार खरीदने और अपने उद्देश्य को पूरा करने के लिए प्रशिक्षण लेना चाहते थे। कसाब को जिंदा रखना हमारी प्राथमिकता थी। मुंबई के पुलिस अधिकारियों में उसको लेकर गुस्सा और शत्रुता की भावना थी। पुलिस सुरक्षा की दृष्टिकोण से कसाब से जुड़ी किसी भी जानकारी को बाहर नहीं लाना चाहती थी। हम रोज उससे व्यक्तिगत पूछताछ करते थे। उसने मुझे आतंकवादी संगठन से जुड़ी काफी गोपनीय जानकारी भी दी थी। रोज की पूछताछ से कसाब और मेरे बीच संबंध बेहतर हो गए थे।

लोकसभा चुनाव के मुकाबले राज्यों में वोट शेयर कम होने से भाजपा की चिंता बढ़ी

विशेष संवाददाता

नई दिल्ली। झारखंड और दिल्ली विधानसभा चुनाव में हार के बाद चुनावी रणनीति की समीक्षा कर रही भारतीय जनता पार्टी राज्यों में अब 50 प्रतिशत वोट हासिल करने के लिए नई रणनीति पर विचार कर रही है। इसके लिए लोकप्रिय स्थानीय नेतृत्व को बढ़ावा देने और समान विचारधारा वाले क्षेत्रीय दलों के साथ गठजोड़ पर गंभीरता से विचार कर रही है।

झारखंड में जेवीएम (पी) के नेता बाबूलाल मरांडी की बीजेपी में वापसी को इसी नजरिये से देखा जा रहा है। दिल्ली में चुनावी हार के बाद हुई समीक्षा बैठकों से मिले संकेतों के मुताबिक बीजेपी नेतृत्व भविष्य में प्रदेशों में होने वाले चुनावों में, जहां संभव होगा, मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार देने को प्राथमिकता देगा। पिछले सप्ताह यहां हुई समीक्षा बैठकों में मौजूद सूत्रों ने बताया कि झारखंड और दिल्ली में पार्टी को समर्थन न मिलने का एक कारण उसके पास लोकप्रिय मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार न होना भी था। झारखंड में मुख्यमंत्री रघुवर दास के नेतृत्व में पार्टी ने चुनाव लड़ा था, जिनके खिलाफ कार्यकर्ताओं में नाराजगी की खबरें आलाकमान को भी मिली थीं।

जबकि, दिल्ली में बीजेपी ने किसी को भी मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित नहीं किया। बीजेपी सूत्रों के मुताबिक, नेतृत्व की चिंता लोकसभा और विधानसभा चुनावों में उसे मिल रहे वोट शेयर के अंतर से बढ़ी है। पिछले दो लोकसभा चुनावों में बीजेपी को गठबंधन के सहयोगियों समेत 17 राज्यों में 50 फीसदी से अधिक वोट मिले, लेकिन राज्यों के विधानसभा चुनावों में वह काफी पीछे रही। बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु और पूर्वोत्तर के कई राज्यों में बीजेपी का मुकाबला क्षेत्रीय दलों से है।

सिर्फ पीएम मोदी के चेहरे पर राज्यों की लड़ाई जीतना मुश्किल

सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डिवेलपिंग सोसाइटी (सीएसडीएस) के निदेशक संजय कुमार ने कहा कि भाजपा ने राज्यों के चुनावों में सशक्त चेहरा नहीं दिया, जिसका उसे नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने कहा, इसमें कोई शक नहीं है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश में सबसे लोकप्रिय नेता हैं, लेकिन प्रदेशों के चुनाव में उनकी सीमाएं हैं। दिल्ली के बाद पार्टी के सामने पश्चिम बंगाल की चुनौती है जहां विधानसभा चुनाव होने हैं। दिल्ली की तरह पश्चिम बंगाल को लेकर भी पार्टी की रणनीति अभी स्पष्ट नहीं है।

विपक्ष की गोलबंदी फेल हो, इसके लिए 50 प्रतिशत वोट का लक्ष्य

पार्टी के एक रणनीतिकार ने कहा, इसे ध्यान में रख कर हमें देखना होगा कि हमारी रणनीति 50 फीसदी से अधिक वोट हासिल करने की हो, क्योंकि क्षेत्रीय दल यदि कांग्रेस के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ते हैं तो ज्यादा संभावना है कि उन्हें मिलने वाले वोट अधिक हों। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, हम समीक्षा कर रहे हैं। हमें देशभर में 51 प्रतिशत वोट शेयर तक जाने के लिए योजनाबद्ध ढंग से बढ़ना है। इसके लिए प्रदेश नेतृत्व को बढ़ावा देने के साथ ही क्षेत्रीय दलों से गठजोड़ की रणनीति का विकल्प भी सामने है।

कोरोना वायरस की नहीं मिल रही कोई दवा

महानगर संवाददाता

पेइचिंग। दुनियाभर में और खासकर चीन में तांडव मचा रहा कोरोना वायरस थमने का नाम नहीं ले रहा। इसके चलते चीन में रोजाना सैंकड़ों जानें जा रही हैं। ताजा आंकड़े की बात करें तो पिछले 24 घंटों में मरने वालों की संख्या 98 हो गई और इस बीमारी से अब तक वहां 1868 लोगों की मौत हुई है। वहीं चीन में स्वास्थ्य अधिकारी घातक कोरोना वायरस से पीड़ित रोगियों पर अब प्राचीन पारंपरिक उपचार का इस्तेमाल कर रहे हैं। वुहान में इस बीमारी के प्रकोप के खिलाफ चिकित्सक पारंपरिक चीनी चिकित्सा का उपयोग पश्चिमी दवाओं के साथ मिलकर कर रहे हैं। वर्तमान में दुनिया भर के वैज्ञानिक कोरोना वायरस का टीका बनाने के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं लेकिन अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है। वैज्ञानिक यह जांच भी कर रहे हैं कि क्या एच.आई.वी. और इबोला की दवाएं कोरोना वायरस के लक्षणों के उपचार में प्रभावी हो सकती हैं। चीन के डॉक्टर कोरोना वायरस के संक्रमण के लिए अब हजारों साल पुराने पारंपरिक चिकित्सा का इस्तेमाल कर रहे हैं। चीन में बायोमैडीकल अध्ययन का एक डाटाबेस जिसे 'द चाइनीज क्लिनिकल ट्रायल रजिस्ट्री' कहा जाता है, में चल रहे नियंत्रित परीक्षणों के साथ-साथ पारंपरिक दवाओं को भी सूचीबद्ध किया गया है। यह एक चीनी हर्बल दवा है जिसमें 'लियान क्यूओ' का अर्क होता है। कहा जाता है कि इस सूखे फल का उपयोग 2,000 से अधिक वर्षों पहले संक्रमण के इलाज के लिए किया गया था। इस परीक्षण में लगभग 400 मरीजों को शामिल



किया गया है। एक्यूपैंचरटुडे के अनुसार, इसे 'फोरसाइथिया' के नाम से भी जाना जाता है, जो एक प्रकार का पौधा है और पूरी दुनिया में पाया जाता है और इसे इसके फूलों के आकार और रंग के कारण 'गोल्डन बेल' के रूप में भी जाना जाता है। चीन में यह पौधा शांक्सी, हेनान, शानक्सी और गांसु प्रांतों में पाया जाता है। इस पौधे के फल का औषधीय रूप से उपयोग किया जाता है। हर्बल उपचार में इस्तेमाल करने से पहले इसके फलों से बीजों को निकाल दिया जाता है और फलों को धूप में सुखाया जाता है। पारंपरिक चीनी चिकित्सा में इसका इस्तेमाल दिल, फेफड़े और पित्ताशय से जुड़े रोगों के इलाज में किया जाता है। इसके अलावा इसका उपयोग शरीर की गंदगी साफ करने और बुखार व सिरदर्द जैसे लक्षणों से राहत पाने के लिए भी किया जाता है। कहां मिलता है यह फल और इसका कितनी मात्रा में करना चाहिए सेवन इसकी खुराक 6 से 15 ग्राम सूखे फल के बीच होती है जिसका काढ़ा बनाकर सेवन किया जा सकता है। कुछ चिकित्सक 10 ग्राम की दैनिक खुराक की सलाह भी देते हैं। कुछ एशियाई बाजारों में इसके सूखे फल मिल सकते हैं। इसके अलावा पाऊडर और कैप्सूल के रूप में भी हर्बल दुकानों और विशेष दुकानों पर उपलब्ध होता है। इस फल का इस्तेमाल करने से पहले डॉक्टर से सलाह लें। उन रोगियों को इसका सेवन करने से बचना चाहिए, जो खून की कमी से पीड़ित हैं। इसे गर्भावस्था के दौरान नहीं लिया जाना चाहिए।

जापान के जहाज पर फंसे कोरोना संक्रमित लोगों को मुफ्त बांटे आईफोन

टोक्यो। जापान सरकार ने डायमंड प्रिंसेस क्रूज शिप पर फंसे कोरोना वायरस से संक्रमित यात्रियों के बीच 2,000 आईफोन बांटे। फोन में सोशल मीडिया एप लाइन को इंस्टॉल करके दिया गया है ताकि लोग मैसेजिंग के जरिए डॉक्टर से कोरोना से बचने के लिए सुझाव ले सकें। जापान के स्वास्थ्य, श्रम और कल्याण मंत्रालय, निजी मामलों के मंत्रालय और आंतरिक मामलों के मंत्रालय और संचार मंत्रालय के सहयोग से, यात्रियों और चालक दल को 2,000 आईफोन प्रदान किए हैं। आईफोन में पहले से ही लाइन एप इंस्टॉल किए गए है जिनकी मदद से यात्री जापान में चिकित्सा विशेषज्ञों के साथ बात कर सकेंगे। जहाज के चालक दल



और यात्रियों दोनों के लिए हर केबिन में कम से कम एक आईफोन दिया गया है। जापान से बाहर रजिस्टर्ड गूगल प्ले-स्टोर और एप स्टोर में शायद लाइन एप डाउनलोड करने का विकल्प शायद नहीं मिलता है। इससे पहले क्रूज के कई मेंबर ने बताया था कि आईफोन में लाइन एप को आसानी से इस्तेमाल किया जा सकता है, जबकि एंड्रॉयड के साथ ऐसा नहीं है। बता दें कि डायमंड प्रिंसेस क्रूज शिप में करीब 3,700 यात्री फंसे हैं, जिनमें से छह भारतीय हैं। जहाज पर 1100 क्रू मेंबर हैं, जिनमें से 132 भारतीय हैं। इनमें से 350 लोग कोरोना से संक्रमित पाए गए है। इस क्रूज में मौजूद भारत की सोनाली ठक्कर भी है, हालांकि ठक्कर के कोरोनावायरस से संक्रमित नहीं होने की जानकारी के बाद उनके पिता दिनेश ठक्कर ने प्रधानमंत्री मोदी से उन्हें भारत वापस लाने के लिए गुहार लगाई है।

चीन से लाए गए 200 भारतीयों को आज मानेसर सेंटर से मिलेगी छुट्टी

नई दिल्ली। चीन में कोरोना वायरस के संक्रमण वाले क्षेत्र वुहान से स्वदेश जाए गए भारतीय नागरिकों में संक्रमण का खतरा समाप्त होने की पुष्टि के बाद इन्हें मानेसर स्थित पृथक केंद्र से आज मंगलवार को छुट्टी दे दी जाएगी। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से प्राप्त जानकारी के मुताबिक हरियाणा में गुरुग्राम के पास स्थित पृथक केंद्र से मंगलवार को 220 लोगों को छुट्टी मिल जाएगी। गौरतलब है कि वुहान से लाए गए 647 भारतीय और मालदीव के सात नागरिकों को दिल्ली के छावला और हरियाणा के मानेसर स्थित आईटीबीपी और सेना के पृथक केंद्रों में कोरोना वायरस संबंधी चिकित्सा निगरानी के लिए रखा गया है।

इनमें छावला केंद्र में मौजूद 406 नागरिकों में से 200 को सोमवार को स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन की मौजूदगी में छुट्टी दी गई थी। मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि चिकित्सा निगरानी मानकों के मुताबिक निर्धारित अवधि पूरी करने वाले 220 लोगों को मंगलवार को छुट्टी दी जाएगी। ये लोग अब अपने गंतव्य को जा सकेंगे। इन केंद्रों में रखे गए लोगों को संक्रमण नहीं होने की पुष्टि के बाद चरणबद्ध तरीके से छुट्टी दी जा रही है।

कोरोना वायरस से वुहान के अस्पताल निदेशक की मौत

बीजिंग। चीन में एक अस्पताल के निदेशक की मंगलवार को कोरोना वायरस से मौत हो गई। चीन के सरकारी मीडिया सीसीटीवी ने यह जानकारी दी। वुहान स्थित वुचांग अस्पताल के निदेशक लिउ झिमिंग की जान बचाने के सारे प्रयास विफल हो गए और उनकी मौत हो गई । लिउ से पहले कोरोना वायरस के कारण अस्पताल के निदेशक स्तर के व्यक्ति के मरने की खबर नहीं आई थी। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, देश में कोरोना वायरस से अब तक छह चिकित्सा कर्मियों की मौत हो चुकी है।

कराची में जहरीली गैस से 6 लोगों की मौत



महानगर संवाददाता

कराची। पाकिस्तान के दक्षिणी शहर कराची में जहरीली गैस के संपर्क में आने से 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 से ज्यादा बीमार है। पुलिस के हवाले से मीडिया सूत्रों ने बताया- अस्पताल में भर्ती कई पीड़ितों ने सांस लेने में हो रही परेशानी की शिकायत की है। पुलिस द्वारा अभी तक इस घटना का कारण पता नहीं लगाया जा सका है। मीडिया सूत्रों के मुताबिक, केमरी जेट्टी इलाके में कार्गो शिप से केमिकल उतारने के दौरान रिसाव की आशंका है।

सिंध के मुख्यमंत्री मुराद अली शाह ने अधिकारियों से घटना की जानकारी ली और उन्हें रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा है। पाकिस्तान के मैरीटाइम मंत्री अली हैदर जैदी ने ट्वीट किया- केमरी में जहरीली गैसों की वजह से जानमाल के नुकसान के बारे में सुना। यह घटना बंदरगाह पर नहीं हुई। कराची पोर्ट ट्रस्ट (केपीटी) के अधिकारियों को घटना के कारण की जांच के लिए भेजा गया है। उन्होंने मीडिया से इस घटना पर कोई भी टिप्पणी नहीं करने का अनुरोध किया है।

पाक जा रहे चीन के जहाज को गुजरात में रोका मिले मिसाइल लांचिंग प्रणाली के उपकरण

महानगर संवाददाता

गांधीधाम। पाकिस्तान जा रहे चीन के जहाज दा कुइ युन। जिसे कस्टम विभाग की टीम ने लगभग दो हफ्ते से गुजरात के कंडला बंदरगाह के पास रोक कर रखा है, में कथित तौर पर परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम मिसाइल को लांच करने वाले उपकरण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा मिला है। यह जहाज, जिस पर हांग कांग का झंडा लगा था, चीन के जियांगयिन बंदरगाह से कराची के मोहम्मद बिन कासिम बंदरगाह के लिए गत 17 जनवरी को यात्रा शुरू की थी। इसे 3 फरवरी को भारतीय कस्टम ने रूकवा कर जांच के लिए कंडला बंदरगाह के जेट्टी संख्या 15 पर रोक रखा है। इसकी जांच के बारे में हालांकि कंडला बंदरगाह और कस्टम के अधिकारी पूरी तरह चुप्पी साधे हुए हैं पर सूत्रों ने बताया कि उच्च स्तरीय खुफिया सूचना के आधार पर इसे रोका गया है।

संदेह इसलिए भी अधिक था क्योंकि यह पाकिस्तान के जिस कासिम बंदरगाह पर जा रहा था वह पाकिस्तान का परमाणु कार्यक्रम विकसित करने वाली संस्था सुपारको के निकट हैं। इसमें चालक दल समेत कुल 22 लोग सवार हैं। सूत्रों



ने बताया कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के वैज्ञानिकों की एक टीम पहले ही इसकी पड़ताल कर चुकी है और आज एक और दल के इस जहाज पर मिले उपकरण की पड़ताल करने की पूरी संभावना है। हालांकि जहाज का चालक दल यह दावा कर रहा है कि यह उपकरण औद्योगिक ड्रायर है जिसका उपयोग सुखाने आदि के लिए किया जाता है पर प्रथम दृष्टया यह लगता है कि यह दरअसल ऑटोक्लेव है जो मिसाइल लांच करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इसकी लंबाई लगभग 17 से 18 मीटर और चौ?ाई करीब चार मीटर है। अगर यह सचमुच ऑटोक्लेव हुआ तो चालक दल और जहाज के मालिक के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय निर्यात आयात नियमों के तहत कारवाई होगी। सूत्रों ने बताया कि संदेह इसलिए और भी गहरा हो जाता है कि चीन और पाकिस्तान के बीच कई खुले और गुप्त सैन्य समझौते हैं और लगभग तीन दशक पहले चीन ने पाकिस्तान को 30 से अधिक ठोस ईंधन चालित ऐसे मिसाइल देने के लिए करार किया था जो परमाणु अस्त्र ले जाने में सक्षम हैं। सूत्रों ने बताया कि देश के सुरक्षा परिदृश्य के लिए यह एक चिंताजनक बात भी है। इसलिए इसे बेहद गंभीरता से लिया जा रहा है। ज्ञातव्य है कि यह कोई पहली बार नहीं है कि इस तरह से किसी विदेशी जहाज को पक?ा गया है। इससे पहले वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध के दौरान उत्तर कोरिया के एक जहाज को भी कंडला के निकट पक?ा गया था जिसमें जलशोधन उपकरण की आ? में ले जाये जा रहे मिसाइल उपकरणों को जब्त किया गया था।

जयशंकर ने यूरोपीय संघ के नेताओं से मुलाकात की

महानगर संवाददाता



ब्रसेल्स। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यूरोपीय संघ (ईयू) के शीर्ष नेताओं से मुलाकात कर आर्थिक सहयोग, जलवायु परिवर्तन तथा क्षमता निर्माण जैसे विविध मुद्दों पर चर्चा की। सप्ताह के अंत में भारतीय विदेशमंत्री एस जयशंकर जर्मनी में म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में शामिल होकर भारत लौटे। उनके इस दौरे का उद्देश्य अगले महीने होने वाले भारत-ईयू सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शामिल होने की योजना के मद्देनजर तैयारियों का जायजा लेना था। विदेश मंत्री ने अंतरराष्ट्रीय साझेदारी पर यूरोपीय संघ की आयुक्त जुट्टा उरपिलाईनेन से भी मुलाकात की। दोनों नेताओं ने क्षमता निर्माण तथा विकास साझेदारी के अनुभवों के बारे में बातचीत साझा की। जयशंकर ने ट्वीट किया, ''आर्थिक सहयोग, जलवायु परिवर्तन तथा क्षमता निर्माण जैसे विविध मुद्दों पर समन्वय भारत और ईयू दोनों के लिए लाभदायक है।'' ईयू की विदेशी मामलों से संबंधित परिषद में मंत्री ने सकारात्मक तथा उपयोगी परस्पर वार्तालाप भी किया। उन्होंने कहा,'' इस सम्मेलन में भाग ले रहे सभी विदेश मंत्रियों, राजदूतों और वरिष्ठ अधिकारियों प्रमुख एचआर (उच्च प्रतिनिधि) जोसेफ बोरेलएफ का शुक्रिया। इस अहम साझेदारी को और मजबूत बनाने के लिए सभी को साथ काम करने का इंतजार है।'' उन्होंने यूरोपीय ग्रीन डील के कार्यकारी उपाध्यक्ष फ्रांस टिमरमन्स से भी मुलाकात की। दोनों नेताओं ने संवहनीयता, जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण एवं नवाचार संबंधी अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने यूरोपीय संसद के सदस्यों के साथ विचार विमर्श किया।इसके बाद जयशंकर ने ट्वीट किया, ''वार्तालाप के मुख्य मुद्दे राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक थे। भारत में तथा ईयू के साथ हमारे संबंधों में उनकी गहन रुचि देखी।''

इमरान के झूठ की खुली पोल

लापता नहीं मसूद अजहर, पाक में जैश के सेफ हाउस में छिपा



महानगर संवाददाता

इस्लामाबाद। आंतकवाद की पनाहगाह बने पाकिस्तान के झूठ की एक बार फिर पोल खुल गई है। पाकिस्तान ने चंद घंटे पहले आंतकी मसूद अजहर के लापता होने की बात कही थी, लेकिन खुफिया सूत्रों के मुताबिक वह पाकिस्तान में ही छिपकर रहा है और इमरान खान सरकार को इसकी जानकारी भी है। अजहर के ठिकानों का पता ऐसे वक्त में चला है जब पाकिस्तान फाइनैंशल ऐक्शन टास्क फोर्स के सामने यह कह रहा है कि मसूद अजहर लापता हो गया है। जानकारी के मुताबिक भारत का मोस्ट वॉन्टेड आतंकी मसूद अजहर फिलहाल पाकिस्तान के बहावलपुर शहर में रह रहा है। बहावलपुर के रेलवे लिंक रोड पर उसका ठिकाना है। जिस जगह मसूद अजहर छिपा है वह बहावलपुर आतंकी हेडक्वॉर्टर के पीछे है। वहां काफी तगड़ी सिक्यॉरिटी भी है। कहा तो ये भी जाता है कि जहां मसूद अजहर छिपा है, उस घर में बम हमले का भी कोई असर नहीं होगा। मसूद के अन्य तीन ठिकानों का भी पता चला है। इसमें कसूर कॉलोनी बहावलपुर, मदरसा बिलाल हबसी खैबर पख्तूनख्वा और मदरसा मस्जिद-ए-लुकमान खैबर पख्तूनख्वा शामिल हैं। बता दें कि 2016 में हुए पठानकोट हमले से संबंधित जो डोजियर पाकिस्तान को सौंपा गया था उसमें एक फोन नंबर ऐसा था जिसका लिंक बहावलपुर टेरर फैक्टरी से था। मसूद अजहर जैश-ए-मोहम्मद का सरगना है और भारत में हुई कई आतंकी घटनाओं का मास्टरमाइंड है। पिछले साल पुलवामा में 14 फरवरी को हुए आतंकी हमले की जिम्मेदारी भी जैश ने ही ली थी।

अलेपो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा दोबारा खुलेगा

दमिश्क। सीरिया के परिवहन मंत्रालय ने कहा कि अलेपो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर परिचालन 19 फरवरी से दोबारा शुरु किया जाएगा। सेना ने हवाई अड्डे को परिचालन के हिसाब से सुरक्षित बताया है। मंत्रालय द्वारा बयान में कहा है कि दमिश्क से अलेपो के लिए पहला विमान बुधवार को उड़ान भरेगा। एलोप हवाई अड्डे को 2012 में विद्रोहियों के हमले के बाद बंद कर दिया गया था। देश के परिवहन मंत्री अली हमोद ने कहा कि हवाई अड्डे परिचालन शुरु करने के लिए तैयार है और आने वाले दिनों में यहां से काहिरा और दमिश्क के लिए जाएंगी। सीरियाई सेना ने सोमवार को अलेपो के पश्चिमी और उत्तर-पश्चिमी ग्रामीण इलाकों में कई गांवों और कस्बों पर कब्जा करने की घोषणा की, इस प्रकार अलेपो की प्रांतीय राजधानी को सुरक्षित किया, जो बार-बार विद्रोहियों द्वारा लक्षित था। सीरियाई सेना ने एक बयान में कहा कि पश्चिमी अलेमो में सैन्य अभियान सटीक और गुणात्मक था। उन्होंने कहा कि अभियान अभी भी जारी है।



नाइजर के सांस्कृतिक केंद्र में भगदड़ मचने से 20 शरणार्थियों की मौत

महानगर संवाददाता

नई दिल्ली। अफ्रीकी देश नाइजर में भगदड़ मचने से 20 लोगों की मौत हो गई जिसमें 15 महिलाएं और पांच बच्चे शामिल है। क्षेत्रीय गवर्नर ने बताया कि हादसा सोमवार को दिफा के युवा एवं सांस्कृतिक केंद्र में एस समय हुआ जब शरणार्थियों को निशुल्क भोजन और पैसे बांटे जा रहे थे। यहां ढाई लाख से अधिक शरणाथी और विस्थापित लोग रह रहे हैं। दिफा नगर निगम के एक कर्मचारी ने बताया कि यहां खाद्य सामग्री, भोजन बनाने वाला तेल, कपड़े और पैसे बांटे जाने थे, और हजारों की



संख्या में लोग केंद्र और आसपास के क्षेत्र में इकट्ठा थे। उन्होंने बताया कि जैसे ही पहले व्यक्ति को सामान मिला,तो वहां मौजूद लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई और इसके बाद राहत सामग्री जल्दी पाने के चक्कर में महिलाएं और बच्चे धक्का मुक्की करने लगे। इस दौरान कुछ लोग जमीन में गिर गए और देखते देखते वहां भगदड़ मच गई। दिफा के गवर्नर इसा लेमीन ने अस्पताल में घायलों से मिलने के बाद कहा कि दुर्भाग्यवश,15 महिलाओं और पांच बच्चों की जान चली गई। नाइजीरिया के एक अधिकारी ने बताया कि सहायता सामग्री पूर्वोत्तर नाइजीरिया के बोर्नो के गवर्नर बाबागाना उमरा जुलूम द्वारा बंटवाई जा रही थी। सहायता कर्मियों ने मृतक आंकड़े की पुष्टि करते हुए 10 लोगों के घायल होने की जानकारी दी।

मिशन गगनयान: रूस में भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों की हार्ड ट्रेनिंग शुरू

महानगर संवाददाता

नई दिल्ली। देश की प्रतिष्ठा से जुड़ी महत्वाकांक्षी मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन गगनयान को सफलतापूर्वक अंजाम देने के लिए रूस में भारतीय वायुसेना के चार पायलट कड़ी ट्रेनिंग ले रहे हैं। रूस की प्रक्षेपण सेवा प्रदाता कंपनी ग्लावकोस्मोस ने बताया कि भारतीय वायुसेना के 4 पायलटों को अंतरिक्ष अभियान के लिए योजना के अनुसार 12 महीनों का प्रशिक्षण मास्को स्थित गागरिन रिसर्च एंड टैस्ट कॉस्मोनॉट ट्रेनिंग सेंटर में सोमवार को शुरू हुआ। गहन चयर प्रक्रिया के बाद वायुसेना के 4 पायलट अंतरिक्ष अभियान के लिए इसरो के पायलट बने हैं। भारत ने गगनयान मिशन के तहत 2022 तक अंतरिक्ष में प्रथम भारतीय को भेजने का लक्ष्य रखा है, जिसके लिए प्रशिक्षित अंतरिक्ष यात्री का चयन इन्हीं 4 पायलटों में से किया जाएगा। ग्लावकोस्मोस ने अपनी वैबसाइट पर जारी एक स्टेटमेंट में कहा कि गागरिन रिसर्च एंड टैस्ट कॉस्मोनॉट ट्रेनिंग सेंटर ने सोमवार को भारतीय प्रशिक्षुओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया।

अंतरिक्ष यात्रा के लिए दिया जाने वाला प्रशिक्षण ग्लावकोस्मोस और इसरो के बीच हुए करार के तहत शुरू हो रहा। प्रशिक्षण का अधिकांश भाग जी.सी.टी.सी. में पूरा होगा। बता दें कि पीएम नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी गगनयान परियोजना तर तेजी से काम चल रहा है। इस मानवययुक्त अंतरिक्ष उड़ान के लिए 2022 के शुरुआती महीने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। भारत रूस की मदद से इस मिशन को पूरा करने पर काम कर रहा है।

चीन में डब्ल्यूएचओ टीम का निरीक्षण शुरू

महानगर संवाददाता

बीजिंग। कोरोना वायरस के प्रकोप की रोकथाम और नियंत्रण के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन की विशेषज्ञ टीम ने सोमवार को चीन में क्षेत्रों का निरीक्षण शुरू कर दिया। चीन में अब तक 1800 लोगों की मौत हो चुकी है और 75000 से अधिक लोग संक्रमित हैं। विशेषज्ञ टीम निरीक्षण करने के लिए बीजिंग, ग्वांगडोंग प्रांत और सिचुआन जाने वाली है। एनएचसी द्वारा रविवार को एक संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें लगभग 80 लोग शामिल हुए।

इसमें संयुक्त विशेषज्ञ टीम के सदस्य और राज्य परिषद के संयुक्त रोकथाम और नियंत्रण तंत्र के प्रतिनिधि भी शामिल थे। संगोष्ठी में एनएचसी के उप निदेशक ली बिन ने उपस्थित लोगों को राष्ट्रव्यापी रोकथाम और नियंत्रण उपायों को लेकर जानकारी दी। साथ ही उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ वायरस के रोकथाम के लिए मिलकर काम करने की बात कही। राज्य परिषद के मंत्रालयों और प्रशासनों के प्रतिनिधियों ने वायरस के रोकथाम और नियंत्रण को लेकर अपने काम के बारे में जानकारी दी।

जलवायु परिवर्तन पर 1 करोड़ डॉलर खर्च करेंगे अमेजॉन के जेफ बेजोस

महानगर संवाददाता

नई दिल्ली। ऑनलाइन कंपनी अमेजॉन के संस्थापक एवं दुनिया के सबसे अमीर आदमी जेफ बेजोस ने कहा है कि वह जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने के लिए एक नया फंड लांच करेंगे और इस परियोजना के लिए एक करोड़ डॉलर खर्च करेंगे। बेजोस ने सोशल मीडिया साइट पर कहा, मुझे बेजोस अर्थ फंड को लांच करने की घोषणा करने में खुशी हो रही है। जलवायु परिवर्तन हमारी दुनिया के लिए सबसे बड़ी परेशानी है। मैं इस तरीके से जलवायु परिवर्तन के विनाशकारी प्रभाव से लड़ने के नए तरीकों का पता लगाने के लिए दोनों तरीकों से दूसरों के साथ काम करना चाहता हूं। यह वैश्विक पहल वैज्ञानिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, गैर सरकारी संगठनों को निधि देगी, इससे कोई भी प्रयास जो प्राकृतिक दुनिया को संरक्षित करने में मदद करने के लिए एक वास्तविक संभावना प्रदान करेगा।

एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में ही रहेगा पाकिस्तान, तुर्की और मलेशिया से मिला समर्थन

महानगर संवाददाता

नई दिल्ली। आतंकी फंडिंग और मनी लांड्रिंग पर नजर रखने वाली वैश्विक संस्था वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) ने इसे ग्रे लिस्ट में रखने का फैसला किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मलेशिया और तुर्की ने इस दौरान पाकिस्तान का समर्थन किया। इसके एक हिस्सा इंटरनेशनल को-ऑपरेशन रिव्यू ग्रुप (आईसीआरजी) में पाकिस्तान के मुद्दे पर चर्चा हुई। हाल ही में एफएटीएफ ने पाकिस्तान नाम लिए बिना चेतावनी दी थी। एफएटीएफ ने कहा कि दुनिया के कुछ देश अब भी अवैध तरीकों से जुटाई गई राशि के जरिए आतंकी संगठनों का समर्थन कर रहे हैं। इससे पहले एफएटीएफ ने सोमवार को कहा कि संस्था द्वारा आतंक के वित्त पोषण पर सख्ती के बावजूद गैरकानूनी गतिविधियों और दुनिया भर में समर्थकों से जुटाए गए धन से कई आतंकवादी समूहों को अभी भी फायदा मिल रहा है। इस बारे में भारत का कहना है कि पाकिस्तान लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी), जैश-ए-मोहम्मद (जेएम) और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे आतंकवादी समूहों को नियमित रूप से समर्थन प्रदान करता है, जिनका मुख्य निशाना भारत है।

कबीर सिंह जैसा किरदार निभाना चाहते हैं वरुण धवन



बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन सिल्वर स्क्रीन पर कबीर सिंह जैसा किरदार निभाना चाहते हैं। वरुण धवन की पिछली फिल्म 'स्ट्रीट डांसर 3डी' को दर्शकों का पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला है। वरुण हाल ही में फिल्मफेयर अवॉर्ड्स 2020 में नजर आए जहां उन्होंने अपनी आने वाली फिल्मों पर बात की। सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के अवॉर्ड पर वरुण ने कहा कि वह 'गली बॉय' के लिए रणवीर सिंह और 'कबीर सिंह' के लिए शाहिद कपूर के बारे में सोच रहे थे। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह भी कबीर सिंह जैसा रोल निभाना चाहेंगे तो वरुण ने कहा कि यह अलग कैरेक्टर है और यदि मौका मिला तो क्यों नहीं करेंगे। यह स्क्रिप्ट और डायरेक्टर पर निर्भर करता है। वरुण धवन ने अपनी आने वाली फिल्मों की चर्चा करते हुये कहा, कुली नं 1 आ रही है। इसके बाद एक फिल्म शशांक खेतान के साथ है। फिर एक फिल्म श्रीराम राघवन के साथ कर रहा हूं। राघवन की फिल्म के बारे में ज्यादा बोल नहीं सकता क्योंकि वह सब्जेक्ट को लेकर काफी सीक्रेट रहते हैं। मैं उनके साथ काम करने को लेकर बेहद उत्साहित हूं।

'मलंग' की सफलता से खुश हैं आदित्य रॉय कपूर



बॉलीवुड अभिनेता आदित्य राय कपूर फिल्म मलंग की सफलता से काफी खुश हैं। आदित्य रॉय कपूर की फिल्म मलंग हाल ही में प्रदर्शित हुयी है जिसने बॉक्स ऑफिस पर करीब 50 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। आदित्य इस फिल्म में ग्रे रोल में नजर आए। आदित्य रॉय कपूर ने कहा कि फिल्म की बड़ी ओपनिंग से वह खुश हैं और दर्शक उन्हें एक्शन हीरो के रूप में स्वीकार कर रहे हैं। आदित्य ने कहा कि वह एक्शन थ्रिलर देखते हुए बड़े हुए हैं और उस तरह की फिल्में करना उन्हें अच्छा लगता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि दर्शकों से मिल रही प्रतिक्रिया से भी उन्हें खुशी मिल रही थी। आदित्य रॉय कपूर इस साल 'लूडो' और 'सड़क 2' में भी दिखाई देंगे।

बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे पंकज मल्लिक

पुण्यतिथि 19 फरवरी

पंकज मल्लिक को एक ऐसी बहुमुखी प्रतिभा के रूप में याद किया जाता है जिन्होंने अपने अभिनय. पार्श्वगायन और संगीत निर्देशन से बंगला फिल्मों के साथ ही हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में भी अपनी अमिट छाप छोड़ी। पंकज मल्लिक का जन्म 10 मई 1905 को कोलकाता में एक मध्यम वर्गीय बंगाली परिवार में हुआ था। उनके पिता मनमोहन मल्लिक की संगीत में गहरी रूचि थी और वह अक्सर धार्मिक कार्यक्रमों में अपना संगीत पेश किया करते थे। पंकज मल्लिक ने अपनी शिक्षा



कोलकाता के मशहूर स्काटिश चर्च कॉलेज से पूरी की। घर में संगीत का माहौल रहने के कारण पंकज मल्लिक का रूझान भी संगीत की ओर हो गया और वह संगीतकार बनने का सपना देखने लगे। पिता ने संगीत के प्रति बढ़ते रूझान को पहचान लिया और उन्हें इस राह पर चलने के लिये प्रेरित किया। उन्होंने दुर्गा दास बंधोपाध्याय और रवीन्द्र नाथ टैगोर के रिश्तेदार धीरेन्द्र नाथ टैगोर से संगीत की शिक्षा ली। वर्ष 1926 में महज 18 वर्ष की उम्र में कोलकाता की मशहूर कंपनी .वीडियोफोन. के लिये रवीन्द्र नाथ टैगोर के गीत.नीमचे आज प्रथोम बदल. के लिये पंकज मल्लिक को संगीत देने का अवसर मिला।बाद में उन्होंने टैगोर के कई गीतों के लिये संगीत निर्देशन किया। पंकज मल्लिक ने अपने कैरियर की शुरूआत कोलकाता के इंडियन ब्राडकास्टिंग कंपनी से की। वह बाद में वह कई वर्षो तक ऑल इंडिया रेडियो से भी जुड़े रहे। वर्ष 1933 में पंकज मल्लिक .न्यू थियेटर से जुड़ गये जहां उन्हें फिल्म .यहूदी की लड़की.में संगीत निर्देशन का मौका मिला। न्यू थियेटर में उनकी मुलाकात प्रसिद्ध संगीतकार आर.सी.बोराल से हुयी जिनके साथ उन्होंने धूप छांव.प्रेसिडेंट. मंजिल और करोड़पति जैसी कई सफल फिल्मों में बेमिसाल संगीत दिया। वर्ष 1936 में प्रदर्शित फिल्म.देवदास.बतौर संगीत निर्देशक पंकज मल्लिक के सिने करियर की महत्वपूर्ण फिल्म साबित हुयी। शरतचंद्र चटो्पाध्याय के उपन्यास पर आधारित इस फिल्म में कुंदन लाल सहगल ने मुख्य भूमिका निभाई थी।पी.सी.बरूआ के निर्देशन में बनी इस फिल्म में भी पंकज मल्लिक को एक बार फिर से आर.सी.बोराल के साथ काम करने का अवसर मिला। फिल्म और संगीत की सफलता के साथ हीं पंकज मल्लिक बतौर संगीतकार फिल्म इंडस्ट्री में स्थापित हो गये। सहगल उनके प्रिय अभिनेता और पार्श्वगायक हो गये । बाद में पंकज मल्लिक ने कई फिल्मों में सहगल के गाये गीतों के लिये संगीत निर्देशन किया। पंकज मल्लिक ने संगीत निर्देशन और पार्श्वगायन के अलावा कुछ फिल्मों में अभिनय भी किया। इनमें मुक्ति.अधिकार.रंजन आंधी. अलोछाया.डॉक्टर.और नर्तकी.जैसी फिल्में प्रमुख है। इन सबके साथ हीं पंकज मल्लिक ने कई किताबें भी लिखी । इनमें गीत वाल्मीकि. स्वर लिपिका.गीत मंजरी और महिषासुर मर्दनी.शामिल है। पंकज मल्लिक ने टैगोर रचित कई कविताओं के लिये भी संगीत दिया। पंकज मल्लिक के गुरू रवीन्द्र नाथ टैगोर से जुड़ने का वाकया दिलचस्प है। एक बार पंकज मल्लिक को कॉलेज के किसी कार्यक्रम में टैगोर की एक कविता पर संगीत निर्देशन करना था। जब पंकज मल्लिक टैगोर से इस बारे में बातचीत करने पहुंचे तो उन्हें घंटो इंतजार करना पड़ा। बाद में टैगोर ने अपनी एक कविता .दिनेर शेषे घूमर देशे.पंकज मल्लिक को सुनाई और उस पर संगीत बनाने को कहा। पंकज मल्लिक ने तुंरत उस कविता पर संगीत बनाकर टैगोर को सुनाया जिसे सुनकार टैगोर काफी प्रभावित हुये और अपनी कविता पर पंकज मल्लिक को कॉलेज में संगीत देने के लिये राजी हो गये। संगीत के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान को देखते हुये पंकज मल्लिक वर्ष 1970 में भारत सरकार की ओर से पदमश्री से सम्मानित किये गये । वर्ष 1972 में फिल्म जगत के सर्वोच्च सम्मान दादा फाल्के पुरस्कार से भी पंकज मल्लिक को सम्मानित किया गया। अपने जादुई संगीत निर्देशन से श्रोताओं के बीच खास पहचान बनाने वाले यह महान संगीतकार 19 फरवरी 1978 को इस दुनिया को अलविदा कह गये।

पर्दे पर मां की भूमिका निभाकर खुश हूं: कविता घई

इंडस्ट्री में ऐसी कई अभिनेत्रियां हैं, जिन्हें %मम्मी% का टैग पसंद नहीं, लेकिन अभिनेत्री कविता घई पर्दे पर मां की भूमिका निभाकर काफी खुश हैं। कविता टेलीविजन धारावाहिक %कार्तिक पूर्णिमा% में एक मां का किरदार निभा रही हैं और इसके साथ ही वह हालिया रिलीज फिल्म



%लव आजकल 2% में भी अभिनेता कार्तिक आर्यन की मां के किरदार में नजर आ रही हैं। उन्होंने कहा, मैं इस बात से काफी खुश हूं कि मैं एक ही समय में दो अलग-अलग स्थानों में मां का किरदार निभा रही हूं। ध्यान देने वाली बात यह है कि मैं दो क्षेत्रों में कार्तिक की मां का किरदार निभा रही हूं, फिल्म %लव आजकल 2% में कार्तिक आर्यन की मां और हमारे नए शो %कार्तिक पूर्णिमा% में हर्ष नागर की मां का किरदार। मुझे इस बात की वाकई में खुशी है कि फिल्म और शो दोनों अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।



हॉलीवुड में अभी काम नहीं करना चाहती हैं दिशा पटानी

बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पटानी अभी हॉलीवुड में काम नहीं करना चाहती हैं। दिशा प्रियंका चोपड़ा की बड़ी फैन हैं। दिशा से जब पूछा गया कि क्या वह भी प्रियंका की तरह हॉलीवुड में काम करना चाहती हैं तब दिशा ने बड़ी ही बेबाकी से इस बात का जवाब दिया। दिशा ने कहा, प्रियंका ने हॉलीवुड में काफी काम किया है और हमारे देश का नाम ऊंचा किया है। मुझे वह काफी पसंद हैं क्योंकि वो भी मेरी ही तरह एक छोटे शहर से आती हैं। मुझे अभी बॉलीवुड में और मेहनत करनी है। अपने छोटे से करियर में मैंने कई बेहतरीन कलाकारों के साथ काम किया है। इतने कम समय में मुझे जो सफलता मिली है मैं उससे खुश हूं, लेकिन अभी मुझे और काम करने की जरुरत है। दिशा पटानी ने कहा, हॉलीवुड में खुद की पहचान बनाना एक बहुत ही मुश्किल काम है। मेरा कोई भी एजेंट नहीं है जो मुझे हॉलीवुड में काम दे देंगे। हॉलीवुड फिल्म के लिए ऑडिशन देना आसान नहीं होता। अभी मेरा बॉलीवुड में बढ़िया काम चल रहा है। अभी मैं और काम करना चाहती हूं। हॉलीवुड में जाने का मैंने अभी नहीं सोचा है। दिशा पटानी इन दिनों सलमान खान के साथ फिल्म राधे में काम कर रही हैं।



तापसी की अगली फिल्म होगी 'लूप लपेटा'

बॉलिवुड ऐक्ट्रेस तापसी पन्नू इस समय सफलता के सातवें आसमान पर हैं। जल्द ही उनकी फिल्म %थप्पड़% रिलीज होगी जिसके ट्रेलर को काफी पसंद किया गया है और फैन्स बेसब्री से इस फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। तापसी पन्नू की पिछली फिल्म %सांड की आंख% रिलीज हुई थी जिसके लिए उन्हें इस साल का बेस्ट ऐक्ट्रेस फीमेल क्रिटिक्स चॉइस का फिल्मफेयर अवॉर्ड भी दिया गया है। अब तापसी ने अपनी अगली फिल्म की भी घोषणा कर दी है। तापसी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर यह जानकारी दी है कि वह अब एक कॉमिडी-थ्रिलर फिल्म में काम करने जा रही हैं जिसका नाम %लूप लपेटा% होगा। यह फिल्म मशहूर जर्मन फिल्म %रन लोला रन% का अडैप्टेशन होगी। फिल्म में तापसी के ऑपोजिट ऐक्टर ताहिर राज भसीन दिखाई देंगे। तापसी ने यह न्यूज शेयर करते हुए यह भी बताया है कि यह फिल्म 29 जनवरी 2021 को रिलीज हुई है। इस फिल्म की शूटिंग अप्रैल 2020 से शुरू होगी। फिल्म को सोनी पिक्चर्स फिल्म्स इंडिया, इलिप्सिस एंटरटेनमेंट और आयुष माहेश्वरी प्रड्यूस कर रहे हैं और आकाश भाटिया इसका डायरेक्शन करेंगे।



बॉलिवुड में एंट्री को बेताब है एक और स्टार किड

शनाया कपूर, बॉलिवुड में स्टारकिड्स की फेहरिस्त में वह नया नाम है जो सिनेमाई पर्दे पर उतरने को बेताब है। शनाया %सिर्फ तुम% फेम ऐक्टर संजय कपूर की बेटी हैं। अनन्या पांडे और सुहाना खान की बेस्ट फ्रेंड शनाया इन दिनों डांस की ट्रेनिंग ले रही हैं। उन्हें सोमवार को मुंबई में डांस क्लास के बाहर स्पॉट किया गया। शनाया बांद्रा इलाके में डांस की क्लास लेने पहुंची थीं। 20 साल की शनाया बॉलिवुड पार्टियों की जान पहले ही बन चुकी हैं। वह गौरी खान की हर पार्टी में नजर आती हैं। भले ही वह रुपहले पर्दे से अभी दूर हैं, लेकिन सोशल मीडिया पर शनाया के खूब चर्चे रहते हैं। इंस्टाग्राम पर शनाया के कई फैन पेज अभी से बनकर तैयार हैं। बीते दिनों शनाया अरमान जैन की शादी में भी नजर आई थीं। तब फ्लोरल ड्रेस में सजी शनाया की तस्वीर उनके पिता संजय कपूर ने ही इंस्टाग्राम पर शेयर की थी।

मैं अलग तरह की फिल्में चुनता हूं: आयुष्मान

पर्दे पर स्पर्म डोनर से लेकर 'गे' पुरुष का किरदार निभाने वाले अभिनेता आयुष्मान खुराना का कहना है कि वे उन्हीं फिल्मों का चयन करते हैं, जो अलग तरह की होती हैं। आयुष्मान ने कहा, मेरे लिए सफलता का मापदंड



इस पर तय नहीं होता है कि किस प्रोजेक्ट ने कितने पैसे कमाए हैं। मैं एक ऐसे काम के निकाय को भी छोड़ सकता हूं, जिस पर मुझे गर्व होता है, क्योंकि मैं उन सिनेमा के लिए खड़ा होता हूं जो अलग है, जो आपको सोचने के लिए मजबूर करती है। मैं चाहता हूं कि दर्शक हमेशा सोचें कि मैं उन्हें अलग सिनेमा देने के लिए खतरा उठाता हूं। अभिनेता अपनी आगामी फिल्म 'शुभ मंगल सावधान' की रिलीज की तैयारी में लगे हैं।



डॉक्टर की भूमिका निभाना काफी शिक्षाप्रद: हिमांशु मल्होत्रा

'दिल जैसे धड़के..धड़कने दो' के अभिनेता हिमांशु मल्होत्रा को डॉक्टर की भूमिका निभाना काफी पसंद आ रहा है और वह इस भूमिका को काफी शिक्षाप्रद मानते हैं। उन्होंने इस बारे में कहा, मैं एक डॉक्टर की भूमिका निभा रहा हूं। मुझे लगता है कि यह काफी बेहतरीन है, बेहद शिक्षाप्रद और बेहद दिलचस्प। मुझे यह भी लगता है कि यह मेरे व्यक्तित्व के अनुकूल है। इसके अलावा कहीं न कहीं मेरा यह भी मानना है कि मैं साइंटिफिक और विश्लेषणात्मक हूं। कुल मिलाकर डॉक्टर की भूमिका निभाने में मुझे आनंद आ रहा है। हिमांशु की पत्नी और अभिनेत्री अमृता खान विलकर हाल ही में फिल्म 'मलंग' में नजर आईं। उनके साथ काम करने की कोई योजना? इसके जवाब में अभिनेता ने कहा, मैं उनके साथ काम करना बिल्कुल पसंद करूंगा, लेकिन मुझे लगता है कि यह एक दूर का सपना है क्योंकि मेरे ख्याल से उन्हें मेरे सामने अभिनय करने में शर्म आती है।

आईआईएमसी छात्र फीस बढ़ोतरी के विरोध में भूख हड़ताल पर बैठे

महानगर संवाददाता



नई दिल्ली। जेएनयू के बाद अब आईआईएमसी छात्र फीस वृद्धि वापस लेने की अपनी मांग को लेकर भूख हड़ताल पर बैठ गए है। छात्रों ने हाल ही में फीस जमा करने के लिए जारी नये सर्कुलर को फिर से स्थगित करने की भी मांग रखी थी, लेकिन प्रशासन ने उसे नहीं माना। इसीलिए छात्रों ने भूख हड़ताल का फैसला लिया है। आईआईएमसी के छात्र हामिद का कहना है कि संस्थान प्रशासन ने हमारी मांग और कार्यकारिणी समिति के निर्देश को नहीं मानकर हमें धोखा दिया है। हमने दिसंबर 2019 में फीस सर्कुलर को रुकवाकर अपनी आधी लड़ाई जीत ली थी। आईआईएमसी प्रशासन कार्यकारिणी समिति की तत्काल मीटिंग बुलाने पर मजबूर हुआ। छात्र पुराने फीस स्ट्रक्चर को वहनीय बनाने की उम्मीद लगाए रहे। 13 जनवरी को जारी सर्कुलर में बताया गया कि कार्यकारिणी समिति एक कमेटी का गठन करेगी जो 2 मार्च तक छात्रों के फीस से जुड़े मामले की समीक्षा कर संबंधित अधिकारी को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। इसके बाद जनसंचार संस्थान ने अचानक 10 फरवरी को फीस जमा करने का सर्कुलर जारी कर दिया। छात्रों ने प्रशासन से इस पूरे मामले में 48 घंटे के भीतर अपना पक्ष रखने का आग्रह किया, लेकिन 48 घंटे पूरा होने के बाद भी प्रशासन चुप्पी साधे बैठा रहा। छात्रों का कहना है कि संस्थान प्रशासन हमारे साथ छल कर रहा है और सभी नियम कानून को ताक पर रख कर मनमाने तौर पर फीस ले रहा है।

सीएए और एनआरसी के खिलाफ है आम आदमी पार्टी : प्रशांत किशोर

महानगर संवाददाता



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी को 2014 में सत्ता में लाने से लेकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को तीसरी बार प्रचंड जीत दिलाकर अपनी रणनीति का लोहा मनवाने वाले प्रशांत किशोर ने बिहार में संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया। इसमें उन्होंने न सिर्फ विकास पुरुष कहे जाने वाले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर खुलकर हमला बोला बल्कि आने वाले समय में बिहार को क्या दिशा देनी है उस पर भी खुलकर बात की। इन सबके बीच उन्होंने अरविंद केजरीवाल की पार्टी आम आदमी पार्टी का संशोधित नागरिकता कानून और राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर को लेकर क्या रुख है ये भी स्पष्ट किया। जब प्रशांत किशोर से पूछा गया कि केजरीवाल सीएए-एनआरसी पर क्या राय रखते हैं तो उन्होंने साफ किया कि केजरीवाल की आम आदमी पार्टी सीएए और एनआरसी के खिलाफ खड़ी है।

हर महीने दिल्ली में सुंदरकांड कराएगी आप

महानगर संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली चुनाव के दौरान जिस तरह भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच हनुमान जी को लेकर जंग छिड़ी उसके बाद अब सत्ताधारी आप पीछे हटने के मूड में नहीं है। जहां चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने तमाम टीवी चैनलों में इंटरव्यू के दौरान हनुमान चालीसा पढ़ी, वहीं अब उनकी पार्टी दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में हर महीने सुंदरकांड का पाठ कराएगी। इसकी पुष्टि खुद पार्टी के विधायक और प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने की। उन्होंने एक ट्वीट में सूचित किया कि अब हर महीने के पहले मंगलवार को सुंदर कांड का पाठ अलग-अलग इलाकों में किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने पहले सुंदरकांड पाठ का निमंत्रण भी दिल्लीवासियों को दे दिया है।

उन्होंने बताया कि आज यानी 18 फरवरी को चिराग दिल्ली के प्राचीन शिव मंदिर में शाम 4.30 बजे पहला सुंदर कांड के पाठ का आयोजन किया गया है। मंदिर चिराग दिल्ली मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 1 के नजदीक है। बता दें कि सौरभ भारद्वाज के इस पोस्ट के बाद उनके तमाम फॉलोअर्स ने उन्हें शिक्षा, संविधान सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए काम करने को कहा। लोग कह रहे हैं कि आप राजनीति बदलते-बदलते खुद ही बदल गए। लोगों ने ये भी लिखा है कि किस चक्कर में पड़ गए भाई?

केजरीवाल ने कैबिनेट सहयोगियों में किया विभागों का बंटवारा

सत्येंद्र जैन को सौंपा जल विभाग, पयार्वरण व वन विभाग और महिला व बाल विकास विभाग के प्रभार बदले गए

महानगर संवाददाता

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कैबिनेट सहयोगियों में विभागों का बंटवारा कर दिया है। तीन को छोड़कर पिछली सरकार में मंत्रियों को मिले विभागों में बड़ा बदलाव नहीं किया गया है। पिछली सरकार में अपने पास रहे इकलौते जल विभाग को इस बार केजरीवाल ने सत्येंद्र जैन को सौंप दिया है। खुद वे कोई विभाग नहीं रखेंगे। इसके अलावा पयार्वरण व वन विभाग और महिला व बाल विकास विभाग के प्रभार बदले गए हैं। उधर, सोमवार को मुख्यमंत्री समेत सभी मंत्रियों ने दिल्ली सचिवालय में अपने-अपने विभागों का कार्यभार संभाला।



देश के अन्य राज्यों में अमूमन दूसरे राज्यों के मुख्यमंत्रियों के पास विभागों की लंबी सूची होती है। यहां केजरीवाल किसी विभाग को नहीं चलाएंगे। इसकी जगह वे आपसी तालमेल, सुधार और जनता से सीधे कनेक्ट करने का काम करेंगे। उन्होंने अपने सबसे भरोसेमंद कैबिनेट सहयोगी मनीष सिसोदिया को लगातार तीसरी बार बड़ी जिम्मेदारियां दी हैं। उनके पास शिक्षा, योजना और वित्त समेत दूसरे अहम विभाग हैं। काम हल्का करने के लिए उनसे महिला व बाल विकास विभाग ले लिया गया है। लगातार तीसरी बार मंत्री बने सत्येंद्र जैन को जल विभाग देकर केजरीवाल ने अतिरिक्त भरोसा जताया है। आम लोगों की जिंदगी पर सीधा असर डालने वाले ऊर्जा, स्वास्थ्य विभाग, पीडब्ल्यूडी का प्रभार भी जैन के पास है। यानी मुफ्त व सस्ती बिजली और मुफ्त पानी से जुड़े दोनों विभागों का प्रभार उन्हीं के पास है। मुख्यमंत्री ने इस बार गोपाल राय को पर्यावरण व वन विभाग की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी है। वह पिछली सरकार की तरह विकास, श्रम एवं रोजगार का जिम्मा भी संभालेंगे। परिवहन विभाग के साथ कैलाश गहलोत के पास कानून व गृह जैसे विभाग हैं। इमरान हुसैन के पास पिछली सरकार जितने विभागों का ही प्रभार है। वहीं, राजेंद्र पाल गौतम को महिला व बाल विकास विभाग की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है।

इन मंत्रियों को मिला यह विभाग

मनीष सिसोदिया: उपमुख्यमंत्री, शिक्षा, वित्त एवं योजना, सतर्कता, सेवा, कला एवं संस्कृति, पर्यटन, भूमि एवं भवन। इसके अलावा वे सभी विभाग, जो किसी मंत्री को आवंटित नहीं हैं।

सत्येंद्र जैन: जल विभाग, ऊर्जा, स्वास्थ्य, लोक निर्माण विभाग, उद्योग, गृह, शहरी विकास, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण।

गोपाल राय: पर्यावरण व वन, श्रम एवं रोजगार, विकास, सामान्य प्रशासन।

कैलाश गहलोत: परिवहन, कानून, प्रशासनिक सुधार, सूचना प्रौद्योगिकी, राजस्व।

राजेंद्र पाल गौतम: गुरुद्वारा चुनाव, समाज कल्याण, सहकारिता, एससी-एसटी, महिला व बाल विकास।

इमरान हुसैन: खाद्य आपूर्ति, चुनाव।

सड़क हादसे में घायल युवक की मौत, लगाया जाम

महानगर संवाददाता



नोएडा। बीते शनिवार को सेक्टर-100 स्थित लोटस बुलवर्ड सोसाइटी के बाहर सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक की उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। मामले की जानकारी होने पर लोगों ने सोसाइटी के बाहर सड़क पर जाम लगा दिया। सुबह 8 बजे से करीब घंटे चले तक प्रदर्शन के दौरान लोगों ने स्पीड ब्रेकर, बैरियर और सीसीटीवी कैमरे लगवाने की मांग की। मौके पर पहुंची पुलिस ने मांगों को पूरा कराने का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया।

मूलरूप से हरदोई निवासी मोनू सोसाइटी में गाड़ी साफ करने का काम करता था। 15 फरवरी को सोसाइटी के बाहर तेज रफ्तार वाहन ने उसे कुचल दिया था। गंभीर हालत में उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सोमवार को उसकी उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। मामले की जानकारी होने पर सुबह करीब 8 बजे सैकड़ों की संख्या में लोग सोसाइटी के बाहर जमा हो गए और सड़क पर जाम लगाकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। सड़क पर जाम लगने से वाहन चालकों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जाम लगाने वाले लोगों का कहना था कि रेड लाइट पर स्पीड ब्रेकर नहीं होने के कारण वाहन ओवर स्पीड में चलते हैं। इस कारण सड़क पार करने में हादसे का खतरा बना रहता है। लोगों ने रेड लाइट के पास स्पीड ब्रेकर, सीसीटीवी कैमरे और बैरियर लगाने की मांग की। एसीपी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में मौत के बाद लोगों ने जाम लगाया था। बाद में पुलिस ने समझाकर लोगों को शांत किया और जाम खुलवाया। उन्होंने बताया कि लोगों की ट्रैफिक व्यवस्था से संबंधित कुछ मांगे थीं, जिन्हें अमल में लाया जाएगा।

पुलिस ने जामिया मामले में चार्जशीट दाखिल की

शरजील इमाम और पीएफआई को हिंसा भड़काने का आरोपी बनाया

महानगर संवाददाता

नई दिल्ली। संशोधित नागरिकता कानून(सीएए) के विरोध में न्यू फ्रैंड्स कॉलोनी में पिछले साल 15 दिसंबर को हुई हिंसा के मामले में पुलिस ने साकेत कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी। दिल्ली पुलिस ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के छात्र शरजील इमाम के अलावा पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) को हिंसा भड़काने का आरोप बनाया है। पुलिस ने आईपीसी की धारा 307(हत्या की कोशिश), धारा 147(दंगा भड़काना), धारा 186 (सरकारी कर्मचारियों को काम करने से रोकना), 353 (मारपीट) और धारा 427 के तहत आरोप तय किए हैं। कोर्ट को सौंपी चार्जशीट में हिंसा के दिन के सीसीटीवी फुटेज, कॉल डिटेल और 100 से ज्यादा गवाहों के बयान हैं। चार्जशीट के मुताबिक, हिंसा के दौरान 3.2 मिमी कैलिबर की पिस्टल की गोली का खाली काट्रिज भी मिला है।



अब तक जामिया हिंसा मामले में 17 की गिरफ्तारी

अब तक इस मामले में 17 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। इसमें से 9 न्यू फ्रैंड्स कॉलोनी और 8 जामिया नगर के हैं। हालांकि, चार्जशीट में जामिया मिलिया विश्वविद्यालय के किसी छात्र का नाम नहीं है। शरजील को पिछले महीने 28 जनवरी को राष्ट्रद्रोह के मामले में बिहार से गिरफ्तार किया गया था। उस पर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में भड़काऊ भाषण देने के मामले में दिल्ली, असम, बिहार, अरुणाचल प्रदेश समेत कई और राज्यों में मामला दर्ज है। इस बीच, सोमवार को दिल्ली की अदालत ने न्यू फ्रैंड्स कॉलोनी हिंसा मामले में जेएनयू के इस छात्र को एक दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा था। मंगलवार को कोर्ट ने उसकी हिरासत की अवधि 3 मार्च तक बढ़ा दी।

जामिया मामले में अब तक आए 4 वीडियो, असली-नकली की जांच करेगी एसआईटी

महानगर संवाददाता

नई दिल्ली। जामिया में हुई हिंसा का मामला सुलझने के बजाए उलझता दिख रहा है। कौन सही और कौन गलत इसे लेकर पूरा मामला गर्माया हुआ है। एक के बाद एक हिंसा से जुड़े नए वीडियो लगातार सामने आ रहे हैं। जहां एक तरफ छात्र और राजनीतिक दल के नेता लाइब्रेरी में घुसकर सुरक्षा बलों द्वारा छात्रों को पीटे जाने की कार्रवाई पर निंदा कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर पुलिस ने भी खुद की आलोचना होते देख दो वीडियो फुटेज चुपचाप मीडिया में लीक कर दिए। जिनके सामने आने पर कुछ हद तक क्लीयर हुआ कि छात्रों की भूमिका भी संदिग्ध है। बहरहाल, अप्रत्यक्ष रूप से आरोप-प्रत्यारोप के बीच क्राइम ब्रांच ने पूरे मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित कर दी है। वीडियो दो महीने बाद रविवार को जामिया कॉर्डिनेशन कमेटी ने जारी किया था। सभी वीडियो को एसआईटी जोड़कर जांच कर रही है। उधर, पुलिस सूत्रों की ओर से दावा किया गया है एक



वीडियो में जो छात्र पत्थर हाथ में लिया नजर आया है, यह वही लड़का है जो पिछले दिनों में जामिया नगर इलाके में एक नाबालिग द्वारा सरेआम की गई फायरिंग की घटना में जख्मी हो गया था। जामिया में 15 दिसंबर को पुलिस द्वारा बिना इजाजत घुसने को लेकर शुरू से ही विवाद हो रहा था। उस दिन छात्रों की ओर से आरोप लगाए गए थे पुलिस कर्मियों ने उन्हें लाइब्रेरी में घुसकर बुरी तरह मारा पीटा। तब पुलिस की ओर से दावा किया गया था पुलिस अंदर दाखिल तो जरूर हुई लेकिन वह उन लोगों को पकड़ने गई थी जो हिंसक घटना में शामिल थे।

मुठभेड़ में एक मवेशी चोर को गोली लगी, दो फरार

महानगर संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। जारचा थाना क्षेत्र में पुलिस और मवेशी चोरों में मुठभेड़ हो गई। एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसके दो साथी गच्चा देकर फरार हो गए। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मवेशी चोरी में इस्तेमाल किया जाने वाला कैंटर और तमंचा बरामद किया है। डीसीपी ग्रेटर नोएडा जोन राजेश कुमार सिंह ने बताया कि रविवार रात चौना बार्डर पर चेकिंग के दौरान आरोपी पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए भाग निकले। घटना की सूचना मिलने के बाद जारचा थाना पुलिस अलर्ट हो गई और पुलिस ने नरौली चौराहे पर बदमाशों को घेर लिया। इस दौरान बदमाशों ने फिर से फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में दो गोली जा लगीं, जबकि उसके दो साथी कैंटर से कूदकर भाग गए। पकड़े गए बदमाश की पहचान परवेज उर्फ भूरा निवासी गाजियाबाद के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ जारचा क्षेत्र में भैंस चोरी करने के इरादे से आया था। आरोपी पर गाजियाबाद, हापुड़ आदि जिले में कई केस दर्ज हैं। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

ग्रेनो वेस्ट के खैरपुर गांव से दूसरे शहरों के लिए भी उड़ान भरेंगे हेलीकॉप्टर



महानगर संवाददाता

नाएडा। नोएडा-ग्रेटर नोएडा के निवासी ग्रेनो वेस्ट के खैरपुर गुर्जर गांव से हरिद्वार, मथुरा, आगरा, जयपुर, उदयपुर के लिए हेलीकॉप्टर उड़ान भर सकेंगे। हालांकि, अभी उनकी यात्रा महंगी पड़ेगी लेकिन भविष्य में कंपनी सरकार के साथ मिलकर शटल सेवा शुरू करने की तैयारी कर रही है। शटल सेवा शुरू होने के बाद सफर पहले से सस्ता हो जाएगा।

वहीं यहां पर उड्डयन से संबंधित तीन माह से तीन साल के कोर्स और प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। खैरपुर गुर्जर गांव निवासी सुनील खारी की जमीन पर प्रभु हेलीपैड सर्विस कंपनी ने हेलीपैड और सर्विस व ट्रेनिंग सेंटर बनाया गया है। पिछले सप्ताह कंपनी ने यहां से हेलीकॉप्टर की उड़ान भरना शुरू कर दिया है। लोग यहां से जयपुर, उदयपुर, हरिद्वार, मथुरा, आगरा जा सकते हैं।

फिलहाल तीन हेलीकॉप्टर उपलब्ध है। जो तीन, चार और पांच सीट के हैं। कंपनी ने अभी चार्टेड सेवा शुरू की गई है। सफर करने वालों को 1 घंटे के 75 हजार रुपये चुकाने होंगे। अगर किसी को मथुरा जाना है तो यात्रा का कुल खर्च तीन से साढ़े तीन लाख रुपये आएगा। पर्यटन स्थल की यात्रा के लिए कंपनी ने उदयपुर और हरिद्वार में अपने हेलीपैड बनाए है। जबकि, अन्य जगह पर दूसरी कंपनियों के साथ करार किया है। कंपनी के अफसरों का कहना है कि अप्रैल माह से चार धाम यात्रा भी शुरू कर दी जाएगी। हिमकुंड तक हेलीकॉप्टर जाएंगे।

शटल सेवा शुरू होने पर सस्ता होगा सफर

कंपनी प्रदेश और केंद्र सरकार के साथ मिलकर हेलीकॉप्टर की शटल सेवा शुरू करने की तैयार कर रही है। अयोध्या की यात्रा कराने के लिए कंपनी प्रदेश सरकार से बातचीत कर रही है। सरकार की सहमति मिलने के बाद शटल सेवा शुरू होगी। उसके बाद सभी जगह का सफर काफी सस्ता हो जाएगा। दिल्ली एयरपोर्ट के लिए भी कंपनी सेवा देने पर काम करेगी।

प्राधिकरण की योजना नहीं चढ़ी सकी परवान

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के पास हेलीपोर्ट बनाने की योजना तैयार की थी। हेलीपोर्ट बनाने के बाद तीर्थ स्थानों के लिए हेलीकॉप्टर सेवा शुरू होनी थी, लेकिन यह योजना परवान नहीं चढ़ सकी। प्राधिकरण की जगह एक निजी कंपनी ने तीर्थ स्थानों के लिए हवाई यात्रा शुरू की है। खैरपुर गुर्जर गांव में हेलीपैड बनने के बाद से ग्रामीण रोमांचित हैं। दिन भर लोग हेलीपैड और हेलीकॉप्टर देखने पहुंच रहे हैं। हेलीपैड बनने की सूचना मिलने पर आसपास के ग्रामीण भी वहां पहुंच रहे हैं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय से एनओसी लेने के बाद गांव में हेलीपैड बनाया गया है।

गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने पाकिस्तान शरणार्थियों को नागरिकता देने की मांग की

महानगर संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से पाकिस्तान से आए सिख शरणार्थियों को तत्काल प्रभाव से नागरिकता देने की मांग की है। मांग को लेकर जल्द ही एक प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय गृह मंत्री से भी मिलेगा। प्रबंधक कमेटी का कहना है कि गुरुद्वारा मजनू का टीला के दक्षिण छोर पर झुग्गी झोंपड़ी में रह रहे पाकिस्तानी हिन्दू सिख शरणार्थी बड़ी संख्या में रह रहे है। वह कई सुविधाओं से वंचित है।

गुरुद्वारा मजनू का टीला में एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि करीब 60 परिवार पाकिस्तान से नई दिल्ली पहुंचे हैं। इस समय लगभग 160 शरणार्थी परिवार भारतीय नागरिकता की आशा में है। शरणार्थी परिवारों के काफी सदस्य व्यवसायिक तौर पर कुशल पेशेवर हैं। वह अपनी सेवाओं के माध्यम से देश के विकास और अर्थवव्यवस्था में योगदान देना चाहते हैं।

सिरसा ने कहा कि उन्हें (शरणार्थियों) प्राथमिकता के आधार पर नागरिकता प्रदान देने की आवश्यकता है। शरणार्थी परिवारों के सदस्यों को देश के विभिन्न हिस्सों में आने जाने की खुली छूट होनी चाहिए तांकि वह रोजगार, शिक्षा के लिए देश के बाकी हिस्सों में बस सकें।

हुड़दंग मचाते कार सवारों का वीडियो वायरल

फरीदाबाद। राष्ट्रीय राजमार्ग के बीचों बीच तेज आवाज में गाने चलाकर हुड़दंग मचाते युवकों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो राजमार्ग पर किस जगह का है, यह स्पष्ट नहीं है। युवकों को देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि वे किसी बड़े स्कूल के 12वीं कक्षा के छात्र हैं और फेयरवेल होने के बाद गाड़ियां लेकर निकले हैं। वीडियो बनाने वाले ने उनमें से एक गाड़ी का नंबर नोट कर उसे फरीदाबाद यातायात पुलिस को कार्रवाई के लिए ट्वीट भी किया है। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि एक तीन अलग-अलग गाड़ियों को राजमार्ग के बीचों बीच खड़ी कर तेज आवाज में गाने चलाकर नाच रहे हैं। इनमें दो गाड़ियों पर तो युवा उसकी छत पर खड़े हैं, जिससे किसी भी तरह का हादसा होने का डर बना हुआ था। इस दौरान अचानक एक गाड़ी के चलने से उस पर खड़े छात्र गिरने से बाल बाल बचे। छात्रों की इस हरकत से राजमार्ग पर जाम की स्थिति बन गई और वाहन धीरे-धीरे चल रहे थे। यातायात पुलिस को ट्वीट किए जाने के बावजूद अभी तक उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि यह वीडियो 8 फरवरी का है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो सका कि यह राजमार्ग पर किस जगह का है।

दो हिस्सों में बंटी कैफियत एक्सप्रेस

महानगर संवाददाता

गाजियाबाद। पुरानी दिल्ली से चलकर आजमगढ़ जाने वाली कैफियत एक्सप्रेस (12226) सोमवार रात गाजियाबाद स्टेशन पर दो हिस्सों में बंट गई। प्लेटफार्म नंबर-2 से ट्रेन जैसे ही आगे बढ़ी दो कोच अलग-अलग हो गए। लोको पायलट ने ट्रेन रोकी और अधिकारियों को सूचना दी। इसके बाद ट्रेन को रोककर उसकी कपलिंग को जोड़ा गया। करीब 50 मिनट बाद ट्रेन को आगे रवाना किया जा सका। कपलिंग टूटने से लगे झटके की वजह से यात्रियों में हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि ट्रेन की रफ्तार ज्यादा नहीं थी, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। कैफियत एक्सप्रेस दिल्ली से चलकर सोमवार रात 7:57 बजे पुराना गाजियाबाद स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-2 पर आई थी। इस ट्रेन का यहां दो मिनट का स्टॉप था। स्टॉपेज के बाद जैसे ही ट्रेन आगे बढ़ी कोच संख्या संख्या एस-9 और एस-10 के बीच लगी कपलिंग टूट गई। तेज झटके के साथ ट्रेन दो हिस्सों में बंट गई। कपलिंग टूटते लोको पायलट को इसकी जानकारी मिल गई। प्रेशर पाइप टूट जाने से प्रेशर रिलीज हो गया। झटके से दहशत में आए यात्रियों ने शोर मचा दिया।

इग्नू का 33वां दीक्षांत समारोह

बौद्ध दर्शन के शून्यवाद पर टिका है पश्चिम का उत्तर आधुनिकता का सिद्धांत: निशंक

महानगर संवाददाता

नई दिल्ली। मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने इग्नू के 33वें दीक्षांत समारोह में कहा कि हिंदी स्वाधीनता आंदोलन रूपी रथ की सारथी थी। हमें यह बात नहीं भूलनी चाहिए कि जिन महापुरुषों ने स्वाधीनता आंदोलन के दिनों में हिंदी को राष्ट्रभाषा कहा और माना था, उनमें से अधिकतर की मातृभाषा हिंदी नहीं थी।



उन्होंने देश के लिए हिंदी को राष्ट्रभाषा माना था। हिंदी का विकास स्वाधीनता आंदोलन के साथ हुआ था। इस प्रकार यह वंचना के विरुद्ध संघर्ष व स्वाधीनता की भाषा है। संस्कृत से प्राचीन व वैज्ञानिक भाषा कोई दूसरी नहीं है। पाणिनी के व्याकरण पर पूरा पश्चिम मोहित है और हम भूले हुए हैं। वाल्मीकि और कालिदास का समतुल्य कोई दूसरा सर्जक पूरी दुनिया में नहीं है। बौद्ध दर्शन के शून्यवाद पर पश्चिम का उत्तरआधुनिकता का सिद्धांत टिका है। उन्होंने वहीं से प्रेरणा ग्रहण की है। इसलिए हमें हिंदी और संस्कृत का महत्व समझना ही होगा। दिल्ली स्थित इग्नू मुख्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में इससे पहले मानव संसाधन विकास मंत्री ने मुख्यालय समेत 56 रिजनल सेंटर में दो लाख से अधिक छात्रों को यूजी, पीजी व पीएचडी डिग्री, डिप्लोमा व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। निशंक ने पचास उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को गोल्ड मेडल भी दिए। इससे पहले कुलपति प्रो. नागेश्वर राव ने विश्वविद्यालय की योजनाओं की जानकारी दी। इसमें ऑनलाइन डिग्री प्रोग्राम की पढ़ाई शुरू करना था। उन्होंने कहा कि कोर्स व पाठ्यक्रम ऐसे ढंग से तैयार किए जा रहे हैं।

मिर्ची गैंग ने लूटी थी ग्रेनो वेस्ट में कारोबारी की स्कोर्पियो

महानगर संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। गौरव चंदेल की हत्या के बाद से कई जिलों की पुलिस मिर्ची गैंग के सरगना आशु जाट उर्फ प्रवीण और उसके गिरोह के बदमाशों को तलाश रही है। बावजूद इसके, मिर्ची गैंग का सरगना बिसरख कोतवाली पुलिस को चुनौती देने का दुस्साहस दिखा रहा है। गौरव चंदेल की हत्या के लगभग 25 दिन बाद एक बार आशु जाट ग्रेनो वेस्ट में आया और अपने दो साथियों के साथ बिल्डिंग मैटेरियल का कारोबार करने वाले युवक को बंधक बनाकर स्कॉर्पियो लूट ली।

व्यापारी का कत्ल करने निकले छह सुपारी किलर धरे

महानगर संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। बिसरख कोतवाली क्षेत्र में एसटीएफ की नोएडा यूनिट ने मुठभेड़ में गाजियाबाद के कपड़ा व्यापारी की हत्या की सुपारी लेने वाले छह बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से दो वाहन व हथियार बरामद किए गए हैं। पकड़े गए बदमाशों पर एक दर्जन से अधिक केस दर्ज हैं। गिरोह का सरगना मेरठ के परीक्षितगढ़ निवासी कर्नल गिरी है। उसने अपने साथी सुनील राठी के साथ वर्ष 2011 में रुड़की के जेलर की हत्या की थी। आरोपी गैंगस्टर अनिल दुजाना के संपर्क में है। अन्य बदमाशों की पहचान जहांगीपुर बुलंदशहर के रोहित परमार, हरियाणा फरीदाबाद का श्यामसुंदर, परीक्षितगढ़ का रोहित, ककोड़ बुलंदशहर का रिंकू भाटी और मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना निवासी विनोद के रूप में हुई।

एएसपी एसटीएफ राजकुमार मिश्रा ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि गाजियाबाद के एक कपड़ा व्यापारी की कुछ बदमाशों ने सुपारी ली है। बदमाश व्यापारी के बिसरख क्षेत्र से गुजरने की भनक लगने पर हत्या के इरादे से आए थे। टीम ने बिसरख कोतवाली पुलिस के साथ बदमाशों की घेराबंदी शुरू की। बदमाशों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों ने पूछताछ सुपारी लेकर हत्या के लिए आने की बात स्वीकार की। उन्होंने यह भी बताया कि वह वारदात के बाद हिमाचल प्रदेश भागने की योजना बनाकर आए थे, लेकिन इससे पहले ही टीम ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। श्यामसुंदर पर हरियाणा में 15 केस दर्ज हैं और रोहित वर्ष 2011 में आगरा से अपहरण के मामले में जेल जा चुका है।

स्वत्वाधिकारी महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशन गोपाल शर्मा द्वारा लक्ष्मी भवन, एसबीआई के पास, कोटा, राजस्थान-324088 से प्रकाशित एवं महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी-848, फेज-3, रीको सीतापुरा, जयपुर, राजस्थान से मुद्रित।
सम्पादक: गोपाल शर्मा, कार्यकारी संपादक: जिज्ञासु शर्मा*। फोन: 0141-2741076, 9540566302* पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। आरएनआई नं.: RAJHIN/2013/51952 e-mail : mahanagarmarketing@gmail.com